# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 1 जुलाई 2024











1 केदारनाथ में एवलांच से हड़कंप



2 सूरत में पीने के पानी की जुगाड़



3 झारखंड के गिरिडीह में पुल गिरा



4 हरिद्वार में 8 कारें बह गईं



प्रदेश में औसतन अधिकतम पारा करीब 3 डिग्री तक गिरने से गर्मी से राहत रही, लेकिन उमस बढ़ी

# चार सिस्टमों का असर, कहीं तेज तो कहीं मध्यम बारिश, आज आधा दर्जन जिलों में 'यलो अलर्ट'

भोपाल में महीने के अंतिम दिन सबसे कम पारा, औसतन 3 डिग्री तक गिरावट

जुलाई के दूसरे सप्ताह में बढ़ेगी बारिश की रफ्तार, पहला सप्ताह रहेगा सामान्य वर्षा का

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश की गतिविधियां जारी हैं। इससे तापमान में भी बदलाव दर्ज किया गया है। रविवार को राजधानी में इस साल के जून महीने का सबसे कम दिन का तापमान रहा।

पारा 2.2 डिग्री गिरकर 30.2 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.4 डिग्री कम है। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियों और तेज से मध्यम हवाओं के बीच तापमान में तेजी से कमी आई है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा करीब 3 डिग्री तक गिरने से गर्मी से राहत रही, लेकिन उमस परेशान करती रही। सबसे अधिक गिरावट नौगांव में 5 डिग्री की रही। यहां पारा 28 डिग्री रहा। शिवपुरी, खजुराहो, उमरिया में 4, दमोह, जबलपुर, मंडला, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़ सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में पारा 2 से 3 डिग्री तक गिरकर ▶▶शेष पेज 4 पर



बावड़िया कला में शाम 6:45 बजे छाई काली घटा

## भोपाल सहित आधे प्रदेश में सामान्य बारिश

बारिश और रफ्तार पकड़ेगी

सोमवार को भोपाल सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से सामान्य बारिश हो सकती है। इनमें प्रमुख रुप से सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना आदि जिले शामिल हैं। इसके अलावा शहडोल, उमरिया, नरिसंहपुर, पन्ना, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्ना आदि जिलों में भी सामान्य बारिश हो सकती है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी मानसून की उत्तरी सीमा जैसलमेर, चुरू, हिसार, करनाल, जालंधर, तरन-तारन से होकर गुजर रही है। इसके अलावा पूर्वी झारखंड के ऊपर एक साईक्लोनिक सकुर्लेशन बना है। वहीं, दक्षिणी गुजरात तट से लगे उत्तर-पूर्व अरब सागर से लेकर मध्य देश के ऊपर साईक्लोनिक सकुर्लेशन भी सक्रिय है। उत्तरी गुजरात के ऊपर भी एक सकुर्लेशन बना है। कच्छ से लगे दक्षिण पूर्व पाकिस्तान के ऊपर ▶▶शेष पेज 4 पर

केदारनाथ में दर्शन को आए श्रद्धालु डटे रहे

## केदारनाथ में एवलांच तो हरिद्वार में बहीं कारें

गिरिडीह जिले में मानसून की पहली बारिश में ही एक निर्माणाधीन पुल गिर गया

**नई दिल्ली।** देशभर में जारी बारिश के बीच रविवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास एवलांच आया। मंदिर के पीछे पहाड़ी पर सुबह 5 बजे गांधी सरोवर के ऊपर बर्फ का बड़ा हिस्सा सरक गया। हालांकि, इसमें जान माल का नुकसान नहीं हुआ। इससे पहले उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार को गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से 8 कारें बह गई थीं। दूसरी तरफ, झारखंड के गिरिडीह जिले में मानसून की पहली बारिश में ही एक निर्माणाधीन पुल गिर ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 09 भी

## भारत में 1,04,561 नस्ल के जीव-जंतु



**नई दिल्ली।** भारत में जीव-जंतुओं की पहली सूची तैयार की गई है। सूची में 1,04,561 नस्ल के जीव जंतुओं की जानकारी है। ऐसा काम करने वाला भारत, दुनिया का पहला देश बना है। कोलकाता स्थित भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के 109वें स्थापना दिवस पर सूची के पोर्टल की शुरुआत की गई।

*सीएम डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने पार्वती-काली सिंध चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना की आधारशिला रखी*

# बोले यादव -अब पानी की एक एक बूंद का मप्र और राजस्थान में उपयोग होगा

सीएम यादव ने कहा कि छोटे-छोटे इश्यू को लेकर दोनों राज्य लगभग 20 साल से बिना बात के उलझे रहे। यह हम मानते हैं कि राज्यों के अपने कुछ हित होते हैं, लेकिन, देश हित से बड़ा कोई हित नहीं हो सकता है।

**राजस्थान के सीएम बोले-** खाटूश्याम से महाकाल तक का कॉरिडोर बने, भगवान श्रीकृष्ण के भी राजस्थान होते हुए उज्जैन जाने का पाथ-वे बनाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पानी की एक-एक बूंद का अब मध्यप्रदेश और राजस्थान में उपयोग होने वाला है। दोनो राज्यों की सीमा के 13-13 जिलों को पेयजल और किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी मिलेगा। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सीएम डॉ. मोहन यादव ने यह बात रविवार को कही। उन्होने राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा के साथ संयुक्त रूप से पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना के कार्यान्वयन की आधारशिला रखी।

सीएम ने कहा कि छोटे-छोटे इश्यू को लेकर दोनों राज्य लगभग 20 साल से बिना बात के उलझे रहे। यह हम मानते हैं कि राज्यों के अपने कुछ हित होते हैं, लेकिन देश हित से बड़ा कोई हित नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री की यह सोच रही है कि ▶▶शेष पेज 4 पर

## सीएम यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश-राजस्थान तो भाई-भाई जैसे

दोनों राज्यों की सीमा के 13-13 जिलों को पेयजल और किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी मिलेगा

प्रधानमंत्री की यह सोच रही है कि राज्य अपने मसलों को सुलझाएं



सीएम यादव एवं सीएम शर्मा ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में अंतर्राज्यीय नदी लिंक परियोजना का शुभारंभ किया

## रणथंभौर के टाइगर की सुरक्षा हम करेंगे

सीएम डॉ. यादव बोले कि कई विषयों को लेकर दोनों राज्यों को साथ साथ चलना है। मान लो रणथंभौर का टाइगर अगर घूमते हुए हमारे यहां आ जाता है तो हम ढूंढते हैं कि ये कहां से आ गया? ऐसे ही चीते की बात करें तो हमारा चीता आपके यहां पहुंच जाता है। हमारे चीते की चिंता आप करो, आपके टाइगर की सुरक्षा हम करेंगे। दोनो राज्यों की सीमाओं में वन्यजीवों के आने जाने का रास्ता विकसित करेंगे।

**औद्योगिक रूप से दोनों राज्यों में बड़ी संभावनाएं:** दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने कहा कि ई-व्हीकल में एमपी-राजस्थान बड़ी संभावनाएं देख रहे हैं। रोजगार की दृष्टि से भी साथ साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। मंदसौर-नीमच अफीम उत्पादक क्षेत्र है। डोडा ▶▶शेष पेज 4 पर

### *शर्मा ने कहा दोनों राज्य मिलकर इस परियोजना को आगे बढ़ाएंगे*

*परियोजना की आधारशिला रखने के बाद दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा ने कहा कि एमपी-राजस्थान दोनों ऐसे प्रदेश हैं जिनके पास जमीन है लेकिन सिंचाई के साधन कम थे। ये योजना ऐसी है कि दोनों राज्य मिलकर इसे आगे बढ़ाएंगे। मध्य प्रदेश और राजस्थान की यह योजना इतनी बड़ी है कि राजस्थान के लगभग 13 जिले इसमें आ रहे हैं, और करीब मध्य प्रदेश के भी इतने ही जिले इसमें आते हैं। ऐसे चंबल निकलती है वह दोनों क्षेत्र राजस्थान और मध्य प्रदेश के आसपास है। चंबल घड़ियाल अभयारण्य को लेकर दोनों क्षेत्रों में प्रयास किया जा सकता है। इसी तरह भगवान कृष्ण राजस्थान से होते हुए मध्यप्रदेश के उज्जैन में गुरु आश्रम में पढ़ने आए थे। जैसे भगवान राम श्रीलंका गए थे तो उनका पाथ-वे बना। इसी तरह भगवान श्रीकृष्ण के भी राजस्थान होते हुए उज्जैन जाने का पाथ-वे बनाना चाहिए।*

## ग्वालियर के चिड़ियाघर में 3 शावकों का जन्म



### जू में बाघों का कुनबा बढ़कर 9 हुआ

ग्वालियर। शहर के चिड़ियाघर में एक बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इनमें एक शावक सफेद रंग का है। चमकदार आंखों और सफेद धारियों वाला शावक बहुत आकर्षक दिखता है। इसी के साथ बाघों का कुनबा बढ़ गया है। सफेद शावक के आने से वन्यजीव प्रेमियों को भी इसकी झलक देखने को मिलेगी। नगर निगम द्वारा संचालित चिड़ियाघर में बाघों की संख्या 9 हो गई है। इनमें से छह वयस्क बाघ हैं। जिनमें चार नर हैं और दो मादा हैं।






**करीब** तीन लाख 68 हजार करोड़ रुपए का बजट होगा पास

# विधानसभा का बजट सत्र आज से, इसमें कुल '14 बैठकें' होंगी

अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने तैयारियों का लिया जायजा

कांग्रेस के हंगामे को देखते हुए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र की 16 वीं विधानसभा का तृतीय सत्र सोमवार एक जुलाई से शुरू होने जा रहा बजट सत्र 19 जुलाई तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल चौदह बैठकें होंगी। उधर, कांग्रेस पार्टी नर्सिंग घोटाले समेत अन्य कई मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा करने की तैयारी में है।

इस वजह से सत्र के हंगामेदार होने के आसार बन गए हैं। इस दौरान राज्य सरकार करीब तीन लाख 68 हजार करोड़ रुपए अधिक का बजट भी पारित कराएगी। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सत्र की ▶▶शेष पेज 4 पर



## कुल 4287 प्रश्न आए

विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी होने से लेकर अब तक में तारांकित प्रश्न 2108 एवं अतारांकित प्रश्न 2179 कुल 4287 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इसी तरह ध्यानाकर्षण की 163, स्थगन प्रस्ताव की एक तथा अशासकीय संकल्प की 27 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इसके अलावा शून्यकाल की 43 सूचनाएं भी विधानसभा सचिवालय को मिली हैं। सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने अच्छी खासी व्यवस्थाएं की है। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जा रही है।

**फिर आज** से संसद सत्र

# नीट पेपर लीक मुद्दे पर संसद में फिर छिड़ सकता है संग्राम

नीट पेपर लीक विवाद से लेकर अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा संभव



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे हफ्ते में एनडीए सरकार और विपक्ष के बीच बहस और तीखी नोकझोंक देखने को मिल सकती है। सोमवार को दोनों सदनों की बैठक फिर से शुरू होने वाली है।

इसमें नीट पेपर लीक विवाद से लेकर अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस की शुरुआत भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर करेंगे, जिसके बाद पहली बार नई दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद बनीं बांसुरी स्वराज बहस करेंगी। वहीं, लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के लिए 16 घंटे आवंटित किए हैं, जो मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब के साथ समाप्त होगा। जबकि, राज्यसभा सदन में बहस के लिए 21 घंटे आवंटित किए गए हैं और जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुधवार को जवाब देने की संभावना है। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए ली जाने वाली नीट यूजी परीक्षा 2024 में पेपर लीक समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं ▶▶शेष पेज 4 पर

Doctor's Day

# हमारे जीवन में डॉक्टर का महत्व

डॉक्टर समाज का बहुत उपयोगी सदस्य है। वह हमारी बीमारी का इलाज करता है। वह हमारी बीमारी के कारण के बारे में पता लगाता है। फिर वह हमें दवाएं देता है, वह हमें ठीक करता है। डॉक्टर बहुत व्यस्त जीवन जीते हैं। उनके पास काम के कोई निश्चित घंटे नहीं हैं। आपातकालीन स्थिति में, उन्हें आधी रात को भी रोगियों का दौरा करना पड़ता है। वह पर्याप्त आराम नहीं करते हैं और पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं। गाँव के डॉक्टर कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। कभी-कभी कोई दवा उपलब्ध नहीं होती है लेकिन फिर भी वह रोगी के जीवन को बचाने के लिए पूरी कोशिश करते हैं। डॉक्टर रोगी से प्यार करता है। वह हमेशा मुस्कुराता और मंथन करता है। वह नरम लहजे में बोलता है। लोगों में डॉक्टरों की आस्था है। डॉक्टर शैक्षणिक शीर्षक है जो किसी की योग्यता का प्रतिनिधित्व करता है। डॉक्टर का मतलब है, बीमार लोगों के इलाज के लिए एक योग्य व्यक्ति। डॉक्टर हमारे जीवन में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। डॉक्टर एक महान पेशा है। ये बहुत मेहनती और विनम्र हैं। ये अपने काम के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। ये सर्जन, कार्डियोलॉजिस्ट, दंत चिकित्सक आदि जैसे विभिन्न प्रकारों में हैं।


सेवाएं :- ओजस हॉस्पिटल

- 24x7 पैथोलॉजी
- 24x7 दवाईयां
- फिजियोथेरेपी
- मेडी क्लेम एवं टीपीए डेस्क
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- ई.एन.टी. सर्जरी
- जनरल एवं इन्टरनल मेडिसिन
- प्रसूति एवं गायनकोलॉजिस्ट विथ लेबर रूम
- पीडियाट्रिक्स एवं नियोनेटोलॉजी
- ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं स्पाईन सर्जरी
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर विथ सी-आर्म
- लैप्रोस्कोप, एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन
- 10 बेड आईसीयू एवं 6 बेड एनआईसीयू
- डिजीटल एक्स-रे (300एम.ए) एवं पोर्टेबल एक्स-रे



OJAS HOSPITAL

प्लॉट नं. -10-11, अरविन्द विहार सेन्ट्रल प्लाजा के पीछे, बागमुगलिया मेन रोड, भोपाल, (म.प्र.) -462043

PH.: 6232160222, 9074783228, 0755-4255255



Need Professional Consultation for Ear Nose Throat

Dr.Shilpi Parihar

ENT SURGEON, DNB ENT (Bombay Hospital, Mumbai)

Asst. Professor at J.K. Hospital, Bhopal

Visit us for OPD Consultation from Monday to Saturday 5:30 pm to 7 pm

- Ear Pain/ Discharge/Deafness/Tinnitus Treatment
- Sinusitis Treatment
- Vertigo Treatment
- Nasal Obstruction/Discharge/Bleeding Treatment
- Voice Change, Neck Swelling Treatment
- Tonsils and Adenoid Treatment
- Snoring & Allergy Treatment
- Eye watering ( Endoscopic DCR Surgery)

CONTACT:

+91 7489318570

+91 7354726514

Navjeevan Hospital 642 - Arvind Vihar, Main Road, Bagmugaliya, Bhopal





चर्म रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ

डॉ. पूर्वा शारदा

एम.बी.बी.एस., एम.डी. ( डर्मेटोलॉजी, वेनेरियोलॉजी एवं लेप्रोलॉजी )

त्वचा, बाल एवं नाखून संबंधित बीमारियों का इलाज



- सभी प्रकार के चर्म रोग जैसे की दाद, खाज, खुजली, एलर्जी व फोड़े-फुंसी का इलाज
- कील-मुहांसे व गड्ढों का इलाज
- सफेद दाग का इलाज
- मस्से व तिल का इलाज
- झाईयों व काले पन का इलाज
- आंखों के नीचे आए काले घेरे का उपचार
- एक्जीमा एवं सोरायसिस
- चेन रोग
- स्टेच मार्क्स हटाना
- बालों का झड़ना व डेन्ड्रफ
- गंजेपन का इलाज
- लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना
- बच्चों एवं बुजुर्गों के चर्म रोग
- नाखूनों के रोग

Personalized Skin Care Regimen

सोमवार से शनिवार

Procedures

- Laser Hair Removal (Diode)
- Dermaroller Therapy
- Microdermabrasion
- Chemical Peeling
- Mesotherapy
- PRP
- Allergy Testing
- Dermapen Therapy
- Radio Frequency Ablation
- Wart Removal
- Acne Scar Surgeries

परामर्श हेतु अपॉइन्मेंट : +91-9977085152

Clinic 1

Dr. Poorva's Skin & Hair Clinic, E-74, BDA Colony, Koh-e-fiza, Bhopal

Timing - Morning 11.00 AM to 12.30 PM & Evening 8.00 PM to 9.30 PM

Clinic 2

Sharda Hospital - 189-A, Aardhana Nagar, Kotra, Bhopal

Timing - 1.00 PM to 8.00 PM




An ISO 9001 : 2008 Certified Hospital

max care

Max Care

Children Hospital (Bhopal) Pvt. Ltd.

A Critical Care Unit



Happy DOCTOR'S DAY

Dr. Altaf Masood M.D. Paediatrics (Gold medalist) Paediatric Consultant & Intensivist

Dr. Ashwin Apte M.C.H. (Paediatrics Surgery) Paediatrics Surgeon

Dr. Shrish Shannan Jain D.C.H.

Dr. Asad Khan M.D. Paediatrics

Dr. Ajay Jain M.C.H. (Paediatrics Surgery) Paediatrics Surgeon

Dr. Sudeep Pathak M.D.



उपलब्ध सुविधाएं

116, Fatehgadh, Sultania Road, Bhopal (M.P.)

Ph.: 0755-2739310, 2740202, 2737481

Email : maxcarebhopal@gmail.com



डॉक्टर-डे की हार्दिक शुभकामनाएं

एक शुभेच्छु



विशेष स्पाईन एण्ड पेन मैनेजमेंट सेन्टर

(पेन रिलीफ सेन्टर)


Director- Dr. B. MINJ

Reg. No. MP-5597

MBBS, MD, FIPM

(Fellowship in Pain Management)

Interventional Pain Physician



बिना ऑपरेशन के पीठ दर्द, कमर दर्द, सियाटिका, गर्दन दर्द एवं अन्य दर्द का इलाज वर्तमान में प्रचलित पद्धति एवं आधुनिक मशीनों द्वारा इलाज



गर्दन दर्द, कन्धे का दर्द, कमर दर्द, स्लिप डिस्क एवं साइटिका, ट्रायजेमिनल- न्यूरालजिया, पसलियों का दर्द एवं मांसपेशियों का दर्द/कैंसर संबंधी दर्द (Chronic Pain), किसी भी प्रकार का तीन महीने से पुराना दर्द जो कि दवाईयों या फिजियोथेरेपी से ठीक नहीं हो पाता है उसका इलाज पेन मैनेजमेंट पद्धति द्वारा किया जाता है।

Endoscopic Discectomy / Disc FX Procedure- सुईनुमा उपकरण/दूरबीन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना

Ozone Therapy- स्लिप डिस्क/साईटिका का ओजोन द्वारा इलाज

PRP (Platelet Rich Plasma) Therapy (Regeneration Therapy)- जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द Planter Fascitis एवं अन्य प्रकार के Tendinopathies

Radiofrequency Ablation (RFA)- दर्द की नसों को पहचान कर उसका इलाज

HIG-B-125, विद्या नगर, होशंगाबाद रोड, भोपाल

संपर्क :- 9827731775, 0755-4863488


# खांसी में खून आना-कितना गंभीर ?

श्वसन नलिकाओं से खांसी में खून आना, जो कि बलगम (SPUTUM) के साथ या बिना बलगम के हो सकता है, चिकित्सा विज्ञान में इसे हीमोप्टाइसिस (HEMOPTYSIS) कहते हैं। यह मात्रा में थोड़ा, ज्यादा या बहुत ज्यादा हो सकता है। किसी भी रूप में यह किसी गंभीर रोग (अवस्था) का संकेत हो सकता है। साथ ही खून की मात्रा ज्यादा होने पर यह श्वांस नलिकाओं (Main Bronchus & Trachea) को अवरूद्ध कर सकता है, जिससे हवा का प्रवाह रुकने से गंभीर स्थिति बन जाती है, जो कि जानलेवा भी हो सकती है। यह आवश्यक नहीं है कि खांसने या थूकने पर आने वाला खून फेफड़ों से ही आया हो। इसके अन्य स्त्रोत हो सकते हैं- मुंह के छाले, मसूड़े, नाक का आंतरिक हिस्सा, जीभ, गला व वोकल कॉर्ड आदि।

**मुख्य कारण :** 1. टी.बी. (क्षय रोग), 2. फेफड़ों का कैंसर, 3. निमोनिया, 4. क्रॉनिक ब्रोंकायटिस एवं ब्रोन्किएक्टेसिस 5. Lung Abscess, 6. छाती की चोट, 7. Pulmonary Embolism, 8. फॉरेन बाडी (बाह्य वस्तु) (श्वसन नलिकाओं में बाह्य वस्तु का फंस जाना), 9. दवाईयां जैसे खून पतला करने वाली दवाईयां (एस्प्रिन, वारफेरिन, हिपेरिन) आदि, 10. हृदय रोग जैसे- वाल्व्युलर हार्ट डिसीज, सी.सी. एफ., 11. ब्लीडिंग डिसआर्डर (हीमोफीलिया)।

**डायग्नोसिस : 1. हिस्ट्री एवं जनरल परीक्षण। 2. छाती का एक्स-रे :-** यह एक आवश्यक प्राथमिक जाँच है जो सभी जगह उपलब्ध होती है और उपयोगी जानकारी देती है। इससे क्षयरोग, निमोनिया, कैंसर की गठाने आदि आसानी से पहचानी जा सकती हैं। **3. बलगम (Sputum) का परीक्षण-** इसके द्वारा क्षय रोग, छाती के अन्य इन्फेक्शन एवं कैंसर को पहचाना जा सकता है। **4. ब्रांकोस्कोपी-** फाइबर ऑप्टिक विधि से दूरबीन पद्धति द्वारा रेस्पिरेटरी ट्रेक्ट को पूरी तरह से देखा जाता है एवं विभिन्न सेम्पल (बायोप्सी, लवाज, ब्रशिंग) लिये जाते हैं जिनका माइक्रोस्कोप द्वारा अध्ययन कर रोग का सही डायग्नोसिस किया जाता है। यह अत्याधुनिक, सुरक्षित एवं आसान विधि है। इसके द्वारा रोगी को बिना भर्ती किये ही पूरे रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट (वोकल कार्ड, ट्रेकिया, एवं ब्रांकियल ट्री) के फोटो एवं जरूरी वीडियो रिकार्ड किये जाते हैं। **5. छाती का सी.टी. स्कैन -** इसके द्वारा फेफड़ों, श्वांस नलिकाओं, प्लूरा एवं मीडियास्टाईनम की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। उपचार : खांसी में खून आने की वास्तविक वजह जानने के बाद उसका उपचार आसान हो जाता है। जरूरी दवाईयाँ जैसे एन्टीबायोटिक्स, खांसी नियंत्रित करने की दवाएं (Cough Supressants), खून को बहने से रोकने वाली दवाएं (Haemostatic drugs), क्षय रोग रोधी दवाएं (Anti Tuberculer Drugs) तथा आराम करने से सामान्यतः रोग नियंत्रित हो जाता है। परंतु खून की मात्रा ज्यादा होने पर, तथा सांस लेने में तकलीफ, और ऑक्सीजन की कमी होने पर रोगी को भर्ती कर उपचार करना अनिवार्य होता है। यदि खांसी में खून आने का कारण दवाईयाँ है तो उन्हें चिकित्सक की सलाह पर कुछ समय के लिये रोका जाता है। अंत में मैं यह कहना चाहूंगा कि जहां एक ओर बलगम में या खांसने पर खून दिखने से चिंता हो जाती है, वहीं यह आवश्यक है कि इसकी वजह को डायग्नोस कर तुरंत उपचार किया जावे जिससे रोग की गंभीरता बढ़ने से पहले उसे नियंत्रित कर ठीक किया जा सके।


अग्रवाल अस्पताल

ई-3/34, अरेरा कालोनी, हबीबगंज रेल्वे क्रासिंग के पास, भोपाल

फोन : 0755-4283383, 4278190

सभी तरह के श्वांस रोगों (साधारण एवं गंभीर) की जांच, डायग्नोसिस एवं भर्ती के लिए सर्व सुविधायुक्त अस्पताल

NABH ACCREDITED HOSPITAL

विशेषताएं :

- क्रिटिकल केयर एवं वेंटिलेटर केयर
- निमोनिया / इंफेक्शन/ सेप्सिस एवं मल्टी ऑर्गन फेलियर का उपचार
- दमा (अस्थमा), एलर्जी, सी.ओ.पी.डी., ब्रांकाइटिस, क्षय रोग (टी.बी.), प्लूरिसी का उपचार
- फेफड़े का कैंसर, लंग फाइब्रोसिस, स्लीप एपनिया (O.S.A.) का उपचार
- लंबी खांसी, सांस फूलना, खांसी में खून आना, सीने में दर्द के लिए परामर्श एवं उपचार



डॉ. प्रियनाथ अग्रवाल

एम.डी., डी.एन., एफ.सी.सी.पी.

श्वांस रोग विशेषज्ञ

प्रसूति एवं स्त्री रोग संबंधी सभी समस्याओं की जांच, उपचार एवं सर्जरी नवीनतम तकनीक द्वारा

विशेषताएं :

- हाईरिस्क प्रेगनेंसी • नार्मल डिलीवरी एवं
- सभी मेजर एवं माइनर ऑपरेशन • दूरबीन/लेप्रोस्कोपी विधि से बच्चेदानी निकलना

अन्य विशेषताएं :

निम्न रोगों पर फिजिशियन द्वारा परामर्श एवं उपचार

- हाइपरटेंशन (High B.P) • डायबिटीज (High Blood Sugar)
- जोड़ों की समस्याएं • मिर्गी • सरदर्द एवं चक्कर का उपचार
- पाचन संबंधी रोगों का उपचार



डॉ. नीलिमा अग्रवाल

एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.

स्त्री रोग विशेषज्ञ

Website : www.agrawalhospital.com

YouTube पर टाइप करें - Dr. P.N. Agrawal

इमरजेंसी कॉन्टेक्ट नंबर- 8959444999


# डिजीटल आई स्ट्रेन क्या है ?




डॉ. पी.एस. बिन्द्रा - वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक

डॉ. प्रीति बिन्द्रा - फेको,कॉर्निया एवं लेसिक विशेषज्ञ

डॉ. वाहवीर सिंह बिन्द्रा - रेटिना विशेषज्ञ

ISO Certified 9001:2015

माता श्री नेत्रालय

"सुपर-स्पेशलिटी लेजर केन्द्र"

40 वर्षों का अनुभव एवं विश्वास का नाम

डॉ. पी.एस. बिन्द्रा - वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक

डॉ. प्रीति बिन्द्रा - फेको,कॉर्निया एवं लेसिक विशेषज्ञ

डॉ. वाहवीर सिंह बिन्द्रा - रेटिना विशेषज्ञ

HD-LASIK से सुसज्जित "TECHNOLAS-TM2"

दूर एवं पास के चश्मे से आजादी का अत्याधुनिक तरीका

BLADELESS TECHNIQUE AVAILABLE

मोतियाबिंद ऑपरेशन की आधुनिक तकनीक उपलब्ध

एल्कॉन सेंचुरियन फेको सिस्टम (Alcon Centurion Phaco System)

पर्दे एवं कांचियाबिंद की संपूर्ण जाँच एवं इलाज

जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी

समय : सुबह 10:30 - 6:30 बजे तक (रविवार अवकाश)

फोन : 0755-2562222, मो. 9826084896




घंटों डिजीटल स्क्रीन के सामने बैठने का सबसे बुरा असर हमारी आँखों पर पड़ता है। ड्राय आई से हमारी आँखे पर्याप्त रूप से चिकनाई देने के लिये मात्रा या गुणवत्ता में पर्याप्त आँसू उत्पन्न करने में विफल हो जाती है। इससे तनाव अनिद्रा और कई दूसरी बीमारियों के होने की आशंका बढ़ जाती है। आँखों से जुड़ी इस तकलीफ को Digital Eye Strain कहते है। यह बीमारी दिन प्रतिदिन लोगों में बढ़ती ही जा रही है। कंप्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट्स व स्मार्ट फोन के बहुत अधिक इस्तेमाल से Digital Eye Strain हो जाती है। इसकी शुरूआत आँखों में हलके दर्द व ड्राय आई से हो सकती है। कोरोना महामारी के बाद, पिछले करीब 3-4 सालों से लोग वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन क्लासेस से बिजी है।

**Digital Eye Strain के लक्षण :-**

आँखों में खिचाव, पानी आना, दर्द होना, धुंधला दिखना, लाल होना इसके शुरूआती लक्षण है। साथ ही सिरदर्द और घबराहट भी हो सकती है। कई बार ये चिड़चिड़ेपन का कारण भी हो सकता है। अनुपचारित ड्राय आई समय के साथ और खराब हो सकती है, जिसके परिणाम स्वरूप आँखों में गंभीर दर्द, प्रकाश संवेदनशीलता, कॉर्नियल सक्रमण और दृष्टि हानि भी हो सकती है।

**रोकथाम और उपचार :-**

1. स्क्रीन को सही दूरी पर रखकर प्रयोग करें (1 फीट)।
2. कमरें में पर्याप्त रोशनी होनी चाहिये।
3. 20-20-20 नियम का पालन करें।
4. स्क्रीन ज्यादा ब्राइट नहीं होना चाहिये।
5. आँखों में स्क्रीन की ऊंचाई नीची रखनी चाहिये।
6. समय-समय पर पलक झपकना चाहिये।
7. Lubricating eye Drops, Omega-3 Fatty Acid Suppliments व पलकों की गरम सिकाई करनी चाहिये।
8. एंटी ग्लेयर चश्मा पहना चाहिये।
9. विशेष रूप से नारंगी और पीले फल का सेवन करें।
10. बादाम और अखरोट का सेवन करें।

**नियमित नेत्र जांच और परामर्श हमारी आंखों की देखभाल की कुंजी है**

भोपाल

सोमवार, 1 जुलाई 2024

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-10

वर्ष : 11, अंक : 98

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 28

न्यून. 23

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com

1



जीत के बाद कोच को हाथों से उठाया

2



कप्तान रोहित शर्मा ने जमीन को चूमा

3



सूर्यकुमार दंपती ट्रॉफी के साथ

4



मुंबई में क्रिकेट प्रेमियों ने खुशियों के रंगों से सजाईं तस्वीरें

पीएम ने रविवार सुबह फोन कर द्रविड़ की कोचिंग, रोहित की कप्तानी, विराट की पारी, बुमराह की गेंदबाजी और सूर्य कुमार के अद्भुत 'कैच' को सराहा

# प्रधानमंत्री ने कहा- 'चैंपियंस'... आपने मैदान में कप जीता है, और देश के हर गांवों और गलियों में करोड़ों 'भारतीयों का दिल' जीता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को टी- 20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी है और उन्हें चैंपियन करार देते हुए कहा कि क्रिकेटरों ने विश्व कप के साथ-साथ करोड़ों लोगों का दिल भी जीत लिया है। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री ने रविवार को कॉल कर टीम इंडिया के खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात की और उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी-20 करियर की सराहना की। उन्होंने फाइनल ▸▸ शेष पेज 4 पर




*हमारी टीम शानदार अंदाज में टी 20 विश्व कप लेकर आई है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है*



राहुल द्रविड़



रोहित शर्मा



विराट कोहली

### टीम इंडिया पर बरसे 125 करोड़ बोर्ड का ऐलान

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीता और इसके एक दिन बाद ही बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए ईनाम की घोषणा की। भारतीय टीम को चैंपियन बनने के बाद बीसीसीआई की तरफ से ▸▸ शेष पेज 4 पर

### टी-20 के मैदान में नहीं दिखेंगे रोहित, विराट व जड़ेजा

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वर्ल्ड चैंपियन बनकर ली टी-20 से विदाई ले ली है।



राहुल द्रविड़ के कोचिंग करियर पर भी पूर्ण विराम लग गया है। विश्व विजेता बनने के बाद रोहित शर्मा ड्रेसिंग रूम की ओट में चले गए। विराट कोहली को भी अपने आंसू रोकना मुश्किल लग रहा था। पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ की भी आंखें गीली थीं। ▸▸ शेष पेज 4 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती: आठ जुलाई से पंजीयन शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ के युवाओं को अग्निवीर बनने का अवसर दिया गया है।



अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की पंजीकरण प्रक्रिया 8 जुलाई को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। 28 को रात 23 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। योग्य अभ्यर्थी वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।


### फर्जी प्रमाणपत्र बनाने सीबीआई की रडार पर

**शिमला।** 10वीं के फर्जी प्रमाणपत्र देने वाला गिरोह सीबीआई के रडार पर है। हिमाचल प्रदेश डाक विभाग में मामले सामने आने के बाद सीबीआई की टीमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में अपना जाल बिछाए हुए हैं। शिकायतों के आधार पर दो शाखा डाकपाल पर साजिश रचने, धोखाधड़ी और अन्यों धाराओं में केस दर्ज किया है।



### भोजशाला पर जैन समाज की याचिका

**इंदौर।** धार में एएसआई के सर्वे के बाद हाईकोर्ट में जैन समाज ने याचिका लगाई है। एएसआई द्वारा भोजशाला में की गई खुदाई के दौरान निकली जैन तीर्थकर मूर्तियां भी निकली। जैन समाज ने दावा पेश किया है। समाज ने याचिका में कहा है कि धार में जैन गुरुकुल था। जिसे भोजशाला कहा जा रहा है। हाईकोर्ट ने जैन समाज की याचिका स्वीकार कर ली है।



नई कानून क्रांति : इन्हें अमल में लाने के लिए केंद्र सरकार ने कीं व्यापक तैयारियां

# देश में आज से लागू हो जाएंगे तीन नए 'आपराधिक कानून'

**ये हैं 3 नए कानून**

1. *भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)*
2. *भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)*
3. *भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए)*

*केंद्रीय गृह सचिव ने दिसंबर 2023 से अब तक विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ एक दर्जन से ज्यादा बैठकें की।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


भारत के तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) – सोमवार (1 जुलाई) से लागू होंगे।

कार्यान्वयन की तैयारी के लिए सरकार ने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ बैठकें करके तैयारियां की हैं। इसके अलावा इस दिन को मनाने के लिए कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कहा है कि नए कानूनों को 2024-25 शैक्षणिक वर्ष से विश्वविद्यालयों और कानूनी शिक्षा केंद्रों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। स्कूली शिक्षा विभाग अक्टूबर से मार्च के बीच कक्षा 6 से ▸▸ शेष पेज 4 पर

***40 लाख जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए नए कानूनों पर हिंदी वेबिनार आयोजित***

***अंग्रेजी में दूसरा वेबिनार हुआ, जिसमें लगभग 50 लाख लोगों ने भाग लिया***

***पुलिस विभाग के लोगों को विशेष तौर पर इसकी जानकारी दी जा रही है***



### स्कूली छात्रों को समझाने के लिए 'विशेष माड्यूल' बनेगा

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कहा है कि नए कानूनों को 2024-25 शैक्षणिक वर्ष से विश्वविद्यालयों और कानूनी शिक्षा केंद्रों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। स्कूली शिक्षा विभाग अक्टूबर से मार्च के बीच कक्षा 6 से ऊपर के छात्रों के लिए विशेष मॉड्यूल बनाएगा।

### ई-साक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन जैसे एप्लिकेशन बने

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने अपराध स्थलों, न्यायिक सुनवाई और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अदालती समन की डिलीवरी की वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी की सुविधा के लिए ई-साक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन जैसे एप्लिकेशन विकसित किए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि इन एप्स को राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किया गया है। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सभी राज्यों में सहायता दल व कॉल सेंटर बने

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो समन्वित प्रचार अभियान के लिए अंतर-मंत्रालयी समूह के प्रयासों का समन्वय कर रहा है। सभी विभागों के साथ विषयगत पोस्टर और फ्लायर्स साझा किए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सलाह, प्रेस विज्ञप्ति, इन्फोग्राफिक्स आदि के माध्यम से नए ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सीएम डॉ. यादव बोले एक जुलाई देश और मप्र के लिए विशेष दिन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक जुलाई का दिन पूरे देश और प्रदेश के लिए एक विशेष दिन होगा। अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आईपीसी अर्थात भारतीय दंड संहिता, ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 06 भी

### आज देश भर के पुलिस थानों में होंगे कार्यक्रम

*कानूनी मामले विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ चार सम्मेलन आयोजित किए हैं, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, वरिष्ठ पुलिस कर्मी और डोमेन विशेषज्ञों ने भाग लिया। पांचवां सम्मेलन 30 जून को मुंबई में आयोजित किया गया। आईजीओटी कर्मयोगी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत सिविल सेवा अधिकारियों को व्यापक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। 21 फरवरी से आईजीओटी पर नए आपराधिक कानूनों पर तीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एक क्यूरेटेड कार्यक्रम के रूप में पेश किए गए हैं और लगभग 2,18,000 अधिकारियों ने नामांकन किया है। यूजीसी, एआईसीटीई और सीएफआई के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थान और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सोमवार* ▸▸ शेष पेज 4 पर

मप्र में परिवहन विभाग में आज से नई व्यवस्था

# 'चेक पोस्ट' के स्थान पर कुल 45 चेक पॉइंट होंगे

सीमावर्ती राज्यों से लगे जिलों में मोबाइल उड़नदस्ते कार्य करेंगे

मप्र के सीमावर्ती जिलों के 26 जिलों में विशेष व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राज्य सरकार ने परिवहन विभाग की चेक पोस्ट की पुरानी व्यवस्था में बदलाव कर दिया है। यह व्यवस्था एक जुलाई से लागू हो जाएगी। इसके तहत परिवहन विभाग में चेक पोस्ट के स्थान पर चेक पॉइंट होंगे। सीमावर्ती राज्यों से लगे जिलों में मोबाइल उड़नदस्ते कार्य करेंगे। कुल 45 चेक पॉइंट काम करेंगे। परिवहन नाकों के स्थान पर अब मोबाइल टीम कार्य करेगी। चेक पॉइंट पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

- **परिवहन विभाग के चेक पोस्टों से अवैध वसूली की शिकायत लंबे समय से हो रही थी**

### भारी वाहनों के संचालकों को कोई असुविधा नहीं होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सुशासन के लिए जाना जाता है। परिवहन व्यवस्था के संबंध में शिकायतें प्राप्त होने पर राज्य शासन की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। नई व्यवस्था से भारी वाहनों के संचालकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। शिकायतों को दूर कर साफ-सुथरे ढंग से परिवहन विभाग के मूल कार्य को बेहतर ढंग से संचालित करने के प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कांफ्रेंस में सभी जिलों से जुड़े प्रशासनिक एवं पुलिस ▸▸ शेष पेज 4 पर

### विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस तैयार करने के लिए शिविर लगाएं

यादव ने निर्देश दिया कि परिवहन विभाग की ओर से महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस तैयार करने के लिए शिविर लगाए जाएं। यात्री बसों के संचालन में निर्धारित स्थान से बस चलाने के नियम का पालन किया जाए। समय सारिणी का पालन किया जाए। स्कूल की बसों की चेकिंग की जाए। ग्रामीण परिवहन सेवा को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाए।

भाजपा नेता के बेटों पर फायरिंग

## एक घायल, दूसरा बाल बाल बचा, बदमाश कार से भागे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ज्ञान सिंह गुर्जर के दो बेटों पर हमला हुआ है। कार सवार बदमाशों ने बंदूक से दनादन फायरिंग की और भाग गए। वारदात में भाजपा नेता का एक पुत्र जहां गोली से बाल बाल बच गया वहीं दूसरा पुत्र घायल हुआ है। इधर पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। ज्ञान सिंह गुर्जर के बेटे लव गुर्जर और पुष्पेंद्र गुर्जर पर हमला किया गया। ज्ञानसिंह गुर्जर



भाजपा के प्रदेश महामंत्री हैं। दो बेटों पर हमला करने के इस सनसनीखेज मामले में उन्होंने मुरैना निवासी संदीप मवई पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने गोली चलाई ▸▸ शेष पेज 4 पर

उज्जैन में सावन मास में किया गया है बदलाव

## भस्म आरती में वीकेंड पर बंद होगा वीआईपी ट्रीटमेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

अगर आप सावन मास में बाबा महाकाल की भस्म आरती के लिए जा रहे हैं तो वीकेंड यानी शनिवार-रविवार को जाएं। इन दो दिनों में किसी को भी वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलेगा। इससे आम जनता आसानी से बाबा महाकाल की भस्म आरती कर सकेगी। सावन मास में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए महाकाल मंदिर समिति ने दर्शन व्यवस्था में ये बदलाव किया है।



इन दो दिनों में किसी भी अधिकारी से लेकर मीडियाकर्मियों को प्रॉटोकोल नहीं मिलेगा। अभी भस्म आरती में 1700 श्रद्धालुओं को अनुमति मिलती है। इनमें से 700 से अधिक आम श्रद्धालु होते हैं। जबकि, 400 ▸▸ शेष पेज 4 पर

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को नए सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभाला

## द्विवेदी के पास चीन और पाकिस्तान की ओर से उत्पन्न चुनौतियों की गहरी समझ

*द्विवेदी ने जनरल मनोज सी पांडे की जगह ली*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को नए सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। द्विवेदी ने जनरल मनोज सी पांडे की जगह ली। इससे पहले उपेंद्र द्विवेदी उप सेना प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे।

केंद्र सरकार ने 11 जून को लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को नए सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की थी। द्विवेदी ▸▸ शेष पेज 4 पर

- **उन्हें उत्तरी और पश्चिमी दोनों थिएटरों को संतुलित करने का गौरव प्राप्त**




### सैनिक स्कूल रीवा से की पढ़ाई

सैनिक स्कूल रीवा, नेशनल डिफेंस कॉलेज और यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने डीएसएससी वेलिंगटन और आर्मी वॉर कॉलेज, महू में भी पढ़ाई की है। इसके अलावा, लेफ्टिनेंट जनरल को यूएसएडब्ल्यूसी, ▸▸ शेष पेज 4पर

राधारानी विवाद खत्म, अब मां ताप्ती पर घिरे कथावाचक

## मां ताप्ती मंदिर के प्रमुख पुजारी बोले गलत टिप्पणी की, मांफी मांगें पं. मिश्रा



बैतूल में आयोजित ताप्ती शिव महापुराण कथा के दौरान लोगों को गुमराह करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलताई

प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने राधारानी विवाद के लिए माफी मांग चुके हैं। लेकिन अब बैतूल में आयोजित हुई ताप्ती शिव महापुराण कथा के दौरान मां ताप्ती के विषय में शास्त्र के विरुद्ध बात कहने के आरोप लगे हैं। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि ▸▸ शेष पेज 4 पर

विदिशा में शिवपुराण कथा

### घर में बनाओगे अनुशासन तो पैदा नहीं होगा दुशासन

**विदिशा।** गिरधर कॉलोनी में रविवार से शुरू हुई पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा के पहले दिन करीब 1 लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। कथा शुरू होते ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसके बाद भी हजारों की संख्या में लोग पंडाल के बाहर बरसते पानी में ▸▸ शेष पेज 4 पर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आव्हान किया कि इस अभियान से जुड़े प्रत्येक प्रदेशवासी

प्रदेश में 1 जुलाई से लेकर 15 जुलाई के बीच अलग-अलग जिलों में इस अभियान को चलाया जाएगा

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज से प्रदेश में रोपे जाएंगे साढ़े 5 करोड़ पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया है। इस अभियान के साथ ही मध्यप्रदेश सरकार भी पर्यावरण के प्रति गंभीर है। इस अभियान के तहत ही पूरे प्रदेश में लगभग साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। ऐसा प्रयास है कि प्रदेश में 1 जुलाई से लेकर 15 जुलाई के बीच अलग-अलग जिलों में इस अभियान को चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक संदेश के माध्यम से कहा कि मुझे संतोष है कि कई जिले जैसे इंदौर ▸▸ शेष पेज 4 पर

सभी लोग अपने परिजन को लेकर माता जी को साथ लेकर सेल्फी लें। अगर माता जी नहीं हैं तो उनके चित्र के साथ एक पौधा लगाकर सेल्फी ले सकते हैं।



सीएम डॉ.मोहन यादव ने रविवार को लोगों के साथ पौधा भी लगाया।

### भोपाल ननि 6 जुलाई को रोपेगा एक लाख पौधे

नगर निगम भोपाल एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत शहर में एक लाख पौधे रोपेगा। यह कार्यक्रम 6 जुलाई को आयोजित होगा। नगर निगम आयुक्त ने पौधरोपण कार्यक्रम की अधिकारियों को विधानसभावार जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, महापौर मालती राय ने शहर के लोगों से नगर निगम के पौधरोपण कार्यक्रम में सहयोग करने को कहा है। उन्होंने कहा कि निगम के पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लें या जहां भी उपयुक्त जगह हो, वहां 6 जुलाई को पौधरोपण करें।

## संरक्षित करने के लिए पेयजल स्रोत भी चिन्हित करें, स्रोतों की क्षमता भी बढ़ाएं

# जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियां भविष्य की दृष्टि से भी जारी रखी जाएं: सीएम

**एक पेड़ मां के नाम कर्मकाण्ड न हो, आमजन भी जुड़ें**

**मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस से दिए जिला और संभागीय अधिकारियों को निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से लेकर 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान उत्सव के रूप में चला। कई जिलों में अच्छे कार्य हुए हैं। कई पुरानी बावड़ियां अस्तित्व में आ गईं। जल स्रोतों की सफाई भी की गई। अनेक स्थानों पर गुणवत्तापूर्ण कार्य हुए हैं। इन कार्यों की उपयोगिता को देखते हुए भविष्य की दृष्टि से 30 जून के बाद भी कार्यों को जारी रखा जाए। नवाचारों की जानकारी संकलित की जाए। जो कार्य शेष हैं, उन्हें चिन्हित कर पूरा करने का प्रयास हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास से प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स, कमिश्नर्स और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से चर्चा कर रहे थे।

### शहरी, ग्रामीण और वन क्षेत्र सभी जगह हुए जल संरक्षण के कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल स्रोतों को चिन्हित करने और उनकी क्षमता बढ़ाने का अभियान निरंतर चले। ऐसे स्थान जहां पानी मिला है, उनका उपयोग भी हो जाए। रोजगार की दृष्टि से मत्स्य पालन या अन्य गतिविधियां भी संचालित की जाएं। सेडमैप के सहयोग से ऐसी जल संरचनाओं जहां भूमिगत जल कम हो गया है, को उपयोगी बनाने से संबंधित अध्ययन एवं सर्वे किया जाए। जनपद पंचायतें ऐसे जल स्रोतों को प्रभावी बनाने का कार्य करें। ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्यों की अपर मुख्य सचिव मलय कुमार श्रीवास्तव और नगरीय क्षेत्र में संचालित जल संरक्षण कार्यों के संबंध में प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### इन जिलों ने दिया कार्यों का विवरण

मुख्यमंत्री को आज की वीडियो कांफ्रेंस में सिंगरौली, छतरपुर, झाबुआ, दमोह, रायसेन, दतिया, खण्डवा, जबलपुर, अशोक नगर और इंदौर कलेक्टर्स ने जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी। रायसेन जिले में 58 अमृत सरोवर तैयार हुए हैं। नर्मदा किनारे स्थित 40 ग्रामों में स्वच्छता के कार्यों में जन सहयोग मिला। पंचायतों में जल संसद भी आयोजित की गईं। जबलपुर में करीब दौ साल पुरानी बावड़ी के कायाकल्प में सफलता मिली। अशोक नगर में गणेश शंकर ताल और मुंगावली में तालाब के गहरीकरण के कार्यों में जनसहयोग प्राप्त हुआ। इसी तरह इंदौर जिले में शहरों और गांवों में जल स्रोतों को बचाने और उपयोग में लेने के संबंध में लोगों में चेतना बढ़ी है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए जिलावार लक्ष्य तय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पौधरोपण का सामान्य अभियान नहीं है। जिलावार तय किए गए लक्ष्य पूरे किए जाएं। आमजन को जोड़ने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 15 जुलाई तक निरंतर अभियान चले। लोग अपने निवास परिसर और खेत में भी पौधे लगाएं। अभियान को पंचायतों तक ले जाएं। जियो टेगिंग और वेबसाइट पर पौध रोपण के फोटो अपलोड करने के प्रयासों को बढ़ाया जाए।

### शहरी क्षेत्रों में करीब सवा दो लाख नागरिकों ने श्रमदान किया

प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में विशेष जल सम्मेलन बुलाए गए। जल संरचनाओं के आसपास से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल संरक्षण से जुड़े अनेक कार्यों को अंजाम दिया गया। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में अभियान में करीब सवा दो लाख नागरिकों ने श्रमदान कर जल संरचनाओं में लगभग 30 लाख घनमीटर क्षमतावर्धन का कार्य किया। एक हजार से अधिक जल संरचनाएं संरक्षित की गईं। लगभग छह लाख घनमीटर से अधिक गाद निकालने के साथ ही जल संरचनाओं के आसपास पौधे भी लगाए गए। जन-जागरूकता के लिए चित्रकला और निबंध स्पर्धाएं हुईं और कलश यात्रा जैसे आयोजन भी हुए। पुराने कुओं, तालाबों के संरक्षण और संवर्धन के कार्यों के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्य हुए हैं।

**मुख्यमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना**

## बदलते दौर के भारत में अनेक क्षेत्रों में हो रही प्रगति: डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बाग मुगलिया स्थित विवेकानंद सामुदायिक भवन परिसर में मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह बदलते दौर का भारत है। अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रविवार को "मन की बात" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जहां बैंगलुरु में देव भाषा संस्कृत बोलने वालों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी वहीं पूरी दुनिया में योग दिवस पर हुए कार्यक्रमों का विवरण भी दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में आकाशवाणी केंद्र से प्रसारण की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने इस कार्यक्रम से आंध्रप्रदेश में कॉफी उत्पादन की जानकारी भी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने विवेकानंद सामुदायिक भवन परिसर में पौधा भी लगाया। मुख्यमंत्री ने आम का पौधा रोपा। उनके साथ पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, सुमित पचौरी और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने अन्य विषयों पर चर्चा के साथ ही विभिन्न देशों में योग दिवस पर हुए कार्यक्रमों का ब्यौरा भी दिया।

## पीएम की गरीब कल्याण की योजनाओं ने ऐतिहासिक बहुमत दिलाया: शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को खजुराहो लोकसभा के गुन्नौर और पवई विधानसभा के मतदाता और कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण की योजनाओं ने भाजपा को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से लोकसभा चुनाव में विजय दिलाई है। शर्मा ने पन्ना के बराछ और बिलघाड़ी पहुंचकर मतदाताओं को सम्मानित किया और भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। शर्मा ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से भाजपा को विजय प्राप्त हुई है।

### तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड

शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले गैर कांग्रेसी पहले राजनेता हैं। यह उपलब्धि उनके प्रति देश की जनता के अटूट विश्वास, प्रेम और आशीर्वाद से ही संभव हो सकी है। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण के लिए पिछले दस वर्षों में कार्य किए हैं। मप्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य किए हैं, उसकी वजह से मप्र में 29 सीटें जीती हैं।

### कांग्रेस ने विष घोलने का काम किया

शर्मा ने कहा कि मप्र सहित देशभर में कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं ने देश की जनता को जातियों में बांटकर समाज में विष घोलने का कार्य किया है।

**विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति**

## नर्सिंग घोटाले पर सरकार को सदन में घेरेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आज से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दी है। रविवार को होटल पलाश में आयोजित विधायक दल की बैठक में कांग्रेस ने तय किया है कि वह नर्सिंग घोटाले को लेकर सरकार को घेरेगी। वहीं तत्कालीन स्वास्थ्य शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग की बर्खास्तगी की मांग को लेकर किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी।

बैठक में प्रदेश में व्यापक स्तर पर हो रहे महिला अत्याचार, सरकार की वादा खिलाफी, भ्रष्टाचार, आदिवासियों पर अत्याचार तथा घोटालों को लेकर भी कांग्रेस ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बैठक में स्पष्ट किया कि कांग्रेस जनविरोधी मुद्दों को लेकर आक्रामक तो होगी लेकिन सरकार को इतना मौका भी नहीं देगी कि वह विधानसभा स्थगित करने की अपनी परंपरा को कायम रख सके। इससे प्रश्न पूछे वाले विधायकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधायक दल की बैठक में अलग-अलग विधायकों को अलग-अलग मुद्दे उठाने के लिए जवाबदारी सौंपी गई। बैठक के साथ ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ट्वीट भी कर अपने इरादे घोषित कर दिए। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि हम सब प्रतिज्ञा लें कि इस बार सदन को हम पूरी अवधि तक चलने देंगे, विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। हम सभी जनप्रतिनिधी कर्तव्यबद्ध हैं कि जनता के मुद्दों पर सार्थक चर्चा कर किसी निष्कर्ष कर पहुंचा जाए।

## राजेंद्र मप्र अभियोजन अधिकारी संघ के अध्यक्ष हुए निर्वाचित



विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश अभियोजन अधिकारी संघ के चुनाव में भोपाल के जिला अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र उपाध्याय अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

राजेन्द्र उपाध्याय को 319 वोट प्राप्त हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अभय सिंह राठौर को 168 वोट मिले। राजेन्द्र उपाध्याय ने अभय सिंह राठौर को 152 वोटों से हराया। राजेन्द्र उपाध्याय के पैनल के सभी सदस्य इस चुनाव में विजयी हुए हैं। उपाध्यक्ष के पद पर जबलपुर डीपीओ अजय जैन ने 328 वोट प्राप्त कर सुशीला राठौर को पराजित किया। महासचिव के पद पर भोपाल के एडीपीओ दिनेश आर्य ने 340 वोट प्राप्त कर आलोक श्रीवास्तव को हराया। सचिव पद पर एडीपीओ चौहान सिंह यादव निर्वाचित हुए हैं। भोपाल के एडीपीओ अरविंद दांगी सह-सचिव के पद पर निर्वाचित हुए हैं। दांगी को 347 वोट प्राप्त हुए, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी धीरेंद्र सिंह चौहान को 181 वोट प्राप्त हुए। एडीपीओ हुकुमचंद निरंजन कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विजयी हुए। कोषाध्यक्ष के पद पर कुलदीप भदौरिया निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अभियोजन अधिकारियों के हित के लिए मैं और मेरे पैनल के सभी सदस्य हर संभव प्रयास करेंगे।




### कार्तिकेय के टिकट को लेकर चर्चाएं

बुदनी से शिवराज सिंह के बेटे कार्तिकेय दावेदार हैं। वे क्षेत्र में सक्रिय हैं। सवाल यह है कि भाजपा कार्तिकेय को टिकट देती है या नहीं? इसे लेकर दो तरह के तर्कों के साथ चर्चा हो रही है। पहला, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे नोएडा विधानसभा सीट से टिकट लेकर विधायक बन सकते हैं तो कार्तिकेय क्यों नहीं? दूसरा, प्रदेश के वन मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को रतलाम लोकसभा से टिकट दिया जा चुका है। दूसरा पक्ष यह है कि भाजपा नेतृत्व ने कैलाश विजयवर्गीय को विधानसभा का टिकट देकर उनके बेटे आकाश का टिकट काट दया। प्रहलाद पटेल को टिकट देकर उनके भाई जालम सिंह का पत्ता साफ कर दिया।

### मंत्री की सलाह...परिवारों पर पड़ सकती है भारी

सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की महिलाओं को दी गई एक सलाह विवाद में है। उन्होंने कहा था कि पत्नियां अपने पतियों से कहें कि वे बाहर शराब न पीएं। पीना है तो बाहर से लेकर आएं और घर में बैठकर हमारे सामने पीएं। मंत्री का कहना था कि बाहर से पीकर आने वाले पतियों को बेलन से पीटें और रात में भोजन भी न दें। इससे वे धीरे-धीरे शराब छोड़ देंगे। एक मंत्री के नाते कुशवाह को शराबबंदी या नशा मुक्ति अभियान पर जोर देना चाहिए। लड़ने-झगड़ने और पीकर सड़क पर ऊधम करने वालों को नशा मुक्ति केंद्र भेजने की व्यवस्था करना चाहिए। ऐसा करने की बजाए वे शराब का प्रचार करते और परिवारों में झगड़ा कराते दिखाई पड़ रहे हैं।

### कमलेश शाह की नजीर से कुछ सीखेंगे रामनिवास?

कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आए रामनिवास रावत आधा दर्जन बार विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं, जबकि कमलेश शाह महज तीन बार के विधायक हैं। रावत पिछड़ा वर्ग से आते हैं और शाह आदिवासी वर्ग से। दोनों का फर्क देखिए, रामनिवास ने वह पार्टी कांग्रेस छोड़ दी, जिसके टिकट पर जीत कर वे विधायक बने थे, लेकिन विधानसभा की सदस्यता नहीं छोड़ी। वे अब भी कह रहे हैं कि मैं विधायकी से इस्तीफा नहीं दे रहा हूं, जब समय आएगा तब दूंगा। दूसरी तरफ कमलेश शाह ने कांग्रेस छोड़ने के साथ ही विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया और अब भाजपा के टिकट पर अमरवाड़ा से उप चुनाव का सामना कर रहे हैं। रामनिवास वरिष्ठ राजनेता हैं, उनसे राजनीतिक नैतिकता की अपेक्षा की जाती है।

### जीतू, उमंग व हेमंत के बीच अब भी तालमेल की कमी

विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश की कमान नई युवा टीम को सौंपी थी। वरिष्ठ नेता कमलनाथ के स्थान पर जीतू पटवारी प्रदेश अध्यक्ष और डॉ. गोविंद सिंह की जगह उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष बनाए गए थे। हेमंत कटारे को उप नेता प्रतिपक्ष की जवाबदारी सौंपी गई थी। नेतृत्व को उम्मीद थी कि टीम तालमेल के साथ ज्यादा जोश से काम करेगी। लोकसभा चुनाव के दौरान जीतू, उमंग और हेमंत के बीच तालमेल दिखाई नहीं पड़ा। नतीजा, पार्टी को इतिहास की सबसे बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा। अमरवाड़ा विधानसभा सीट के लिए हो रहे उप चुनाव में भी इनके बीच तालमेल नहीं है। अमरवाड़ा आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है लेकिन इस वर्ग से होने के बावजूद नेता प्रतिपक्ष सिंघार उप चुनाव में कोई दिलचस्पी लेते दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। जीतू ही क्षेत्र में डेरा डालकर प्रचार कर रहे हैं। हेमंत कटारे भी अमरवाड़ा नहीं पहुंचे।

### अरे, तुलसी सिलावट भी मीसाबंदी

लंबे समय तक कांग्रेस के नेता रहे और अब जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट भी मीसाबंदी हैं। वे भी आपातकाल के दौरान लगभग तीन माह तक जेल में रहे हैं। मुख्यमंत्री निवास में मीसा बंदियों का सम्मेलन आयोजित था। मंच पर मेघराज जैन, विक्रम वर्मा, सूर्यकांत केलकर, कैलाश सोनी, अजय बिश्नोई जैसे जनसंघ के जमाने के मीसा बंदी बैठे थे। इनके बीच सिलावट भी मंचासीन थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब संबोधन के लिए खड़े हुए और मंच की तरफ मुखातिब होकर विशिष्ट जनों के नाम ले रहे थे, तब वे भी चौंक गए। उन्होंने कहा कि अरे, तुलसी सिलावट भी मीसा बंदी हैं। सिलावट आपातकाल के दौरान देवी अहिल्याबाई महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष थे। इस नाते उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया था। सिलावट मीसा बंदी की पेंशन नहीं लेते।

दिनेश निगम 'त्यागी'

## विधानसभा के अपर सचिव पुनीत श्रीवास्तव हुए सेवानिवृत, विस अध्यक्ष ने किया सम्मानित



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय में कार्यरत रहे अपर सचिव पुनीत श्रीवास्तव अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर रविवार को विधानसभा सचिवालय की सेवा से सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उन्हें शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर विदाई दी। अध्यक्ष तोमर ने इनकी सेवाओं की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह भी मौजूद थे।

### प्रमुख सचिव श्रीवास्तव ने कलेक्टरों को दिए अवैध खनन रोके जाने के निर्देश

**भोपाल।** मप्र के ज्यादातर जिले में अवैध खनन जोरों से चल रहा है। इसमें खनिज अधिकारियों की मिलीभगत की शिकायत अक्सर होती है। अब जाकर खनिज विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव ने कलेक्टर्स को वर्षाकाल में रेत खदानों के संचालन पर प्रतिबंध अवधि में अवैध खनन रोके जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खदानों के पहुंच मार्ग बंद किए जाकर जांच चौकियों पर निगरानी की व्यवस्था की जाए। अवैध खनन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले वर्षों में कतिपय ऐसे प्रकरण संज्ञान में आए हैं, जहां ठेकेदारों ने वास्तविक रूप से रेत का परिवहन कर अनुज्ञप्ति में भंडारित करने के स्थान पर पोर्टल से ईटीपी जारी कर आभासी स्टॉक क्रिएट कर मानसून अवधि में स्टॉक की कमी की पूर्ति खदान से उत्पादन करने का प्रयास किया।




NATIONAL HOSPITAL
Owned by professionals, Run by professionals...
TRUSTED MULTISPECIALITY HOSPITAL
Serving since 18 years




| | |
|---|---|
| Most advanced Cardiac services *First in Central India & Only in NATIONAL HOSPITAL in Bhopal | (Cath Lab fully integrated with FFR/ IFR/ IVUS/ OCT/ ACR/ Rotablator/ IVL....) |
| ICU with most advanced monitoring *Only in NATIONAL HOSPITAL in Bhopal | Cerebral Oximetry, BIS, NMT, EEG, Non Invasive CO2 |
| Robust Infection Control Practices *First in Madhya Pradesh & Only in NATIONAL HOSPITAL in Bhopal | ICU with HVAC, HEPA filters & Negative Pressure Isolation in all cubicles |
| Most advanced LASER - 120W Holmium *First in South East Asia & Only in NATIONAL HOSPITAL in Bhopal | For Stones & Prostate |
| ALL beds with Ventilator & Oxygen facility *Only in NATIONAL HOSPITAL in Bhopal | Embeded Non-invasive, invasive & Hi flow modes-Sweden made best in class |
| ALL beds with bedside & central monitoring *Only in NATIONAL HOSPITAL in Bhopal | Philips Central Monitoring System |
| Mobile monitoring *First in Madhya Pradesh & Only in NATIONAL HOSPITAL in Bhopal | Live Monitoring on mobile from anywhere in the world |
| Emergency Cardiac services 24x7 in NATIONAL HOSPITAL in Bhopal | Emergency Primary Angioplasty |
| Neuro services 24x7 in NATIONAL HOSPITAL in Bhopal | Emergency Stroke/ Paralysis Treatment |

ADVANCED SERVICES

CARDIAC FACILITIES
- Angiography
- Angioplasty (PTCA)
- Fractional Flow Reserve (FFR)
- Intravascular Ultrasound (IVUS)
- Optical Coherence Tomography (OCT)
- Rotablator
- Intra Vascular Lithotripsy (IVL)
- Bypass Surgery (CABG) & Valve replacement

PROCEDURES PERFORMED
- Image (IVUS/OCT) guided procedures
- Complex PTCA (LM, Bifurcation, CTO etc)
- Complex Angioplasty as an alternative to CABG where ever possible
- High Risk Angioplasty on IABP
- Primary Angioplasty
- IVL
- Rotablation
- Device implantation (Pacemaker/ AICD/ CRT)

NEURO
- Stroke Thrombolysis
- DSA
- Mechanical Thrombectomy
- Aneurysm Coiling / Clipping
- Neurosurgery
- Microscopic Neurosurgery
- Microscopic Spinal Surgery

INTERVENTIONS Integrated Cath Lab for
- Interventional Cardiology
- Neuro-interventions
- Interventional Radiology

CARE UNITS
- Critical Care Unit
- Cardiac Intensive Care Unit (ICU)
- STROKE unit

SURGERIES
- Laparoscopic Surgery
- Endoscopic Surgery
- LASER Surgery
- Microscopic Surgery

DEPARTMENTS

SPECIALITIES
- Medicine
- General Surgery
- Gynecology
- Orthopedics &
- Joint Replacement
- Nutrition & Dietetics

SUPERSPECIALITIES
- Cardiology
- Neurology
- Gastroenterology
- Pulmonology
- Nephrology
- Endocrinology

SUPERSPECIALITY SURGERY
- Cardiothoracic Surgery
- Neuro Surgery
- Spine Surgery
- GI Surgery
- Urology
- Cancer Surgery
- Plastic Surgery

HEALTH CHECK-UP
- Customised Health Checks
- Corporate Health Checks
- Pre-employment Health Checks

ANCILLARY SERVICES
- Pharmacy (24x7)
- Canteen
- Ambulance

DIAGNOSTICS

RADIOLOGY
- CT Scan
- Sonography & Color Doppler
- Sonomammography
- Digital X-Ray

PATHOLOGY
- Hematology & Serology
- Biochemistry

CARDIOLOGY
- ECG
- Color Doppler Echo
- Transesophageal Echo
- Tread Mill Test (TMT)
- Dobutamine Stress Echo
- Holter Monitoring
- Ambulatory BP Monitoring

PULMONOLOGY
- Spirometry
- PFT with DLCO
- Bronchoscopy
- ABG

GASTROENTEROLOGY
- Upper GI Endoscopy
- Colonoscopy
- Enteroscopy
- EUS
- ERCP

UROLOGY
- Uroflowmetry
- Cystoscopy

CASHLESS EMPANELMENTS

PSUs & Corporates
- Airports Authority of India
- GAIL
- MSTC Ltd.
- NFL
- REC
- Reliance Industries *and many more...*
- Bharat Petroleum
- Indian Oil
- Nabard
- NHDC Ltd.
- RBI

INSURANCE COMPANY
- Aditya Birla
- Cholamandalam MS
- Go Digit
- HDFC ERGO
- ICICI Lombard
- IFFCO-TOKIO General
- Liberty General
- Navi
- Reliance General
- Reliance Health
- SBI General

TPA
- East West Assist
- Ericson Insurance
- Family Health
- Good Health
- Health India
- Health Insurance
- Medsave
- Raksha
- Safeway
- Vidal
- Vipul Medicorp

*Conditions apply

For Enquiries 810 909 0919
NATIONAL HOSPITAL
E-3/61, Arera Colony, Bhopal 462016
Tel: +91 755 2440004/5/6/7/8 E-mail: info@nhbhopal.com

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉक्टर के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। अमूमन हर किसी के जीवन में ऐसा दुखद क्षण आता है, जब वह किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हो जाता है। ऐसे समय में यदि आर्थिक संकट हो तो समस्या और भी गंभीर हो जाती है।

वैसे तो इस पेशे में व्यावसायिकता हावी है, लेकिन कुछ डॉक्टर और अस्पताल ऐसे भी हैं जो इस संकट की घड़ी में निःस्वार्थ भाव से मरीजों का इलाज करने से पीछे नहीं रहते। राजधानी के ऐसे ही कुछ खास डॉक्टरों से हरिभूमि ने नेशनल डॉक्टर्स डे पर बातचीत की।

व्यवसायिकता के बीच निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले चिकित्सकों को किया जाता है याद

# तीन पीढ़ियों से चिकित्सा क्षेत्र में दे रहे सेवा तो कोई दे रहा फिट रहने के टिप्स

**खास बातें**

- डॉ. मनोरिया ने कहा- ये पेशा पैसे के लिए नहीं, सेवा के लिए चुना
- निर्धनों के इलाज के लिए भी रहते हैं आगे

## चिकित्सा क्षेत्र में दे रहा मनोरिया परिवार सेवा



राजधानी का मनोरिया परिवार अनोखा परिवार है। ये परिवार 50 साल से मरीजों की सेवा कर रहा है। इस परिवार में तीन पीढ़ियां चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवा दे रही हैं। जिनकी प्रथम पीढ़ी से डॉ. प्रभाष चंद मनोरिया ( एमबीबीएस 1970, एमडी 1975, डीएम कार्डियोलॉजी 1977 ), डॉ. पंकज मनोरिया ( एमबीबीएस 1998, एमडी 2002, डीएम कार्डियोलॉजी 2005 ) और डॉ. पियूष मनोरिया (एमबीबीएस 2007, एमडी 2014 एवं डीएम गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी 2017 ) साथ ही डॉ. पंकज मनोरिया की पुत्री रिनी मनोरिया (तृतीय वर्ष एमबीबीएस अध्ययनरत्त हैं) ये तीनों पीढ़ियां लगातार समाज के लोगों को स्वस्थ रखने के लिए जिम्मेदारी के साथ अपना काम कर रही हैं। डॉ. मनोरिया ने बताया कि चिकित्सा पेशे में कई बार ऐसा घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें लोगों के पास पैसे नहीं होते तो मैं अपने परिवार को उनके इलाज के लिए हमेशा आगे रखता हूं। इसलिए मैं इस पेशे को पैसों के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए चुना है।

## सप्लीमेंट पाउडर से किडनी, लिवर और बाल हो जाते हैं खराब

हमीदिया अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव शर्मा ने बताया कि दवाइयों से



बचने लोगों को फिट रहना बहुत जरूरी है। मैं रोज 5 बजे दौड़ता हूं, साइकिलिंग और तैराकी तो बचपन से कर रहा हूं। मैं आयरन मैन की तैयारी भी कर रहा हूं। लोग जल्दी बॉडी बनाने प्रोटीन सप्लीमेंट पाउडर लेते हैं, जिससे किडनी, लिवर और बाल खराब हो जाते हैं। अच्छी बॉडी और फिट रहने घर का खाना खाएं, जिसमें अंकुरित चने, दाल, हरी सब्जी जिसमें प्रोटीन मिल जाता है। फास्टफूड से दूर रहें, तभी स्वस्थ रह सकते हैं। लोग पूछते हैं कि कौनसी साइकिल लें, किस तरह का खाना खाएं? तो अच्छा लगता है कि लोग मुझे देखकर फिटनेस के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

**डॉक्टर्स-डे आज**

## यह हैं 'डॉक्टर डेथ', जिन्होंने तीन हजार से ज्यादा शवों का किया पोस्टमार्टम

**भोपाल।** एक जुलाई को डॉक्टर्स डे है। हम आपको एक राजधानी भोपाल के ऐसे डॉक्टर की कहानी बता रहे हैं जिसने एक रात में 815 लोगों का रिकॉर्ड पोस्टमॉर्टम किए थे। जी हां, झीलों की नगरी भोपाल में 2 और 3 दिसंबर 1984 की दरमयानी रात यूनियन कार्बाइड कंपनी से निकली जहरीली गैस से दहल उठा था। दरअसल, उस रात भोपाल के हमीदिया अस्पताल के कंपाउंड में लाशें बिछी थीं। इन लाशों की फिक्र बस एक व्यक्ति को थी, जिनका नाम डॉ. डीके सत्पथी है। 3 दिसंबर 1984 के बाद इन्हें डॉक्टर डेथ के नाम से जाना जाता है। इस शख्स ने जहरीली गैस के शिकार लगभग तीन हजार से ज्यादा शवों का पोस्टमॉर्टम किया। इस त्रासदी को पूरे 39 साल हो गए, लेकिन हर बार जब भी ये तारीख कैलेंडर में दिखाई देती है तो शरीर में एक सिहरन सी दौड़ पड़ती है। उस रात भोपाल के अस्पतालों में हज़ारों लोग तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे थे और उन्हें बचाने वाला कोई नहीं था।



शहर सरकार का बजट कल होगा पेश

# इस बार नमो पार्क सहित एक दर्जन प्रस्ताव आएंगे

एमआईसी मेंबर की आपत्ति पर कोई भी टैक्स नहीं बढ़ेगा

दो जुलाई को 2500 करोड़ रुपए के बजट के आने का अनुमान

*पुराने बजट में हुई घोषणाओं में से एक भी पूरी न होने पर विपक्ष कर सकता है हंगामा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम भोपाल का पूरा बजट 2 जुलाई मंगलवार को पेश होगा। लोकसभा चुनाव के कारण 3 महीने पहले अनुपूरक बजट पेश होने के बाद अब शहर सरकार पूरा बजट पेश करेगी, लेकिन इसमें प्रॉपर्टी, पानी या मनोरंजन टैक्स नहीं बढ़ेगा। एमआईसी सदस्य और विपक्ष की आपत्ति के बाद टैक्स बढ़ाने का फैसला वापस ले लिया गया, जबकि बजट में नमो उपवन का प्रस्ताव आ सकता है। यह नमो उपवन नगर निगम द्वारा वीआईपी रोड किनारे 3 एकड़ में 5 करोड़ रुपए की लागत से डेवलप किया जाएगा। इसमें सोलर लाइट, फव्वारे, झूले भी रहेंगे। बजट करीब ढाई हजार करोड़ रुपए का होगा।



### चौराहे भी अविकसित

चौराहों पर 9 करोड़ रुपए से सिग्नल, ब्लिंकर्स बनाने का प्लान था। रोड संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर, जैबरा क्रॉसिंग आदि कार्य के लिए भी दो करोड़ रुपए रखे थे। चौराहों पर अन्य विकास कार्य के लिए साढ़े 5 करोड़ रुपए का खर्च होना बताया था। ये काम भी नहीं हो सके हैं।

### पिछले से 300 करोड़ रुपए कम का होगा बजट

इस बार का बजट पिछले साल के बजट से करीब 300 करोड़ रुपए कम होगा। पिछले साल 3306.31 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया था। इस बार 10 फरवरी को 3 महीने के लिए 808 करोड़ 87 लाख 48 हजार रुपए का अंतरिम बजट पेश हो चुका है, जबकि 2 जुलाई को करीब ढाई हजार करोड़ रुपए का बजट और आएगा।

### 10 करोड़ से बनने थे हर कॉलोनी में पार्क

हर घर नल कनेक्शन के साथ ही महापौर मालती राय ने भोपाल की हर कॉलोनी में एक पार्क बनाने का वादा किया था। इसके लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। इसके अलावा शहर में पांच हजार से ज्यादा मीट दुकानें हैं। कई ऐसी जगहों पर हैं, जहां से कुछ दूरी पर ही मेन रोड, मंदिर या स्कूल कॉलेज हैं। इसलिए कवर्ड मीट मार्केट और स्मार्ट फिश मार्केट बनाने का वादा था। इसमें साढ़े 4 करोड़ रुपए रखे गए थे। इसमें से एक भी मार्केट नहीं बना।

### प्रेमपुरा समेत कई घाटों का नहीं हुआ जीर्णोद्धार

हर साल झील महोत्सव मनाया जाता है। इस बार महोत्सव पर 25 लाख रुपए खर्च करने का वादा हुआ था। जबकि प्रेमपुरा घाट का 3 करोड़ रुपए में जीर्णोद्धार करने और अन्य घाटों को भी सुधारने का वादा था। पिछले बजट में महापौर ने कहा था कि गुरुनानक कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण के लिए दो करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बजट की यह घोषणा अब तक पूरी नहीं हुई है। जबकि बजट में मिनी स्पोर्ट्स सेंटर का निर्माण करने के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान रखा था। यह स्पोर्ट्स सेंटर भी नहीं बने हैं।

पहले यहां मिलता था देशभर के प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद, असामाजिक तत्व कोच को पहुंचा रहे नुकसान

# कोच रेस्टोरेंट बना शौचालय, भोपाल स्टेशन पर एक साल से लावारिस पड़े कोच में बदमाशों का अड्डा

रेलवे के बड़े अधिकारी लगातार कर रहे हैं स्टेशन का दौरा, फिर भी अब तक नहीं गया किसी का ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल मंडल की ओर से जोर-शोर से मार्च 2022 में भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 के पास यात्रियों के लिए रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू किया गया था, लेकिन यह सालभर में ही बंद हो गया।

तो वहीं लावारिस हालत में रखे होने से अब लोगों ने इसको शौचालय बना दिया है। साथ ही आसामाजिक तत्व कोच को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसको लेकर रेलवे अधिकारी का ध्यान ही नहीं है, जबकि आए दिन यहां पर रेलवे के आला-अधिकारी दौरा कर रहे हैं।



भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 की ओर पड़ा टूटा-फूटा कोच।



पटरियों को भी लगी जंग।



ऐसे बना शौचालय

### होना था सदुपयोग

रेलवे सूत्रों का कहना है कि रेलवे इस तरह का कोई भी निर्माण कार्य करवाता है तो उसके लिए सर्वे करवाता है। जो रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू किया गया था, वहां बागीचा था, पार्किंग थी और स्वच्छ वातावरण था। यह देखना चाहिए था कि वहां रेस्टोरेंट का संचालन उचित रहेगा या नहीं, ताकि सुविधा का लाभ लोगों को मिले। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी रेल कोच रेस्टोरेंट खोला गया था। अब कम से कम कोच को वापस कोच फैक्टरी या सुरक्षित जगह पर रखवाया जाना चाहिए।

### पहले ऐसा हुआ करता था कोच

रेल कोच रेस्टोरेंट लोगों के आकर्षण का केंद्र था। अब वही परिसर गंदगी से घिरा है। यहां बदबू के कारण खड़े होना भी मुश्किल है। यह अब केवल शो-पीस है। इस मामले को लेकर रेलवे के आला-अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### 55 लाख रुपए से ज्यादा की आय की थी उम्मीद

रेलवे ने मार्च 2022 में कोच रेस्टोरेंट योजना शुरू की था। अब वह कोच बदहाली से घिर गया है। इसका संचालन पीपीपी मोड पर शुरू किया गया था। रेलवे को अनुमान था कि इससे सालाना 55 लाख रुपए से ज्यादा की आय होगी। जब यह शुरू हुआ था, तब लोग यहां अपने चार पहिया वाहन से सीधे रेस्टोरेंट तक पहुंच सकें, इसकी सुविधा शुरू की गई। इसकी खासियत थी कि कोच में विभिन्न प्रदेशों के लजीज व्यंजन जैसे मुंबई की पाव भाजी, कोल्हापुर का मीसल पाव, दक्षिण भारत का इडली-डोसा, बिहार का लिट्टी चोखा, पंजाब का छोला-कुलचा, राजमा-चावल, आलू-बड़ा, समोसा, बुंदेलखंड की आलू-टिक्की, मटर-चाट के साथ ही कई स्वादिष्ट व्यंजन यहां उपलब्ध थे। लेकिन छह माह बाद यह अनूठा रेस्टोरेंट बंद हो गया। इसके बाद एक बार फिर यह शुरू किया गया। लेकिन एक माह बाद यानी साल 2023 के पहले ही यह बंद हो गया। तब से कोच को बदहाली के लिए छोड़ दिया गया। लोगों का कहना है कि अब यह रेस्टोरेंट रात के समय आसामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। इतना ही नहीं, कोच का उपयोग शौचालय के रूप में भी होने लगा है।

## उड़ानों की आवाजाही पर भी पड़ रही मौसम की मार

**संतनगर।** मौसम ख़राबी का असर अब उड़ानों की आवाजाही पर पड़ रहा है। रविवार को भी कई उड़ानें एक से डेढ़ घंटा देरी से राजाभोज एयरपोर्ट पर पहुंची। इंडिगो एयरवेज़ की नाइट मुंबई और बेंगलुरू उड़ान क़रीब सवा घंटा देरी से भोपाल पहुंची। इसके अलावा इंडिगो व अहमदाबाद और दिल्ली उड़ान भी आधा घंटा देरी से भोपाल आईं। इसके अलावा भी कई उड़ानें एक घंटा तक देरी से भोपाल आईं, हालांकि उड़ानें लेट न होने की सूचना यात्रियों को पहले ही दी गई थी। लेकिन जो यात्री एयरपोर्ट पहुंच जाते हैं, उन्हें परेशान होना पड़ता है।




सभी पिकनिक स्पॉट्स सैलानियों से पटे रहे

# शहर में सुबह बादल, दोपहर धूप, शाम से रात तक फुहारें, लोगों ने उठाया जमकर लुत्फ

*देर शाम तक बोट क्लब समेत कई किनारों पर जमा रही भीड़*

*शहर के अंदर भी कई कॉलोनियों में छतरी लगाए घूमते रहे लोग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को दिन सुबह से खिला-खिला और बादलों की लुकाछिपी का रहा। लेकिन दोपहर एक बजे के बाद मौसम बदला। काले घने बादलों के डेरा जमाते ही दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच तेज बौछारें पड़ीं। इसके बाद मौसम फिर खुल गया। इस बीच उमस बढ़ गई, जिससे लोग परेशान रहे।

शाम करीब 7 बजे के बाद फिर से मौसम ने रंग बदला और घने बादल घिर आए। करीब आधे घंटे तक शहर भर में झमाझम बारिश हुई, जिसने उमस से राहत दिलाई। यह क्रम देर रात तक जारी रहा। दिनभर मौसम रंग बदलता रहा, जिसका लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। इसके अलावा शहर के आसपास के लगभग सभी पिकनिक स्पॉट्स पर दिनभर सैलानियों की आवाजाही देखी गई।



### यहां देर शाम तक जमकर भीड़

संडे हॉली-डे के कारण मौसम का आनंद लेने वाले सैलानियों की संख्या आम दिनों के मुकावले चार गुना तक बढ़ गई। बोट क्लब, सैरसपाटा, वनविहार, शाहपुरा झील के किनारे ऋषभदेव पार्क, मनुआभान की टेकरी, चिड़ियाटोल, बिड़ला मंदिर के पास हिल्स सहित कॉलोनियों के अंदर के पार्कों में भी सैलानियों की भीड़ देखी गई। बोट क्लब पर देर शाम तक सैलानियों का आना जाना रहा, जिससे यहां का माहौल देखते ही बन रहा था। बड़ी झील की लहरों की ऊंचाई धीरे धीरे बढने से अब जैसे जैसे बारिश बढ़ेगी, बोट क्लब पर सैलानियों का जमावड़ा भी बढ़ता जाएगा।

### शहर में जून में अधिक वर्षा

राजधानी में एक जून से रविवार शाम तक कुल करीब 290 मिमी तक बारिश हो गई है। यह जून महीने में सामान्य से करीब 140 मिमी तक अधिक है। सोमवार से जुलाई का कोटा शुरू होगा, जिससे पूरी उम्मीद है कि जुलाई में भी शहर में बारिश सामान्य रहेगी।

## जैकेट का शेष

### चार सिस्टमों का असर...

औसतन 32 डिग्री पर रहा है। पचमढ़ी में सबसे कम पारा 26.4 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी एक दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से भारी बारिश होगी। भोपाल में सामान्य वर्षा का अनुमान है।

### बारिश और रफ्तार...

भी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। इन सभी कारण प्रदेश में सिस्टम एक्टिव है और लगातार सक्रियता बनाए हुए है। इससे प्रदेश में बारिश और रफ्तार पकड़ेगी।

**आज यहां भारी बारिश का अलर्ट:** विदिशा, रायसेन, बैतूल, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, अगरमालवा, मंदसौर, मुरैना, श्योपुरकलां, अनुपपुर, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी के साथ भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### केदारनाथ में...

गया। गिरिडीह के देवरी प्रखंड में अरगा नदी पर यह पुल 5.5 करोड़ की लागत से बन रहा था, लेकिन शनिवार रात को बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया। रविवार को नदी की तेज धारा में पुल का गर्डर टूट कर गिर गया। आईएमडी ने उप्र, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में 2 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट है। अरुणाचल प्रदेश में रेड अलर्ट है। मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 जून से 3 जुलाई के बीच 64.5 से 204.4 मिमी बारिश होने की संभावना है।

### बोले यादव -अब...

राज्य अपने मसलों को सुलझाएं। जब हमारी सरकार बनी तो 28 जनवरी को राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा से मिला। हमने एक विषय निकला कि तीनों नदियां चंबल, काली सिंध और पार्वती की जलधारा का दोनों राज्यों बेहतर उपयोग कर सकें। वहीं जो समस्याएं हैं उनका समाधान कर लेंगे। मध्य प्रदेश-राजस्थान तो भाई-भाई जैसे हैं। हम तीन दिन पहले केंद्र में जल शक्ति मंत्री के साथ बैठे थे। उन्होंने कहा कि आप दोनो मिलकर अपने स्तर पर तय कर लें। साथ ही आधारशिला कार्यक्रम में राजस्थान के सीएम भजनलाल बोले कि दोनों राज्यों के बीच धार्मिक स्थलों को लेकर भी अपार संभावनाए हैं। खाटूश्याम से महाकाल तक कॉरिडोर बनाने का प्रयास होना चाहिए। इसके लिए हम अपने यहां महाराणा प्रताप सर्किट को मजबूत करते हुए काम करेंगे।

### औद्योगिक रूप से...

चूरा की नीलामी नहीं हो रही है। इसका केंद्र सरकार के सहयोग से समाधान निकालेंगे। दोनों राज्यों के लोग अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड का एक-दूसरे के राज्य में कैसे उपयोग कर सकें, इसका रास्ता निकालेंगे।

### विधानसभा का बजट...

तैयारियों को लेकर विधानसभा परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के मौके पर विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### नीट पेपर लीक बनेगा...

को लेकर शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों में कई बार कार्यवाही स्थगित हुई थी। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने नीट विवाद पर बहस की मांग की है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि राज्यसभा में सदन के नेता के रूप में अपनी पारी की शुरुआत खुशियों के साथ होगी, लेकिन जिस तरह से लोकतांत्रिक परंपराओं को दांव पर लगाया जा रहा है। साथ ही सदन को बंधक बनाने की कोशिश की जा रही है।

## पेज एक का शेष

### प्रधानमंत्री ने कहा-...

में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने हार्दिक पटेल के अंतिम ओवर और सूर्य कुमार यादव के कैच की भी तारीफ की और जसप्रीत बुमराह के योगदान को भी जमकर सराहा। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने भारतीय क्रिकेट में शानदार योगदान के लिए टीम के कोच राहुल द्रविड़ का भी आभार जताया।

**सही प्रतिभा को बढ़ावा देने ने टीम को बदल दिया:** मोदी ने इसके साथ कप्तान रोहित शर्मा से अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आप उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। आपकी आक्रामक मानसिकता, बल्लेबाजी और कप्तानी ने भारतीय टीम को एक नया आयाम दिया है। आपका टी-20 करियर हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने राहुल द्रविड़ की अविश्वसनीय कोचिंग यात्रा ने भारतीय क्रिकेट की सफलता को आकार दिया है। उनकी अटूट लगन, रणनीतिक अंतर्दृष्टि और सही प्रतिभा को बढ़ावा देने ने टीम को बदल दिया है। भारत उनके योगदान और पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनका आभारी है। हमें उन्हें विश्व कप उठाते हुए देखकर खुशी हुई।

### टीम इंडिया पर...

प्राइजमनी के रूप में 125 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। टीम इंडिया के चैंपियन बनने के बाद आईसीसी की तरफ से 20.4 करोड़ रुपए ईनाम के रूप में मिले, लेकिन बीसीसीआई की तरफ से भारत को आईसीसी के मुकाबले 105 करोड़ रुपए ज्यादा मिलेंगे।

### टी-20 के मैदान...

इसके अलावा रविंद्र जड़ेजा ने भी टी-20 से संन्यास ले लिया। ये एक युग का अंत है। रविंद्र जडेजा ने
इंस्टाग्राम पोस्ट करके संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने कि मैं दिल से कृतज्ञता के साथ टी-20 इंटरनेशनल को अलविदा कहता हूं। गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह, मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी-20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था। यह मेरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का शिखर था। यादों, उत्साह और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद।

### देश में आज...

ऊपर के छात्रों के लिए विशेष मॉड्यूल बनाएगा। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी ने ईएएस/आईपीएस/न्यायिक अधिकारियों और अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, फोरेंसिक लैब आदि के अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास, पंचायती राज मंत्रालयों ने 21 जून को लगभग 40 लाख जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए नए कानूनों पर हिंदी वेबिनार आयोजित किया। 25 जून को अंग्रेजी में दूसरा वेबिनार आयोजित किया गया जिसमें लगभग 50 लाख लोगों ने भाग लिया।

### ई-साक्ष्य, न्यायश्रुति ...

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ने पुलिस, जेल, अभियोजकों, न्यायिक
अधिकारियों, फोरेंसिक विशेषज्ञों और केंद्रीय पुलिस संगठनों की क्षमता निर्माण के लिए 13 प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए हैं। प्रशिक्षण और ज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए मास्टर प्रशिक्षकों का एक समूह बनाया जा रहा है। बीपीआरएंडडी ने पहले ही 250 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/वेबिनार/सेमिनार आयोजित किए हैं और 40,000 से अधिक अधिकारियों/कर्मियों को प्रशिक्षित किया है।

### सभी राज्यों में...

कानूनों के लिए व्यापक दृश्यता की योजना बनाई गई है। एक सरकारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने एफआईआर के पंजीकरण सहित तकनीकी अनुकूलता की सुविधा के लिए अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम सीसीटीएनएस) एप्लिकेशन में 23 कार्यात्मक संशोधन किए हैं। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है, और समीक्षा और सहायता के लिए सहायता दल और कॉल सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं।

### सीएम डॉ. यादव...

सीआरपीसी अर्थात दंड प्रक्रिया संहिता, आईईए अर्थात भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सारे नियम बदलते हुए नए प्रकार के कानून लागू होने वाले हैं। अब दंड संहिता के बजाय न्याय संहिता की बात की जाएगी। अर्थात न्याय के आधार पर हमारी व्यवस्था चलनी चाहिए। अंग्रेज जब तक हम पर हावी थे तब तक वो दंड की बात करते थे। हमारी परंपरा न्याय की परंपरा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात मीडिया से चर्चा में कही।

### आज देश भर...

*को एक दिवसीय गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नए आपराधिक कानूनों के विभिन्न प्रावधानों पर समूह चर्चा, कार्यशालाएं, सेमिनार आदि की योजना बनाई गई है। भारत भर के पुलिस स्टेशन भी कार्यक्रम आयोजित करेंगे।*

### 'चेक पोस्ट' के ...

पदस्थ अमला समयावधि में बदलेगा। प्रदेश के 26 जिलों में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, यह ऐसे हैं जो राज्य से सटे सीमावर्ती राज्यों से हैं। परिवहन विभाग के चेक पोस्टों से अवैध वसूली की शिकायत लंबे समय से हो रही थी। पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव से पहले परिवहन मंत्री ने नई व्यवस्था लागू करने का आश्वासन दिया था, किंतु कुछ नहीं हो पाया। अब मोहन सरकार ने एक जुलाई से नहीं व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसका मजमून सार्वजनिक किया गया है। नई व्यवस्था में 211 होमगार्ड के लिए आवश्यक व्यवस्था हुई है, जो सेवाएं देंगे।

### भारी वाहनों के ...

अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अब सीमावर्ती जिलों में नई व्यवस्था में उड़नदस्ते कार्य करेंगे। परिवहन विभाग के राजस्व संग्रहण में बढ़ोतरी होगी। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव परिवहन एसएन मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला, राघवेंद्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव जनसंपर्क एवं विमानन संदीप यादव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एक घायल, दूसरा ...

लेकिन लव और पुष्पेंद्र गुर्जर बच गए। दोनों ने आरोपी से बंदूक छुड़ा ली जिसके बाद आरोपी कार से ही फरार हो गए। घटना में पुष्पेंद्र गुर्जर के सिर पर डंडा लगा जिससे वे घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। मुरार थाना क्षेत्र के 7 नंबर चौराहे के पास यह घटना घटी। इधर हमले की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और जांच पड़ताल में जुट गई।

### भस्म आरती में ...

श्रद्धालु ऑनलाइन अनुमति लेकर आते हैं। बाकी के भक्त घंटों लाइन में खड़े होकर ऑफलाइन भस्म आरती की अनुमति लेते हैं। इनके अलावा 400 से ज्यादा लोग वीआईपी प्रॉटोकोल के जरिये भस्म आरती में शामिल होते हैं।

### द्विवेदी के पास चीन ...

को 1984 में 18 जम्मू कश्मीर राइफल्स में कमीशन दिया गया था। इसके बाद उन्होंने इसी यूनिट की कमान भी संभाली। जनरल द्विवेदी को उत्तरी और पश्चिमी दोनों थियेटरो को संतुलित करने का गौरव प्राप्त है। द्विवेदी ने उत्तरी कमांडर के रूप में आतंकवाद विरोधी अभियानों को संचालित करने में अहम भूमिका निभाई। 1 जुलाई, 1964 को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी को 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सेना की इन्फैंट्री (जम्मू और कश्मीर राइफल्स) में कमीशन मिला था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान वह विभिन्न कमानों, स्टाफ, प्रशिक्षण संबंधी और विदेशी नियुक्तियों में कार्यरत रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी के पास चीन और पाकिस्तान की ओर से उत्पन्न चुनौतियों की गहरी समझ है, क्योंकि वह उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफके रूप में अपने दो साल तक जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

### सैनिक स्कूल...

कार्लिस्ले, यूएसए में प्रतिष्ठित एनडीसी समकक्ष कोर्स में 'विशिष्ट फेलो' से सम्मानित किया जा चुका है। द्विवेदी ने रक्षा और प्रबंधन अध्ययन में एम फिल और सामरिक अध्ययन एवं सैन्य विज्ञान में दो स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की हैं। उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और तीन जीओसी-इन-सी प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया गया है।

### मां ताप्ती के संबंध...

वायरल वीडियो की पुष्टि हरिभूमि नहीं करता। इस मामले में मुलताई के ताप्ती भक्तों में रोष व्याप्त है। मां ताप्ती मंदिर के प्रमुख पुजारी सौरभ जोशी ने पंडित प्रदीप मिश्रा से मुलताई आकर मां ताप्ती से क्षमा याचना करने और मां ताप्ती के जल का आचमन करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि यदि पंडित प्रदीप मिश्रा मुलताई आकर मां ताप्ती से माफी नहीं मानेंगे, तो भक्त उनके खिलाफ आंदोलन करेंगे। सौरभ जोशी ने रविवार को वीडियो जारी कर बताया कि पंडित प्रदीप मिश्रा ने ताप्ती के बारे में कथा के दौरान कहा था कि वह कृष्ण पर मोहित हो गई थी और इस कारण यमुना ने उन्हें श्राप दिया था। जबकि इस बात का किसी भी शास्त्र में कोई उल्लेख नहीं है। हमारी माता ताप्ती पर गलत व्याख्यान देकर उनका अपमान किया है।

### पं. मिश्रा बोले:...

बैठकर कथा सुनते रहे। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा में पहले दिन कहा कि घर में अनुशासन बनाओगे तो दुशासन पैदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को हर हाल में संस्कारित बनाइए। इस दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने धर्म जाति के नाम पर होने वाले भेदभाव को लेकर कहा कि रक्त सिर्फ रक्त होता है वो किसी जात का नहीं होता और जब हम परमात्मा के द्वार पर पहुंचते हैं तो वहां जाति नहीं बल्कि कर्म देखा जाता है।

### 'एक पेड़ मां के नाम'...

51 लाख पौधे लगाने वाला है। भोपाल ने बीस लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लिया है। एक दिन में 6 जुलाई को लगभग 12 लाख पौधे लगाने का भी लक्ष्य तय किया है। ऐसे कार्यों से ही पर्यावरण का माहौल बनता है। ऐसे में पौधरोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचाएंगे बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पूरे आयोजन के प्रति सरकार गंभीर है। यह अभियान लगातार चलता रहेगा। उन्होंने प्रदेश वासियों से कहा कि सभी को इस अभियान से जुड़ने की अपील करता हूं। सभी लोग अपने परिजन को लेकर माता जी को साथ लेकर सेल्फी लें। अगर माता जी नहीं हैं तो उनके चित्र के साथ एक पौधा लगाकर सेल्फी ले सकते हैं। अभियान के अंतर्गत निर्धारित वेबसाइट पर भी चित्र अपलोड किया जा सकता है। इससे अन्य लोग प्रेरित होंगे। शासन प्रशासन द्वारा बताए गए निर्धारित स्थान पर पौधे लगाएं, सरकार उनकी देखभाल करेगी।






























## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यो के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते है। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते है। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।


**आवश्यकता**

भारतीय वनविभाग जिलानुसार लड़के लड़िकयों की सीधीभर्ती फील्डऑफिसर, फॉरेस्टरेंजर, सिक्योरिटी/फॉरेस्टगार्ड, माली, कंप्यूटरऑपरेटर, (पद-1280), (सैलरी 23500-48500) रहना+खाना+मेडिकल फ्री इच्छुक अपना नामपता आधारकार्ड, मार्कशीट व्हाट्सएप (संजय शुक्ला)- 9120184952 R-24,25,26,27,28,29, to 01/07/24

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544. R- 28,to16/07/24 not 30/06/24

**CHANGE OF NAME**

I Jintee Gogoi Changami is legally wedded spouse of Army No JC 677447P, Rank-Nb Sub, Name Pankaj Changmai Resident at Village -Kotoha Nagaon Post Baligaon District Dibrugarh State Assam Pin Code - 785675 have changed my name from JINTEE GOGOI CHANGAMI to JINTEE GOGOI CHANGMAI in my all documents Vide affidavit No BK 465919 dated 30/06/2024 at Bhopal MP Court



R-15/05 to 30/06/24 not on 04/06


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 5558



**बाएँ से दाए-**

1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5557 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | ब | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | ब | | न | या | | न | दी | | जी | वा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |

## सूडोकू नवताल - 5569

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पोजी का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5568 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## खबर संक्षेप

### रवि अग्रवाल बने सीबीडीटी के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** सरकार ने 1988 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी रवि अग्रवाल को आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह 1986 बैच के आईआरएस अधिकारी नितिन गुप्ता का स्थान लेंगे, जिनका अध्यक्ष के रूप में विस्तारित कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। अग्रवाल वर्तमान में सीबीडीटी में सदस्य (प्रशासन) के रूप में काम कर रहे हैं। एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि अग्रवाल जून, 2025 तक सीबीडीटी के प्रमुख रहेंगे।

### स्मार्टवर्क्स ने 168 करोड़ रुपए का फंड जुटाया

**गुड़गांव।** भारत के अग्रणी मैनेज्ड वर्कस्पेस प्लेटफॉर्म स्मार्टवर्क्स ने घोषणा की,कि उसने केपेल लिमिटेड, अनंत कैपिटल वेंचर्स फंड आई, प्लूटस कैपिटल, फैमिली ट्रस्ट्स और कुछ हाई नेटवर्थ व्यक्तियों समेत निवेशकों से व्यक्तिगत फंडिंग राउंड में 168 करोड़ रुपए (2.024 करोड़ डालर) जुटाए हैं।स्मार्टवर्क्स के प्रवर्तकों की इस कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी हालांकि बनी हुई है। यह कंपनी केपेल लिमिटेड, महिमा स्टॉक्स प्राइवेट लिमिटेड और ड्यूश बैक एजी लंदन ब्रांच को अपने प्रमुख निवेशकों में गिनती है।

### इंद्रप्रस्थ अपोलो में हुआ सफल प्रत्यारोपण

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट और सेल्युलर थेरेपी विभाग के निदेशक डॉ. गौरव खार्या से सुचिता और उनके परिवार की मुलाकात एक महत्वपूर्ण मोड़ ला दी। डॉ. खार्या ने बेहतर जीवन की एकमात्र आशा प्रदान करते हुए अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की सलाह की। उपचार की यात्रा कठिन थी, जिसमें प्रारंभिक इंजेक्शन, कीमोथेरेपी चक्र, बालों का झड़ना आदि शामिल थेडॉ.खार्या के साथ अपने पहले परामर्श के लगभग 6 महीने बाद, सुचिता का सफल प्रत्यारोपण हुआ।

### दस्तूर एनर्जी को मिला पार्टनर का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** दस्तूर एनर्जी को डीकार्बनाइजेशन एक्सीलेंस पार्टनर का अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड द ग्लोबल रिफाइनिंग एंड पेट्रोकेमिकल कांग्रेस की शासकीय परिषद और डाउनस्ट्रीम इंडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024 के आयोजकों की ओर से दिया गया है। यह अवार्ड दस्तूर एनर्जी द्वारा डीकार्बनाइजेशन वैल्यू चेन में गहन विशेषज्ञता प्रदान कर औद्योगिक स्तर पर क्लीन एनर्जी को अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। इस वैल्यू चेन में

### स्टैंडर्ड कैपिटल बोर्ड की बैठक कल

**नई दिल्ली।** फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर की लीडिंग कंपनी स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि फंड जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए उसका बोर्ड 2 जुलाई 2024 को मीटिंग करेगा। हाल ही में कंपनी ने घोषणा की कि उसने इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (इंश्योरेंस ब्रोकर) विनियम, 2018 के तहत प्रत्यक्ष ब्रोकर के रूप में कार्य करने के लिए स्टैंडर्ड इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड के नाम से एक सहायक कंपनी शुरू की है। इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की एनओसी पहले ही ली जा चुकी है ।

### सऊदी ने किया कार्लटन रिजर्व नुजुमा का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** सऊदी देश ने आतिथ्य भावना को एक नए स्तर पर ले जाने के लिए हाल ही में नुजुमा, एक रिट्ज कार्लटन रिजर्व, लाल सागर के लिए अपने दरवाजे खोले हैं। आश्चर्यजनक प्राकृतिक सुंदरता और स्वदेशी डिजाइन के साथ सहज और हार्दिक सेवा का मिश्रण, नुजुमा मध्य पूर्व में ब्रांड की पहली संपत्ति है और दुनिया भर में केवल पाँच रिट्ज-कार्लटन रिजर्व के एक विशेष संग्रह में शामिल हो गई है। यह होटल निजी द्वीपों के एक प्राचीन समूह पर स्थित है, जो लाल सागर के द्वीपों के ब्लू होल समूह का हिस्सा हैं।

## ट्रांसपोर्टरों ने कहा मुख्यमंत्री ने जो वादा किया उसे निभाया

# 95 लाख गाड़ियों को मिलेगी राहत, हर महीने प्रत्येक गाड़ी के 15 हजार बचेंगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राजधानी भोपाल, इंदौर सहित समूचे मध्यप्रदेश के ट्रांसपोर्टरों और परिवहनकर्ताओं ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार जताते हुए कहाकि मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के पहले ट्रांसपोर्टरों से जो वादा किया था उस वादे को निभाते हुए प्रदेश में परिवहन चेकपोस्टों पर व्याप्त अवैध वसूल और भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी को खत्म करने के गुजरात मॉडल लागू आदेश देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार किया है। ट्रांसपोर्टरों ने कहाकि मुख्यमंत्री के इस निर्णय से और नई व्यवस्था लागू होने से मध्यप्रदेश सहित देशभर के 95 लाख गाड़ियों को राहत मिलेगी। इसके अलावा मध्यप्रदेश से निकलने वाली हर एक गाड़ी का प्रति माह होने वाला 15 हजार रुपए खर्च अब बचेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह को जारी पत्र क्रमांक पत्र क्रं.20018/1/आईटीओटीए/जून/2024 में आदेश और निर्देश दिए है कि परिवहन चेकपोस्टो पर हो रहे भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी की शिकायत पत्रों को संज्ञान में लेते 1 जुलाई से प्रदेश में नई व्यवस्था गुजरात मॉडल लागू किया जाए। वही सोशल मीडिया एक्स पर ट्यूट किया है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सुशासन चल रहा है। 1 जुलाई से राज्य में आरटीओ के सभी चेक पोस्ट पर अव्यवस्थाओं को दूर कर बेहतर प्रबंध किए जा रहे हैं।

### चेक पोस्ट पर लग रहे थे अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप

मध्य प्रदेश के परिवहन चेक पोस्ट पर अवैध वसूली, भ्रष्टाचार, ड्राइवर क्लीनर के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने के आरोप लंबे समय से लग रहे थे, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भी सरकार को पत्र लिखकर बार -बार परिवहन चौकियां बंद करने का अनुरोध कर रही थी, हाल ही में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने भी सरकार को चेतावनी दी थी कि यदि 9 जुलाई से पहले इन्हें बंद नहीं किया गया तो मप्र का परिवहन पूरी तरह ठप हो जाएगा।




### समय और पैसे की बचत होगी



मध्यप्रदेश से एक गाड़ी निकलने का महीने का खर्चा 15 हजार रुपए है जो वह अब बचेगा। देशभर के 95 लाख गाड़ियों को राहत मिलेगी। नई व्यवस्था लागू होने से समय की बचत और पैसे बचत होगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपना को साकार किया है उसके लिए हम ट्रांसपोर्टर मुख्यमंत्री का कोटि कोटि आभार व्यक्त करते हैं।

**विजय कालरा**, पूर्व उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन नई दिल्ली

### मप्र में 30 फीसदी परिवहन बढ़ेगा



मुख्यमंत्री ने जो कहा वह किया। ऐतिहासिक फैसला मध्यप्रदेश में लिया है। प्रधानमंत्री का सपना पूरा किया है। प्रधानमंत्री जो कहते है सबका साथ, सबका विकास उसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में चरितार्थ किया है। जो वादा ट्रांसपोर्टरों से किया था कि मै परिवहन चेकपोस्ट जल्द ही बंद करूंगा उसे चरितार्थ किया है। इसके लिए मध्यप्रदेश के परिवहनकर्ता और ट्रांसपोर्टर कोटि कोटि धन्यवाद दे है। अब निश्चित ही मध्यप्रदेश में आवागमन 30 फीसदी बढ़ेगा। जिससे मध्यप्रदेश को राजस्व की प्राप्त भी होगी। प्रदेश में परिवहन सरल और सुगम होगा। **सीएल मुकाती**, अध्यक्ष, इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

### नई व्यवस्था पूर्णतः पारदर्शी हो



मुख्यमंत्री का यह निर्णय ऐतिहासिक है । सरकार गुजरात मॉडल लागू कर जो यह नई व्यवस्था शुरू कर रही उससे ट्रांसपोर्टर को राहत मिलेगी। लेकिन मुख्यमंत्री महोदय से यह अनुरोध है कि यह नई व्यवस्था पूर्णतः पारदर्शी हो, यह इस बात की मॉनीटरिंग सुनिश्चित होनी चाहिए है पुनः भ्रष्टाचार नहीं पनपे।

**ठाकुरलाल राजपूत**, अध्यक्ष, भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनी एसोसिएशन

### खर्च कम होंगे, असर ट्रांसपोर्ट भाड़े पर पड़ेगा



अब गुजरात पैटर्न पर चेकपोस्ट होंगे। किसी प्रकार का कोई भी चालान ऑनलाइन होगा और बीच रास्ते में ट्रक ऑपरेटर को परेशान नहीं होना पड़ेगा। ट्रांसपोर्टरों के लिए वाहन चलाना आसान होगा, खर्च कम होंगे, जिसका असर ट्रांसपोर्ट भाड़े पर पड़ेगा।

**हरीश डाबर**, कमेटी मेंबर भोपाल ऑल इडिया ट्रांसपोर्ट एसोसएशन

## युवाओं के कौशल विकास के लिए कुछ विशेष पहल करने की जरूरत

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ रोजगार मूलक भी बजट हो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बजट काउंडाउन-1



इंडियन सोसाइटी फार ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट भोपाल के अध्यक्ष आरजी द्विवेदी ने कहा कि बजट की बात आते ही सभी नागरिकों की अपनी अपनी अपेक्षाएं होती हैं और वित्त मंत्री को बजट बनाते समय आय और व्यय के बीच संतुलन रखना पड़ता है। सामान्यतः बजट बनाने की दो पहलू होते हैं पहले यह की वर्तमान परिस्थितियों कैसी है और दूसरा दूरगामी लक्ष्यों की पूर्ति के लिए क्या किया जाना है । पिछले कुछ वर्षों में बजट में बुनियादी ढांचे में अच्छा निवेश किया गया है। इससे निर्यात निवेश और विकास दर बढ़ाने में मदद मिल रही है। अकुशल एवं अर्ध कुशल युवाओं को अधोसंरचना क्षेत्र मे रोजगार मिला है अतः इसमें निरंतरता बनाए रखना चाहिए, जिससे युवाओं को रोजगार मिल सके क्योंकि बेरोजगारी वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या है। द्विवेदी ने कहाकि विनिर्माण के क्षेत्र में कुछ ऐसे क्षेत्र जिसमें ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है।

### पेट्रोल डीजल में टैक्स में कमी की जाए

द्विवेदी ने प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं तथा लगने वाले उद्योग के बीच में सामंजस्य का अभाव रहता है जिसे वांछित परिणाम नहीं प्राप्त होते इसलिए जिस क्षेत्र के उद्योग आ रहे हैं उसी क्षेत्र में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना में सुधार के साथ शिक्षा एवं स्वास्थ्य का प्रोत्साहन दिया जाए तथा वहीं पर कौशल प्रशिक्षण दिया जाए तो शहर की ओर पलायन रुकेगा । विकास दर में वृद्धि के लिए निवेश, निर्यात, सरकारी व्यय तथा खपत बढ़ाना चाहिए । सर्वाधिक रोजगार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग प्रदान करते हैं।

## बैंकों पर साइबर अटैक का खतरा रिजर्व बैंक ने भेजा सबको अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने देशभर के बैंकों को संभावित साइबर हमलों के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी है। केंद्रीय बैंक ने विश्वसनीय खुफिया रिपोर्टों के बाद यह निर्देश दिया है। इसमें बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी खतरे का पता लगाने के लिए चौबीसों घंटे अपने सिस्टम की सक्रिय निगरानी करें। जारी एक एडवाइजरी में आरबीआई ने कहा कि संभावित साइबर हमलों के संबंध में प्राप्त विश्वसनीय खुफिया जानकारी के मद्देनजर रेगुलेटेड एंटिटीज को इन खतरों से बचाव के लिए निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने की सलाह दी जाती है। आरबीआई का यह संदेश सोशल मीडिया पर एक पोस्ट से पहले आया था जिसमें बताया गया था कि कई हाई-प्रोफाइल हमलों के लिए कुख्यात ग्रुप लुल्जसेक भारतीय बैंकों को निशाना बना रहा है। माना जा रहा था कि यह समूह निष्क्रिय हो गया है।

## दस नंबर मार्केट के व्यापारियों ने स्वच्छता अभियान में की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दस नंबर नेहरू मार्केट व्यापारी संघ द्वारा मार्केट में स्वच्छता अभियान के तहत पूर्व नगर निगम अध्यक्ष एवं स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश संयोजक सुरजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में सफ़ाई की गई। इसके साथ ही पौधों की क्यारियों में लगी खरपतवार भी साफ करके बरसात के मद्देनजर कीटनाशक का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर मार्केट के अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोथानी,अमृत गहलोत,अर्जुन सिंगरौली पटेल, सुनील सचदेवा,इंदर तलरेजा,लक्ष्मण बिजलानी,सुमित अग्रवाल उपस्थित रहे।

## यूनियन बैंक ने किया प्रीमियर शाखाओं का शुभारंभ

**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी नई यूनियन प्रीमियर शाखाओं का शुभारंभ किया। ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों में यूनियन बैंक के सम्मानित ग्राहकों के लिए यूनियन प्रीमियर एक विशिष्ट शाखा बैंकिंग अनुभव है। वैयक्तिकृत और त्वरित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई ये शाखाएं रूसू बाजारों में उच्च मूल्य वाले ग्राहकों के लिए समग्र सेवा समाधान के अंतर्गत उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेंगी।

यूनियन प्रीमियर शाखाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी (रूसू ) ग्राहकों के लिए सुविधा, समृद्धि और दक्षता पर जोर देने वाली विशिष्ट सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करके बैंकिंग मानकों को पुनः परिभाषित करने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्देश्य समर्पित ध्यान, आकर्षक शाखाओं और उच्च गुणवत्ता वाली सेवा के माध्यम से ग्राहकों की संतुष्टि को बढ़ाना है। प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए.मणिमेखलै ने बतायाकि यूनियन प्रीमियर शाखाओं का शुभारंभ हमारे सभी मूल्यवान ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि सभी ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्राप्त हों और वे ऐसा बैंकिंग अनुभव प्राप्त करें जो विश्व स्तरीय हो।

## नियम बदलने से आज से पड़ेगा आम आदमी की जेब पर असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर महीने की पहली तारीख को वित्तीय नियमों में बदलाव होते हैं और 1 जुलाई 2024 से कई महत्वपूर्ण बदलाव लागू हो रहा है। 1 जुलाई के महीने से इनकम टैक्स रिटर्न, बैंकिंग नियमों में बदलाव और फ्यूल प्राइस में संभावित वृद्धि जैसे कई नए नियम लागू होंगे। जिनका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा।

**जुलाई में आम बजट पेश होने की उम्मीद:** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट जुलाई के आखिरी सप्ताह में पेश किए जाने की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 22 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आगामी यूनियन बजट पेश कर सकती हैं। निर्मला सीतारमण ने अब तक वित्त मंत्री के रूप में अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान छह बजट पेश किए हैं। यह उनका लगातार सातवां बजट होगा।

**जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के रिचार्ज प्लान महंगे होंगे :** जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने रिचार्ज प्लान महंगे कर दिए हैं। ये नए रिचार्ज प्लान 3 जुलाई से लागू होंगे। जियो का बेसिक प्लान 155 रुपये से बढ़ाकर 189 रुप, कर दिया गया है।

**महंगा होगा गाड़ी खरीदना:** टाटा मोटर्स ने 1 जुलाई से अपने कमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। यह बढ़ोतरी बढ़ती हुई लागतों को कवर करने के लिए की जा रही है। भारत की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने इससे पहले मार्च में भी अपने कमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 फीसदी तक का इजाफा किया था।

**इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन:** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 (आकलन वर्ष 2024-25) के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2024 तय की है। आपके पास ज्यादा समय नहीं बचा है, इसलिए आखिरी दिन की हड़बड़ी से बचने के लिए अभी ही टैक्स फाइलिंग कर लें।

**क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट के नए नियम:** एक जुलाई से भारतीय रिजर्व बैंक के नए नियम लागू होंगे, जिनसे क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट में बदलाव होंगे।

आरबीआई ने निर्देश दिया है कि 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट भारत बिल पेमेंट प्रणाली के माध्यम से किए जाने चाहिए। इससे फोनपे, क्रेड, बिलडेस्क और इंफीबीम एवेन्यूज जैसे प्रमुख फिनटेक प्लेटफॉर्म प्रभावित होंगे।

## बिजनेस प्लस

### कॅरियर कॉलेज में सफल मेगा ओपन जॉब फेयर का आयोजन




**भोपाल।** युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय,भोपाल,सीआईआई एवं एनआईआईटी भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में कॅरियर कॉलेज बीएचईएल में मेगा ओपन जॉब फेयर का आयोजन किया गया। कॅरियर भोपाल के चेयरमैन मनीष राजोरिया ने कहा कि इस जॉब फेयर का उद्देश्य भोपाल जिले के अधिक से अधिक योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था। उन्होंने बताया की इस रोजगार मेले में विभिन्न सेक्टर्स की 50 से अधिक कंपनियों ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करे, जिसमें तीस लाख रुपए तक वार्षिक वेतन प्रदान करने वाली कंपनियों ने सहभागिता की। जिसमें कक्षा 12वीं, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट के उम्मीदवार सम्मिलित हुए। कॅरियर कॉलेज के ग्रुप डायरेक्टर प्रोफेसर प्रदीप जैन ने बताया कि इस जॉब फेयर में लगभग 1800 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया।जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों का चयन किया गया साथ ही 300 से अधिक विद्यार्थियों को शार्ट लिस्ट किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी विजय पाटिल ने बताया की मध्यप्रदेश शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो इसी उद्देश्य से यह रोजगार कॅरियर कॉलेज में आयोजित किया गया।इस रोजगार मेले की संपूर्ण जानकारी एमपी रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है। एनआईआईटी के संचालक श्री अमित तनेजा ने बताया की कॅरियर कॉलेज के साथ यह हमारा बारहवां जॉब फेयर है और बैंकिंग सेक्टर की नामी बैंक्स ने इसमें सहभागिता की। सीआईआई की डायरेक्टर और स्टेट हेड अमृता गुप्ता ने बताया कि इस मेगा ओपन जॉब फेयर में भोपाल व मंडीदीप की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भी रोजगार के अवसर प्रदान करे। इस मेगा ओपन जॉब फेयर का संपूर्ण संचालन कैरियर कॉलेज के प्लेसमेंट प्रभारी देवेश कुमार माथुर व डॉक्टर शिल्पी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। जिन्होंने बताया की एक्सिस बैंक, इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक , हेक्सा वेयर, आईसीआईसीआई बैंक, एलआईसी ऑफ इंडिया ,एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, वर्धमान, बीबीबी ओवरसीज, बजाज कैपिटल, वियरटेक , हिन्द फार्मा जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां इस मेगा जॉब फेयर का हिस्सा बनी।

### सेंट्रल बैंक ने की नराकास छिंदवाड़ा की प्रथम बैठक



**भोपाल।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा छिंदवाड़ा नगर में गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति जिसकी अध्यक्षता आयकर कार्यालय एवं सचिवालय सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा समन्वित रूप से किया जाता है। नराकास छिंदवाड़ा की वर्ष 2024-25 में प्रथम बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त आयकर आयुक्त के. बाला मुरली कृष्ण द्वारा की गई। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख कुमार उत्कर्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय भोपाल के मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) राजीव तिवारी ने समीक्षा का कार्य किया तथा कार्यालयों में राजभाषा प्रयोग को बढ़ाने पर व्याखयान प्रस्तुत किया। अध्यक्ष के. बाला मुरली कृष्ण ने बताया कि नराकास के गठन का उद्देश्य छिंदवाड़ा नगर में स्थित केंद्र सरकार, बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के कार्यालयों एवं उपक्रमों में भारत सरकार की भाषानीति के अनुपालन को सुनिशचित करने एवं राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए खास वातावरण तैयार करना है। क्षेत्रीय प्रमुख कुमार उत्कर्ष ने सभी उपस्थित सदस्यों कास्वागत किया तथा बताया कि छिंदवाड़ा नगर भाषिक क्षेत्र 'क' में स्थित है जहां संपूर्ण कार्य हिन्दी में किया जाना अपेक्षित है। नराकास छिंदवाड़ा के पदेन सचिव संजय कुमार मुख्य प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### पाम ऑयल से जुड़ी पोषण से संबंधित धारणाओं पर कार्यशाला का आयोजन



**भोपाल।** सॉलिडारिडाड, एशियन पाम ऑयल एलायंस एवं द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से इंदौर में पाम ऑयल-स्वास्थ्य और पोषण के लिए धारणाओं में बदलाव पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पोषण विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और खाद्य तेल उद्योग द्वारा पाम ऑयल के बहुमुखी गुणों और भारत के खाद्य तेल परिदृश्य में इसकी भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यशाला का मुख्य फोकस पाम ऑइल के स्वास्थ्य संबंधी गुणों पर प्रकाश डालते हुए इसके बारे में फैली गई भ्रामक जानकारियों को दूर करना है। विशेषज्ञों ने पाम ऑयल के सेवन से जुड़े संभावित स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा की, जिसमें हृदय और मस्तिष्क स्वास्थ्य, एंटीऑक्सीडेंट गुण और आंखों की सेहत के लिए इसे अच्छा बताया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि कच्चे पाम ऑयल में कैरोटीनॉयड बहुत अधिक मात्रा में होता है और इसमें संतुलित फैटी एसिड की संरचना होती है, साथ ही कई फाइटोन्यूट्रिएंट्स होते हैं जो हृदय रोग और कुछ कैंसर जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि कुल खाद्य तेल उपभोग की 38 फीसदी से अधिक निर्भरता पाम ऑइल पर है। इस मांग को पूरा करने के लिए 2025-26 तक अतिरिक्त 0.6 मिलियन हेक्टेयर तक पाम ऑयल की खेती के क्षेत्र के विस्तार करने की योजना बनाई गई। इस विस्तार से घरेलू उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। संकेत है कि कच्चे पाम ऑयल का उत्पादन 2025-26 तक 1.12 मिलियन टन तक पहुंच सकता है और 2029-30 तक 2.8 मिलियन टन तक बढ़ सकता है, जो खाद्य तेल उत्पादन में भारत के आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आईआईटी प्रवर्तक के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स रजिस्ट्रेशन शुरू

**चेन्नई।** आईआईटी मद्रास प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन ने गणित कोर्स के माध्यम से 'आउट ऑफ द बॉक्स थिंकिंग' में रजिस्ट्रेशन करने के उम्मीदवारों को आमंत्रित किया है । यह स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ कार्यरत प्रोफेशनल में भी रचनात्मक सोच को बढ़ावा देगा। यह ऑनलाइन कोर्स सभी के लिए निःशुल्क है। प्रत्येक 10 सप्ताह का होगा। नियतकालिक असाइनमेंट और समाधान भी दिए जाएंगे। आईआईटी का लक्ष्य स्कूल और कॉलेज के दस लाख विद्यार्थियों के साथ-साथ कार्यरत प्रोफेशनलों और शोधकर्ताओं को भी इस कोर्स का लाभ देना है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 9 अगस्त 2024 है। ओओबीटी कोर्स (सभी चार स्तर) 10 अगस्त 2024 को शुरू होगा।

### अमेजन ब्यूटी ने लांच किया डर्मा स्टोर और 'स्किनकेयर एडवाइजर'

**बेंगलुरु।** अमेजन ब्यूटी ने ग्राहकों द्वारा सौंदर्य उत्पादों की खोज और खरीदारी के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। अमेजन ने तीन प्रमुख पहलों के लांच की घोषणा की है। इनमें अमेजन डर्मा स्टोर, अपग्रेडेड ग्लोबल ब्यूटी स्टोर 2.0 और इनोवेटिव स्किनकेयर एडवाइजर टूल शामिल है। सौंदर्य प्रेमियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करते हुए अमेजन ब्यूटी ने स्किनकेयर एडवाइजर भी पेश किया है।

### क्रेडिट कार्ड्स से ग्रोसरी की खरीदारी पर ऑफर्स और डिस्काउंट

**नई दिल्ली।** पैसाबाजार के क्रेडिटकार्ड बिजनेस हेड, रोहित छिब्बर के अनुसार जो लोग ग्रोसरी शॉपिंग पर अधिक खर्च करते हैं, उन्हें ऐसा क्रेडिट कार्ड चुनना चाहिए। अधिकतर क्रेडिट कार्ड ब्लिंकिट, बिग बास्केट, स्विगी इंस्टामार्ट जैसे चुनिंदा ऑनलाइन ग्रोसरी प्लेटफॉर्म्स या स्पार और नेचर बास्केट जैसी डिपार्टमेंटल स्टोर चेन में लाभ प्रदान करते हैं, इसलिए ऐसा कार्ड चुनें जो आपकी पसंद के अनुरूप लाभ प्रदान करता हो।

### श्रीराम फार्म सोल्यूशंस ने लांच किए 5 नए क्रॉप प्रोटेक्शन न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स

**इंदौर।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्यूशंस ने फसलों की सुरक्षा एवं उन्हें पोषण प्रदान करने वाले 5 नए क्रॉप प्रोटेक्शन एवं स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं। लांच कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित होटल सायाजी में किया गया था, जहां क्षेत्र के मुख्य चैनल पार्टनर्स ने हिस्सा लिया। इतना ही नहीं, 200 से अधिक वितरकों और 5000 से अधिक दर्शकों ने भी

### आर्मी इंफोटेक ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई ।** आर्मी इंफोटेक लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए कुल निर्गम आकार के बराबर धनराशि जुटाने की योजना बना रही है।

// कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल (म.प्र.) //

पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव हेतु टायर-ट्यूब क्रय करने हेतु 03 माह के लिए ऑनलाइन

निविदा आमंत्रित

कार्यालय पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल में पुलिस विभाग के वाहनों के रख- रखाव हेतु टायर-ट्यूब आवश्यकतानुसार क्रय करने हेतु 03 माह के लिए दर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। नियम एवं शर्तें तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 27/06/2024 के 16:00 बजें। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ की दिनांक | 27/06/2024 के 17:00 बजें। |
| प्री बिड मीटिंग दिनांक | 04/07/2024 के 11:00 बजें। |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 11/07/2024 के 11:00 बजें। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 18/07/2024 के 14:00 बजें। |
| निविदा खोलने की दिनांक | 19/07/2024 के 17:00 बजें। |

जी - 12618/24

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है ।

पुलिस अधीक्षक
पी.टी.एस. (एमटी), भोपाल

कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोतवाली नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक /थाप्र./कोत./भो/डी-/2024 दिनांक :- 27-06-2024

जाहिर सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोतवाली भोपाल के मर्ग क्रमांक 01/2024 में मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 45-50 साल जिसका हुलिया रंग सावंला, शरीर दुबला पतला, हल्की दाढी मूंछ, बाल अधपके, शरीर पर मटमैले ग्रे कलर का फूल आस्तीन का सफारी शर्ट, जिसके नीचे पीले रंग की टी शर्ट तथा नीचे चितकबरा काला भूरा रंग का पजामा (लोवर) पहने है, दाहिने हाथ पर भोलाराम गुदा है। मृत अवस्था मे मिला है जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि मृत व्यक्ति व उसके परिजनों के संबंध में कोई जानकारी हो या इसके परिजन हो तो थाना कोतवाली भोपाल मे आकर संपर्क करें अथवा दूरभाष क्रमांक 0755-2677309 अथवा 0755-24443220 जांचकर्ता सउनि गणेशनलाल के मोबां.नं. 7049157570 अथवा थाना प्रभारी कोतवाली भोपाल के मोबा.नं. 7587601981 पर तत्काल संपर्क करें।

जी -12661/24

देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

थाना प्रभारी
थाना कोतवाली भोपाल

## चिंतन

# टीम भारत की 'विराट' जीत ने रचा कीर्तिमान

टीम भारत ने एक बार फिर से इतिहास रचा है। टी-20 विश्व कप अपने नाम किया है। यह दूसरा मौका है जब भारतीय क्रिकेट टीम ने 20 ओवर के फॉर्मेट में विश्व कप जीता है। इससे पहले वर्ष 2007 में जीता था। वर्ष 2007 में ही टी-20 विश्व कप की शुरूआत हुई थी। उस वर्ष भारत ने विश्व में इस फास्ट फार्मेट में अपना सिक्का जमाया था। विश्व को यह फटाफट क्रिकेट फॉर्मेट में जोश व जुनून भारत की ही देन है। उस वक्त महेंद्र सिंह धोनी कप्तान थे। आईसीसी टूर्नामेंट में पहली बार कपिलदेव की कप्तानी में टीम इंडिया ने वर्ष 1983 में एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप जीता था। उसके बाद टीम भारत की यात्रा कठिन रही। दूसरी आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी वर्ष 2007 में मिली, उसके बाद चार वर्ष के अंतराल में ही वर्ष 2011 में टीम भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में वनडे विश्व कप जीत कर फिर से कीर्तिमान बनाया। महेंद्र सिंह धोनी भारत के ऐसे कप्तान बने, जिनके नाम वनडे व टी-20 दोनों क्रिकेट विश्व कप जीतने का रिकार्ड दर्ज है। अब वर्ष 2011 के 13 साल बाद वर्ष 2024 में टीम भारत ने कोई मेन्स क्रिकेट विश्व कप जीता है। भारत ने दूसरा टी-20 विश्व कप 17 वर्ष बाद जीता है, यह दिखाता है कि एक बेहतरीन टीम होने के बावजूद टीम भारत को कितनी प्रतीक्षा करनी पड़ी है। भारतीय क्रिकेट के कप्तान रोहित शर्मा की टीम ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर रोमांचक जीत हासिल करने का कारनामा किया। यह कप्तानी की जीत है, टीम स्पिरिट की जीत है, सभी खिलाड़ियों के एक टीम के रूप में उम्दा प्रदर्शन की जीत है, खिलाड़ियों के जोश, जज्बे और जुनून की जीत है। खिलाड़ी से लेकर पर्दे के पीछे टीम प्रबंधन के सभी स्टाफ की सामूहिक मेहनत की जीत है। टीम भारत के प्लइंग इलेवन-रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जाडेजा, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बूमराह, रिषभ पंत, शिवम दूबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, सूर्य कुमार यादव, सभी ने विश्व कप के सभी मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोच राहुल द्रविड़ की मेंटर के रूप में जितनी भी तारीफ की जाय कम है। इस विश्व कप की खास बात है कि भारत ने अपना एक भी मैच नहीं हारा। बीसीसीआई का अधिक भरोसा विदेशी कोचों पर रहा है, लेकिन जैसे जैसे भारत में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पौध बढ़ती गई है, टीम प्रबंधन में भारतीय प्रतिभाओं पर भरोसा बढ़ता गया है। रिजल्ट भी दिख रहा है। भारतीय टीम में कभी दि वाल के नाम से मशहूर राहुल द्रविड़ ने अपने खेल के समय विश्व कप जीतने वाली टीम के हिस्सा नहीं बन सके, लेकिन उनका सपना एक कोच के रूप में जरूर पूरा हुआ है। वर्ष 2024 में आईसीसी टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ हैं। आगे वे कोच रहेंगे या नहीं, लेकिन यह कप उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। यह विश्व कप एक उदास क्षण भी लेकर आया है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जाडेजा ने टी-20 फार्मेट के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अब अगले किसी टी-20 आईसीसी टूर्नामेंट में विराट, रोहित जैसे महान खिलाड़ी खेलते नजर नहीं आएंगे। वर्ष 1983 में भारत एक अंडरडॉग टीम थी, किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारत फाइनल में वेस्टइंडीज को हरा देगा। लेकिन ऑलराउंडर कपिलदेव ने अपने बूते टीम इंडिया की नैया पार लगाई थी। उसके बाद बहुत देर लगही। भारतीय क्रिकेट में जीत का जुनून पैदा करने का श्रेय कप्तान सौरभ गांगुली को जाता है, बेशक उनकी कप्तानी में भारत ने विश्व कप न जीता हो, पर जीतने वाली टीम का आधार उन्होंने ही तैयार किया। आज टीम भारत विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। धोनी, विराट और रोहित शर्मा ने सौरभ की जुनूनी धारा को आगे बढ़ाया है। बोर्ड के रूप में बीसीसीआई का योगदान भी अहम है। वेस्ट इंडीज में बारबाडोस की भूमि भारतीय विश्व कप जीत के इतिहास में अंकित हो गई है। टीम भारत को इस रोमांचक जीत के लिए बधाई।

## न्याय संहिता

कृष्णमोहन झा



# न्यायिक व्यवस्था में मील के पत्थर साबित होंगे नए कानून

आज एक जुलाई है। यह तारीख भारतीय न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। आज से ही देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नए आपराधिक कानूनों को लागू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात सांसदों के समक्ष रखी। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू होने जा रहा है। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर नहीं न्याय पर जोर दिया जाता है। भारत सरकार ने जो तीन नए कानून बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए और अंग्रेज़ी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। इनको लेकर राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार-विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इन तीनों कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है, इनमें न्याय का विचार है। भारतीय विचार में न्याय एक प्रकार से अंब्रेला टर्म है। 'न्याय' शब्द में गुनाह करने वाला और विक्टिम, जिसको गुनाह के कारण भुगतना पड़ा है, दोनों को समाहित करके न्याय की एक संपूर्ण कल्पना है। अमित शाह के अनुसार, कानून में कुल 313 बदलाव किए गए हैं, जो भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक आमूलचूल परिवर्तन लाएंगे और किसी को भी अधिकतम 3 वर्षों में न्याय मिल सकेगा। खासतौर से इस कानून में महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखा गया है, अपराधियों को सज़ा मिले ये सुनिश्चित किया गया है और पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना कर सके, ऐसे प्रावधान भी किए गए हैं। एक तरफ राजद्रोह जैसे कानूनों को निरस्त किया गया है, दूसरी ओर धोखा देकर महिला का शोषण करने और मॉब लिंचिग जैसे जघन्य अपराधों के लिए दंड का प्रावधान और संगठित अपराधों और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम भी किया है। शाह ने सदन में आश्वस्त किया कि 1860 से 2023 तक अंग्रेज़ी संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के आधार पर इस देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम चलता रहा। अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे। 15 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री, मोदी ने विधि मंत्रियों और विधि सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भारत जैसे विकासशील देश में एक स्वस्थ समाज के लिए एक त्वरित न्याय व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा था कि न्याय देने में देरी सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह लंबे समय से गांवों में उपयोग में लाया गया है और अब इसे राज्य स्तर पर प्रचारित किया जा सकता है। हमें यह समझना होगा कि इसे राज्यों में स्थानीय स्तर पर न्यायिक व्यवस्था का हिस्सा कैसे बनाया जाए। आपराधिक कानूनों में इन नए संशोधनों का उद्देश्य न्यायिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, और आधुनिक बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के तहत, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी नागरिकों को न्याय मिले और अपराधियों को उचित दंड मिले। इन सुधारों का उद्देश्य समाज में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना और अपराधों को कम करना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## नए कानून

डॉ. मोहन यादव

# सबके लिए त्वरित न्याय की अवधारणा

भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तन और सुधार एक महत्वपूर्ण विषय है, जो समाज की बदलती आवश्यकताओं और न्याय की आवश्यकता को पूरा करने के लिए समय-समय पर किया जाता है। हाल ही में, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे आपराधिक कानूनों को संसद में पारित किया गया। अब एक जुलाई 2024 से पूरे देश में यह लागू हो रहा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, अमित शाह ने संसद में कानून को पेश करते हुए कहा कि खत्म होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेजी शासन को मज़बूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे । इनका उद्देश्य दंड देने का था, न की न्याय देने का। तीन नए कानून की आत्मा भारतीय नागरिकों को संविधान में दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना, इनका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि न्याय देना होगा। भारतीय आत्मा के साथ बनाए गए इन तीन कानूनों से हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा।

पुराने कानूनों में गुलामी की बू आती थी। इन कानूनों को बनाने के पीछे बहुत लंबी प्रक्रिया रही है। इन कानूनों को आज के समय के अनुरूप बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और देश के सभी कानून विश्वविद्यालयों को पत्र लिखे थे। वर्ष 2020 में सभी, राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और सांसदों एवं संघ-शासित प्रदेशों के प्रशासकों को पत्र लिखे गए। इसके बाद व्यापक परामर्श के बाद ये प्रक्रिया कानून बनने जा रही है। इसके लिए 18 राज्यों, 6 संघशासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाई कोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 270 विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए हैं। यह प्रक्रिया सरल नहीं थी, काफी मेहनत की गई बीते 4 सालों में। खूब विचार विमर्श किया गया है। इस संदर्भ में हुई 158 बैठकों में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उपस्थित रहे हैं।



इन कानूनों में क्या बदलाव हुआ है, इस पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बताया कि आज तक आतंकवाद से परिचित सभी थे लेकिन आतंकवाद की परिभाषा, व्याख्या नहीं थी। अब ऐसा नहीं रहेगा। अब अलगाव, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववाद, भारत की एकता, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने जैसे अपराधों की पहली बार इस कानून में व्याख्या की गई है। इससे जुड़ी संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार भी दिया गया है। जांचकर्ता पुलिस अधिकारी के संज्ञान पर कोर्ट इसका आदेश देगा। गौरतलब है कि अनुपस्थिति में ट्रायल के बारे में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला किया है।

इन कानूनों में अत्याधुनिकतम तकनीकों को समाहित किया गया है। दस्तावेज़ों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है, जिनसे अदालतों में लगने वाले कागजों के अंबार से मुक्ति मिलेगी। इस कानून को डिजिटलाइज किया गया है, यानी एफआईआर से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज़ करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। अभी सिर्फ आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकती है, लेकिन अब पूरा ट्रायल, क्रॉस क्वेश्चनिंग सहित, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव होगी। शिकायतकर्ता और गवाहों का परीक्षण, जांच-पड़ताल और मुकदमे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग और उच्च न्यायालय के मुकदमे और पूरी अपीलीय कार्यवाही भी अब डिजिटली संभव होगी। सर्च और जब्ती के समय वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया है, जो केस का हिस्सा होगी और इससे निर्दोष नागरिकों को फंसाया नहीं जा सकेगा। पुलिस द्वारा ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी।

आजादी के 75 सालों के बाद भी दोष सिद्धि का प्रमाण बहुत कम है। यही कारण है कि मोदी सरकार ने फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा देने का काम किया है। तीन साल के बाद हर साल 33 हजार फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स देश को मिलेंगे। साथ ही अमित शाह ने लक्ष्य रखा है कि दोष सिद्धि के प्रमाण को 90 प्रतिशत से ऊपर लेकर जाना है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि 7 वर्ष या इससे अधिक सजा वाले अपराधों के क्राइम सीन पर फॉरेंसिक टीम की विजिट को अनिवार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से पुलिस के पास एक वैज्ञानिक साक्ष्य होगा जिसके बाद कोर्ट में दोषियों के बरी होने की संभावना बहुत कम हो जाएगी। इसके अंतगर्त यौन हिंसा के मामले में पीड़ित का बयान अनिवार्य कर दिया गया है और यौन उत्पीड़न के मामले में बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी अब अनिवार्य कर दी गई है। पुलिस को 90 दिनों में शिकायत का स्टेटस और उसके बाद हर 15 दिनों में फरियादी को स्टेटस देना अनिवार्य होगा। पीड़ित को सुने बिना कोई भी सरकार 7 वर्ष या उससे अधिक के कारावास का केस वापस नहीं ले सकेगी, इससे नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी। ऐसा पहली बार हुआ है कि कम्युनिटी सर्विस को सजा के रूप में इस कानून के तहत लाया जा रहा है। छोटे मामलों में समरी ट्रायल का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। अब 3 साल तक की सजा वाले अपराध समरी ट्रायल में शामिल हो जाएंगे। इस अकेले प्रावधान से ही सेशंस कोर्ट्स में 40 प्रतिशत से अधिक केस समाप्त हो जाएंगे।

आरोप पत्र दाखिल करने के लिए 90 दिनों की समय सीमा तय कर दी गई है और परिस्थिति देखकर अदालत आगे 90 दिनों की परमिशन और दे सकेंगी। इस प्रकार 180 दिनों के अंदर जांच समाप्त कर ट्रायल के लिए भेज देना होगा। कोर्ट अब आरोपित व्यक्ति को आरोप तय करने का नोटिस 60 दिनों में देने के लिए बाध्य होंगे। बहस पूरी होने के 30 दिनों के अंदर न्यायाधीश को फैसला देना होगा, इससे सालों तक निर्णय लंबित नहीं रहेगा और फैसला 7 दिनों के अंदर ऑनलाइन उपलब्ध कराना होगा।


पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 - पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर न्याय पर जोर दिया जाता है।

पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने धार्मिक कट्टरवाद और आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाया है। आतंकवाद और उग्रवाद को लेकर सरकार की शून्य-सहिष्णुता नीतियों और कार्यों के कारण ये ताकतें अब रक्षात्मक मुद्रा में हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार ने यूएपीए समेत संबंधित अधिनियमों में आवश्यक संशोधन किए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को विदेशों में भारतीयों और भारतीय हितों से संबंधित आतंकी अपराधों की जांच करने का अधिकार दिया गया है। नए आपराधिक कानूनों ने अनुपस्थिति में मुकदमे की अनुमति देकर इस बदलाव को और मजबूत किया है।

(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# ध्यान और विवेक से साधा जा सकता है मन



संकलित

## दर्शन

मन की कोई एक जगह शरीर में पक्की नहीं है। मन तो फैला हुआ है। मन वह अदृश्य शक्ति है, जो चुपचाप से अपना काम करती चली जाती है। इस शक्ति के ऊपर हम सजगता और होश के द्वारा जरूर नियंत्रण पा सकते हैं। अच्छा-बुरा, शुभ-अशुभ, ज्ञान-अज्ञान सब तरह के संस्कार आपके मन के ऊपर अपनी छाप छोड़ते रहते हैं और ये संस्कार ही समय आने पर विचार के रूप में प्रकट होते हैं। अब आप जब भी ध्यान में बैठें, तो उस समय अपने विचारों को होशपूर्वक पकड़ना। धीरे-धीरे होश जगने लगेगा, थोड़े-थोड़े विचार पकड़ में आने लगेंगे। जैसे विचारों की धारा शुरू करने से पहले मन अनुमति मांग रहा हो कि विचार करूं या न करूं। जहां तुम सजग हुए, वहीं विचार ठहरेंगे। जहां विचार ठहरेंगे, तब ऐसा लगेगा कि मन तो कुछ है ही नहीं। एक ने पूछा कि 'मन को हटाए बिना आत्मज्योति की झलक नहीं पा सकते हैं। तो मन को बीच में से हटाएगा कौन? इस मन को मारेगा कौन? यह 'मैं' कौन है? इस शरीर में कौन-सा ऐसा तत्व है, जो मन को मार सकता है? उसका अनुभव कैसे होगा?' तुम पूछते हो, कौन मारेगा मन को? मैं कहती हूं, तुम्हारा ही होश मारेगा इस मन को। तुम्हारी ही सजगता इसको मारेगी। अब यह सवाल उठ सकता है कि मन कहां है? मन बायीं ओर है या दायीं ओर है? या फेफड़ों के बीच में है? नहीं! मन तो पूरे शरीर में और शरीर के बाहर भी व्याप्त है। लेकिन हर्ष, भय जैसी हर भावना के उठने पर तुम सीने में कुछ महसूस करते हो।

# ऐसे घर जहां, कोई मृत्यु न हुई हो



संकलित

## प्रेरणा

भगवान बुद्ध के समय में, किसागोतमी नाम की एक महिला के एकमात्र पुत्र की मृत्यु हो गई। दुख से परेशान होकर, वह अपने मृत पुत्र को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से दवा पूछती हुई एक घर से दूसरे घर घूमने लगी। किसी ने उसे कह दिया कि भगवान बुद्ध के पास ऐसी दवा है। किसागोतमी भगवान बुद्ध के पास पहुंची, उन्हें प्रणाम किया और पूछा, क्या आप ऐसी दवा बता सकते हैं, जिससे मेरा मृत पुत्र जीवित हो उठे? मुझे ऐसी दवा के बारे में पता है,' बुद्ध ने कहा। 'परंतु उसके लिए मुझे कुछ चीजों की जरूरत पड़ेगी। महिला ने राहत की सांस लेते हुए पूछा, 'आपको क्या चाहिए? मुझे एक मुट्ठी सरसों के बीज चाहिए,' बुद्ध ने कहा। महिला ने बुद्ध को वह सामग्री लाकर देने का वादा किया किंतु ज्यों ही वह जाने लगी, बुद्ध ने कहा, 'सरसों के बीज उसी घर से लेकर आना, जहां कभी किसी संतान, पति-पत्नी, माता-पिता या सेवक की मृत्यु न हुई हो। महिला ने हामी भरी और वह सरसों के बीज की तलाश करती हुई एक घर से दूसरे घर भटकने लगी। उसने पाया कि ऐसा कोई घर नहीं था, जहां कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। कहीं पुत्री, कहीं सेवक, कहीं पति, तो कहीं पिता की मृत्यु हो चुकी थी। किसागोतमी को वहां एक भी घर ऐसा नहीं मिला, जहां कभी मृत्यु न हुई हो। यह देखकर कि वह अकेली इस दुख से पीड़ित नहीं थी, उसने अपने मृत पुत्र के शव का मोह छोड़ दिया और बुद्ध के पास लौट आई। तब बुद्ध ने अत्यंत करुण भाव से कहा, 'तुमने सोचा कि सिर्फ तुम्हारे पुत्र की मृत्यु हुई है।

## सटाका




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों से परेशानी

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी में इन दिनों आवारा कुत्तों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में रात को आने-जाने वालों को काफी परेशानी हो रही है। आवारा कुत्ते राहगीरों को दौड़ा देते हैं। ऐसे में वाहन चालकों को इनसे बचना मुश्किल होता है। यह कालोनी ग्राम पंचायत क्षेत्र में आती है। ऐसे में यहां की परेशानी को हल करने वाले ध्यान नहीं दे रहे हैं। हाउसिंग का दफ्तर भी यहां की समस्याएं सुलझाने में नाकाम साबित हो रहा है।

*- शाहीन बेगम*

## करंट अफेयर


# महासागर अध्ययन के बारे में देखा सपना, बनाया रॉकेट

पोर्ट ब्लेयर में पली-बढ़ी होने के चलते महासागर अध्ययन की असीम संभावनाओं के बारे में सपने देखने से लेकर रॉकेट बनाने के क्षेत्र में अग्रणी होने तक युवा इंजीनियर सरनिया पेरियास्वामी के लिए विभिन्न चीजें सीखने का एक रोमांचक दौर रहा। चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप 'अग्निकुल कॉसमॉस' की इंजीनियर 30 वर्षीय पेरियास्वामी ने 3-डी मुद्रित प्रक्षेपण यान 'अग्निबाण सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर' (एसओआरटीईडी) को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एसओआरटीईडी ने 30 मई को अपनी पहली उड़ान भरी थी। 'अग्निबाण-एसओआरटीईडी' का प्रक्षेपण पहले 22 मार्च को निर्धारित किया गया था, लेकिन कुछ कारणों से इसे बाद के लिए टाल दिया गया था। सरनिया पेरियास्वामी ने यहां एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित 'इंडिया स्पेस कांग्रेस' के इतर मीडिया से कहा, जब भी कोई प्रक्षेपण होता है, तो बहुत अधिक बाहरी दबाव होता है। हर कोई प्रक्षेपण का इंतजार कर रहा होता है और यदि आप इसे पूरा नहीं कर पाते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप कहीं विफल हो रहे हैं। पेरियास्वामी ने अपनी स्कूली शिक्षा और स्नातक की पढ़ाई अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी एवं अपने जन्म स्थान पोर्ट ब्लेयर में की।



## ऑफ बीट

# प्लास्टिक को दोबारा इस्तेमाल कर बेचने की नई पहल



जयपुर हेरिटेज नगर निगम ने एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक उत्पादों (एसयूपी) को सीमेंट निर्माण संयंत्रों को बेचकर इसे लाभप्रद उद्यम बना दिया है। निगम ने अभियान के दौरान जब्त हजारों टन एसयूपी को दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाकर बेचने की नयी पहल की है। निगम ने प्रकृति के लिए हानिकारक पॉलीथिन को नष्ट करने के बजाय लांगड़ियावास और मथुरादापुरा 'डंप यार्ड' में 'रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल' (आरडीएफ) मशीन लगाई हैं, ताकि प्लास्टिक को कुचलकर उसे दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाकर सीमेंट निर्माण संयंत्रों को बेचा जा सके और इससे कुर्सियां, मेज आदि जा सकें। अधिकारियों ने बताया कि निगम ने पिछले तीन-चार महीनों में अपनी कार्रवाई के दौरान करीब 6,000 किलोग्राम एसयूपी को जब्त किया है और इसे दोबारा इस्तेमाल करने योग्य बनाने के बाद सीमेंट संयंत्रों को बेचकर राजस्व अर्जित किया है। जयपुर हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कहा, अभियान के दौरान जब्त इस प्लास्टिक का निस्तारण हमारे सामने बड़ी समस्या थी। 'डंप यार्ड' में आरडीएफ मशीनें लगाई गईं, ताकि प्लास्टिक को काटकर सीमेंट बनाने वाले संयंत्रों को इन्हें बेचा जा सके। इससे निगम को राजस्व भी मिलने लगा है।

## ट्रेंड

### द्रविड़ ने टीम को बदल दिया



राहुल द्रविड़ की अविश्वसनीय कोचिंग यात्रा ने भारतीय क्रिकेट की सफलता को आकार दिया है। उनके अटूट समर्पण, रणनीतिक अंतर्दृष्टि और सही प्रतिभा के पोषण ने टीम को बदल दिया है। हम उसे विश्व कप उठाते हुए देखकर खुश हैं। उन्हें बधाई देकर खुशी हुई।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आश्चर्यजनक परिणाम



वैसे तो जिंदगी में कोई भी फैसला सही नहीं होता. यदि आप कोई निर्णय लेते हैं और उसमें अपना सब कुछ लगा देते हैं, तो यह आश्चर्यजनक रूप से परिणाम देगा। मृत्यु दर को नज़रअंदाज़ करना सबसे बड़ी अज्ञानता है।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### जीत पर हर भारतीय को गर्व



रोमांचक फाइनल में टीम इंडिया ने 17 साल बाद जीता टी20 वर्ल्डकप! नीले रंग के परिधानों में पुरुषों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई। मैच में विराट कोहली, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह चमके। इस अविश्वसनीय जीत पर हर भारतीय को गर्व है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### हर लड़ाई में नया हीरो



हर लड़ाई में एक नया हीरो, एक अलग मैन ऑफ द मैच था - टीम वर्क की जीत हुई... कोई भी सिम्फनी की सीटी नहीं बजा सकता, इसे बजाने के लिए एक ऑर्केस्ट्रा की जरूरत होती है।

**-नवजोत सिंह सिद्धू, क्रिकेट एक्सपर्ट**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### अच्छे लोग होते हैं, वह दूसरों के लिए जीते हैं

**मंडीदीप।** जो लोग अच्छे होते हैं, वे दूसरों के लिए जीते हैं, दूसरों की खुशियों में उन्हें आनंद आता है। उपरोक्त बातें आचार्य विनम्रसागर महाराज ने संत निवास में धर्मसभा में कही। उन्होंने कहा कि अगर मानव नम्रता रखे तो देवता भी मनुष्य के वश में हो जाते हैं। श्रद्धा के बिना पूजा-पाठ करना व्यर्थ है।

### भाजपाइयों ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**मंडीदीप।** नगर में भाजपा मंडल ने रविवार को बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, अरविन्द जैन, जीवन सिंह पाल, मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, मंडल कोषाध्यक्ष विनोद जैन, राजेश भवरे, आयोजन प्रभारी गोकुल सूर्यवंशी, घनश्याम गोस्वामी, पार्षद प्रार्थना चौहान, रेखा पाल, पूजा मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना।

### वार्ड 13 में सुना मन की बात कार्यक्रम



**औबेदुल्लागंज।** रविवार को वार्ड 13, बूथ 120 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना गया। इस दौरान पार्षद हेमलता चौरसिया, नीरज चावला, राहुल माहेश्वरी, देवेंद्र डेनी, माया राय, सपना रैकवार आदि मौजूद थे। वहीं मनोज चौरसिया के लिए चर्चा है कि उनकी मन की बात महामंत्री जानते हैं और महामंत्री के मन की बात चौरसिया जानते हैं।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट किए युवती के फोटो

**भोपाल।** छोला मंदिर पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर परिचित युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने युवती के फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए थे। पुलिस के अनुसार, इलाके में रहने वाली 20 साल की युवती प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। कुछ समय पहले प्रमोद नामक युवक से उसकी पहचान हुई थी। पढ़ाई को लेकर उनके बीच बातचीत होती थी, तभी प्रमोद ने युवती के कुछ फोटो अपने मोबाइल से खींच लिए थे। कुछ समय बाद प्रमोद अश्लील बात करने लगा। इस पर युवती ने दूरी बना ली। इससे नाराज प्रमोद ने युवती के फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए. रिश्तेदारों ने फोटो देखा तो युवती को जानकारी दी।

आज से अंग्रेजों के कानून से मुक्त हुई भारतीय न्याय प्रणाली, नए कानून दंड नहीं, बल्कि न्याय केंद्रित: एडीजी जयदीप प्रसाद

# 60 दिन में आरोप तय होंगे और मुकदमा समाप्त होने के 45 दिन में निर्णय, सिविल सेवकों के खिलाफ केस में 120 दिन में फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

1 जुलाई यानि आज से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हो चुका है। नए कानूनों के लागू होने को लेकर मध्य प्रदेश पुलिस भी पूरी तरह तैयार है।

रविवार शाम पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एडीजी लॉ एंड ऑर्डर जयदीप प्रसाद ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये कानून दंड नहीं, बल्कि न्याय केंद्रित है। इन तीनों कानूनों का



उद्देश्य अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषित कर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलना है। नए कानून लागू होने से न्याय प्रणाली आईपीसी के तहत अंग्रेजों द्वारा बनाए गए औपनिवेशिक कानूनों से मुक्त हो चुकी है।

### नए कानूनों में नाबालिग बच्चों की खरीद-फरोख्त जघन्य अपराध

नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के लिए सख्त सजा के प्रावधान किए गए हैं। इन प्रावधानों के अनुसार जहां बच्चों से अपराध करवाना व उन्हें आपराधिक कृत्य में शामिल करना दंडनीय अपराध होगा, वहीं नाबालिग बच्चों की खरीद-फरोख्त जघन्य अपराधों में शामिल की जाएगी। नाबालिग से गैंगरेप किए जाने पर आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान है। नए कानूनों के अनुसार पीड़ित के अभिभावक की उपस्थिति में ही बयान दर्ज किया जा सकेगा। इसी प्रकार नए कानूनों में महिला अपराधों के संबंध में अत्यंत सख्ती बरती गई है। इसके तहत महिला से गैंगरेप में 20 साल की सजा और आजीवन कारावास, यौन संबंध के लिए झूठे वादे करना या पहचान छिपाना भी अब अपराध होगा। साथ ही पीड़िता के घर पर महिला अधिकारी की मौजूदगी में ही बयान दर्ज करने का भी प्रावधान है।

### कम गंभीर मामलों के लिए समरी ट्रायल अनिवार्य

अब 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे और मुकदमा समाप्त होने के 45 दिन में निर्णय देना होगा। वहीं सिविल सेवकों के खिलाफ मामलों में 120 दिन में निर्णय अनिवार्य होगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत मामलों की तय समय में जांच, सुनवाई और बहस पूरी होने के 30 दिन के भीतर फैसला देने का प्रावधान है। इसी प्रकार छोटे और कम गंभीर मामलों के लिए समरी ट्रायल अनिवार्य होगा। नए कानूनों में पहली बार अपराध पर हिरासत अवधि कम रखी जाने व एक तिहाई सजा पूरी करने पर जमानत का प्रावधान है। साथ ही किसी भी शिकायतकर्ता को 90 दिन में जांच रिपोर्ट देना अनिवार्य होगा और गिरफ्तार व्यक्ति की जानकारी भी सार्वजनिक करनी होगी।

### जीरो पर एफआईआर

ई-एफआईआर के मामले में फरियादी को तीन दिन के भीतर थाने पहुंचकर एफआईआर की कॉपी पर साइन करने होंगे। नए बदलावों के तहत जीरो एफआईआर को कानूनी तौर पर अनिवार्य कर दिया है। फरियादी को एफआईआर, बयान से जुड़े दस्तावेज भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। फरियादी चाहे तो पुलिस द्वारा आरोपी से हुई पूछताछ के बिंदु ले सकता है।

आरोपी ने जो चेक दिए थे, वह भी बाउंस हो गए

# सेवादार ने आश्रम संचालक को लगाया 44 लाख रु. का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र में आश्रम संचालक को सेवादार द्वारा 44 लाख रुपए का चूना लगाए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आश्रम संचालक की शिकायत पर सेवादार के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। सेवादार ने आश्रम के लिए नर्मदा नदी के किनारे भूमि दिलवाने और निवेश समेत अन्य कार्य के नाम पर संचालक से 44 लाख रुपए लिए थे और उक्त रुपए हड़प लिए। आरोपी ने जो चेक दिए थे, वह भी बाउंस हो गए।



पुलिस के अनुसार, शालीमार पार्क दामखेड़ा कोलार रोड निवासी योगेंद्र मिश्रा ध्यान, साधना एवं योग केंद्र संचालित करते हैं। कोलार रोड स्थित हॉलीक्रॉस स्कूल के पास उनका प्राण योग ट्रस्ट के नाम से आश्रम हैं। योगेंद्र ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2012 में सोशल मीडिया पर उनकी पहचान प्रिंस गोयल नामक युवक से हुई थी। वह श्रीमुक्तसर साहिब पंजाब का है। प्रिंस ने उन्हें बताया कि वह विभिन्न कंपनियों का मालिक होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फॉरेन ट्रेडिंग, इंपोर्ट एक्सपोर्ट, संपत्ति के क्रय-विक्रय, भवन निर्माण, शेयर मार्केट आदि का काम करता है। प्रिंस का कहना था कि वह आश्रम से संबधित किताबें, औषधी, योग आदि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके ट्रस्ट के माध्यम से बढ़ाएगा और फॉरेन ट्रेडिंग के माध्यम से निवेश में अच्छा मुनाफा भी दिलवाएगा। उसे यह भी पता था कि योगेंद्र नर्मदा नदी के किनारे अपना आश्रम बनाना चाहते हैं, जिसके लिए वह जमीन की तलाश कर रहे हैं।

### नर्मदा नदी के किनारे भूमि दिलवाने और निवेश के नाम पर लिए रुपए

अप्रैल 2023 में प्रिंस गोयल अपने तीन अन्य साथियों को लेकर उनके आश्रम आया और सेवादार बनकर आश्रम के काम करने लगा। योगेंद्र को उस पर विश्वास था, इसलिए उन्होंने उसे सारे काम सौंप दिए। अप्रैल से अगस्त 2023 तक प्रिंस गोयल ने निवेश करने, भूमि का अनुबंध करवाने, फ्लिप कार्ट पर खाता खुलवाने समेत अन्य कामों के नाम पर 44 लाख रुपए ले लिए. कुछ समय बाद योगेंद्र को पता चला कि उन्होंने जिन कामों के लिए रुपए दिए थे, वे काम नहीं हुए हैं। उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे तो उसने योगेंद्र को दो चेक दिए और उसके बाद फरार हो गया। योगेंद्र ने चेक बैंक में लगाए तो वह बाउंस हो गए। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की थी।

### होमगार्ड जवान से 6 लाख रुपए की ठगी


सूर्यनारायण तोरनिया शिर्डीपुरम कोलार रोड पर रहते हैं। वे होमगार्ड में नौकरी करते हैं और होशंगाबाद में पदस्थ हैं। गत वर्ष उनकी मुलाकात जितेंद्र बाधवानी से हुई थी। जितेंद्र ने सूर्यनारायण को बताया कि रिचा गौर की ग्राम इमलिया जरगर में जमीन है। सूर्यनारायण और उनकी पत्नी कंचन ठाकुर ने इमलिया जाकर 4500 वर्ग फीट का एक प्लाट पसंद किया, जिसका सौदा 16 लाख रुपए में तय हुआ। बुकिंग में सूर्यनारायण ने 5100 रुपए दे दिए। रजिस्ट्री कराने से तीन दिन पहले जितेंद्र बाधवानी उनके घर पहुंचे और बताया कि रिजस्ट्री के लिए स्लाट बुक करना है, इसलिए 6 लाख रुपए देने होंगे। सूर्यनारायण ने 2 चैक रिचा गौर के नाम पर काट दिए, रजिस्ट्री से पहले दंपति प्लाट पर फोटो खिंचवाने पहुंचे तो पता चला कि प्लाट किसी और का है। सूर्यनारायण ने जब रुपए वापस मांगे तो रिचा गौर ने दो चेक दे दिए, लेकिन वह बाउंस हो गए। इसके बाद सूर्यनारायण ने शिकायत पुलिस से की।

ममेरे भाई पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

# शादी से इंकार करने पर अमरावद खुर्द के जंगल में लगाई थी युवती ने फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित अमरावद खुर्द के जंगल में गत 19 मई को एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की। जांच में पता चला कि उसके ममेरे भाई ने उसे थप्पड़ मारा था और शादी करने से इंकार किया था। इसी बात से दुखी होकर उसने फांसी लगा ली थी। पुलिस ने ममेरे भाई पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



एसआई शिवबाबू त्रिपाठी ने बताया कि संध्या उर्फ पूजा उईके मूलतः मंडीदीप में रहती थी। मां और पिता का विवाद होने के कारण मां अपने बेटे और संध्या को लेकर भोपाल आ गई और अमरावत खुर्द में भाई के पास रह रही थी। उनकी बेटी बीस साल की संध्या नूतन कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। मां ने पुलिस को बताया कि नूरगंज दाहोद में रहने वाला दीपक उईके उनके भाई का बेटा है। उसके बर्थडे में वह बेटी और बेटे को लेकर गई थी। वहां बेटी का दीपक से परिचय हो गया। दोनों की मोबाइल पर बातचीत होती थी और शादी की बात चल रही थी।

### दीपक के थप्पड़ मारने से दुखी थी संध्या

गत 19 मई को संध्या ने जंगल में फांसी लगा ली थी। परिजन ने बताया कि उसका दीपक का शादी की बात को लेकर विवाद हुआ था। दीपक ने उसे शादी करने से इंकार कर दिया था। दुखी होकर संध्या ने अपना मोबाइल तोड़ दिया। दीपक से उसने कहा था कि वह आत्महत्या कर लेगी। दीपक ने उसकी बातों को अनसुना कर दिया और उसका मोबाइल लेकर चला गया था। दुखी होकर संध्या ने पेड़ पर फांसी लगा ली थी। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला था, लेकिन मर्ग जांच और परिजन के बयान के आधार पर पुलिस ने दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### शराब पीकर घर पहुंचे पति को दी समझाइश तो लगा ली फांसी

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित राम मंदिर के पास जाटखेड़ी में रविवार सुबह युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि शराब के नशे में रात में उसकी पत्नी से कहासुनी हुई थी। पुलिस के अनुसार कमलेश अहिरवार पिता लालाराम अहिरवार (32) राम मंदिर के पास जाटखेड़ी में रहने वाले पंकज पटेल के कमरे में रहता था। कमलेश की पत्नी संगीता अहिरवार ने पुलिस को बताया कि कमलेश और उसके दो बच्चे हैं। प्रतिदिन कमलेश शराब पीकर घर लौटता था। इसी बात को लेकर उनसे कहासुनी होती थी।

### ऑटो चालक ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या,नहीं मिला सुसाइड नोट

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित नहर के पास सुलभ कॉम्प्लेक्स के बगल में करंजी के पेड़ पर ऑटो चालक ने फांसी लगा ली। उसकी लाश परिजन ने पेड़ पर फांसी के फंदे के सहारे लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन और रिश्तेदारों से पूछताछ करने पर भी आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार शंकर लाल विशाल पिता लक्ष्मणलाल विशाल (43) नहर के पास, सुलभ कॉम्प्लेक्स के सामने लहारपुर झुग्गी में रहता था और ऑटो चलाता था। शुक्रवार सुबह पांच बजे उसने पेड़ पर फांसी लगा ली।

## तीन साल पहले हुआ था विवाद बदला लेने तीन युवकों पर कुल्हाड़ी और तलवार से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन के पास झुग्गी बस्ती में शनिवार सुबह करीब 11 बजे दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने तीन युवकों पर डंडे, कुल्हाड़ी और तलवार से हमला कर दिया। धारदार हथियार चलने से तीनों युवक को गंभीर चोट आई हैं। विवाद करीब तीन साल पुराना बताया जा रहा है।

विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज लिया है। पुलिस उक्त मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार जावेद खान पिता मकबूल खान (28) भद्भदा रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक किनारे झुग्गी बनाकर परिवार के साथ रहता है और मजदूरी करता है। इसी इलाके में रहने वाले उनके दूर के रिश्तेदार फारुख, अलादीन, अनवर उर्फ अन्नू समेत उनके परिवार से पुराना विवाद था। शनिवार सुबह आरोपियों ने जावेद जलाल और उसके परिवार से विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर जावेद खान बन्ने खां पहुंचे तो आरोपियों ने तीनों से मारपीट करते हुए कुल्हाड़ी और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने फारुख, अलादीन, अनवर उर्फ अन्नू, सत्तार खान, बिट्टू, सलीम अली पर मामला दर्ज किया है।

### ससुर ने किया बहू से दुष्कर्म, सास को बताया तो धमकाया

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता से ससुर द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुर ने उससे दुष्कर्म किया, जबकि सास ने शिकायत न कराने की धमकी दी। इसके बाद वह अपने मायके पहुंची और स्थानीय थाने में सास-ससुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। केस डायरी आने के बाद कोलार पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 24 साल की पीड़िता मूलतः छतरपुर की है। दिसंबर 2023 में उसकी शादी कोलार में रहने वाले युवक के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि बीती फरवरी में उसके घर पर सुहागिनों का कार्यक्रम था। थकने के कारण वह सास के कमरे में जाकर सो गई। रात 9 बजे उसे एहसास हुआ कि कोई गलत काम कर रहा है। आंख खोलकर देखा तो उसके ससुर थे। वह ससुर को धक्का देकर कमरे से बाहर निकली और सास से शिकायत की थी।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज से युवाओं को संगठन में जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

युवा मोर्चा के नेता जीतू नंदवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने औबेदुल्लागंज रेस्ट हाउस में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा से चर्चा की और युवाओं को संगठन में जोड़ने की मांग की। इस अवसर पर संजय प्रजापति, गजेंद्र नागर, उमाशंकर गौर आदि मौजूद थे।



## औबेदुल्लागंज-भोजपुर में भाजपा संगठन के चुनाव की चर्चा तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज-भोजपुर में भाजपा संगठन के चुनाव की चर्चा तेज हो गई है। संभावना है कि जुलाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मंडल औबेदुल्लागंज के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है।

विधानसभा चुनाव के बाद चर्चा हुई थी कि जिन-जिन मंडल अध्यक्षों की पत्नी नगर परिषद अध्यक्ष है, उनको मंडल अध्यक्ष से हटाया जा सकता है, मगर तब लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंडल अध्यक्षों में परिवर्तन नहीं हुआ, अब लोकसभा चुनाव हो गए हैं तो भाजपा कार्यकर्ता, पार्षदों, जनपद सदस्यों में चर्चा तेज है कि एक पद हो, एक नेता रहे। भाजपा में मंडल अध्यक्ष बदलने की कानाफुसी इसलिए भी तेज हो गई है कि पत्नी का पद भी मंडल अध्यक्ष संभाल रहे हैं, इससे असंतोष बढ़ रहा है। हर कार्यकर्ता चाहता है मंडल अध्यक्ष और जिला महामंत्री को बदलना है। महामंत्री की दौड़ में ओपी मीणा, अरविंद जैन, हेमराज मीणा, तेज सिंह नागर, नीटू जैन, शैलेंद्र गिरी भोजपुर आदि सक्रिय है। मंडल अध्यक्ष के लिए पंकज कोठारी सबसे पावरफुल नेता है। दीपू परमार, बागिश अग्रवाल जिला महामंत्री बढ़ा रहे हैं। मनोज चौरसिया का नाम माधव यादव, दशरथ गुर्जर कुंभ राशि तिकड़ी में भी हलचल है। कि तू न बना तो मेरा नाम बड़ा देना। भूपेंद्र नंदवंशी, वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी के बेटे, वहीं पिछड़ा वर्ग के नेता रामकिशोर नंदवंशी रामेश्वर नागर आदि सक्रिय हैं।

दहोद ग्रापं, श्री अनुशा शिक्षण समिति का आयोजन

# शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

ग्राम दहोद में रविवार को पंचायत भवन में हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से ग्राम पंचायत व श्री अनुशा शिक्षण समिति ने रक्तदान शिविर लगाया। जिसका शुभारंभ पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि महेश पटेल ने किया। शिक्षक कंचन नागर ने बताया कि रक्तदान शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 167 मरीजों का पंजीयन

रविवार को समाजसेवी जगदीश सोनी ने निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया। जिसमें 167 नेत्र रोगियों ने पंजीयन कराया। जिला अंधत्व निवारण समिति एवं जीव संस्थान सेवा सदन बैरागढ़ के सहयोग से आयोजित होने वाला शिविर मुख्य बाजार राधाकृष्ण चौक स्थित सोनी निवास पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया गया। जगदीश सोनी ने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों की डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई। शिविर में 167 नेत्र रोगियों ने पंजीयन कराया, जिसमें 20 मोतियाबिंद रोगियों को ऑपरेशन के लिए भोपाल रेफर किया गया।



शिविर में सेवा सदन अस्पताल के डॉक्टर सेवाएं दी। नेत्र रोगियों को चश्में एवं दवाएं मुफ्त दी गई। इस दौरान डॉ. दीपशिखा दुबे, डॉ. महेन्द्र सिंह जाट, डॉ. लक्ष्मी, कंचन साहू, रानू परमार, पीयूष सोनी, निमेश सोनी सहित अन्य लोगों ने अपनी सेवाएं दी।



### विनंत सागर महाराज का हुआ ससंघ विहार, लिया आशीर्वाद

**औबेदुल्लागंज।** आचार्य विनम्र सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री विनंत सागर महाराज का ससंघ विहार औबेदुल्लागंज से मंडीदीप की तरफ हुआ। रविवार को मुनिश्री को आहार देने के बाद पिचछी भेंट करने का सौभाग्य पूर्व पार्षद मीना ऋषभ जैन, अंकित रूपाली जैन, संगीता टिल्लू जैन, राजीव जैन, अनिकेत जैन को मिला।

स्व. रीझवानी व स्व. साध्वी धनवानी की स्मृति में लगाया कैम्प

# झूलेलाल मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

भारत लैब नेटवर्क और पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में डॉ. राकेश गुलानी के मार्गदर्शन में सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्व. साबू रीझवानी व स्व. साध्वी द्रौपदी धनवानी की स्मृति में हेल्थ चेकअप कैम्प झूलेलाल मंदिर में लगाया गया। डॉ. गुलानी ने कहा कि दादा रीझवानी व दीदी साध्वी द्रौपदी देवी धनवानी की सेवाओं को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने बताया कि कैम्प में लगभग 300 मरीजों की जांच की गई।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर पंचायत कार्यवाहक अध्यक्ष भरत आसवानी, पंचायत के उपाध्यक्ष नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, ओमप्रकाश रीझवानी, मोहन मीरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, गुलाब जेठानी, राज मनवानी, राजकुमार रायचंदानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी, चंद्रभान रीझवानी, घनश्याम लालवानी, राकेश शेवानी, सुरेश रीझवानी, कन्हैया नागदेव, महेश खटवानी, मोहनलाल चंदनानी, दयाल दोलतानी, प्रेम पठानी, बूलचंद वासवानी, मुरली गुरबानी, जानकीलाल भारानी उपस्थित थे।

# शुक्र के उदय के साथ सात जुलाई से मांगलिक कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

एक बार फिर जुलाई माह से शहनाई की धुन गूंजने वाली है। दरअसल, 61 दिन बाद शुक्र ग्रह के उदय के साथ शुभ मुहूर्त शुरू हो गए हैं। तो वहीं शादियों के लिए 9 जुलाई से मुहूर्त शुरू हो गए हैं। इस माह विवाह के लिए कुल आठ शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद नवंबर-दिसंबर माह को मिलाकर सिर्फ 17 शुभ लग्न हैं।

मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 6 मई को गुरु अस्त हो गए। जिसके चलते मई और जून महीने में एक भी शुभ लग्न नहीं था। तीन महीने के लंबे अंतराल के बाद धन, वैभव, प्रेम, सौंदर्य और सुख-समृद्धि के कारक शुक्र ग्रह का उदय हो गया है। मिथुन राशि में शुक्र उदय होने के साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। विवाह के लिए इस माह पहला मुहूर्त 9 जुलाई को रहेगा।

तीन महीने के लंबे अंतराल के बाद आ रहा है यह शुभ समय



**जुलाई से दिसंबर तक रहेंगे यह मुहूर्त**

इस वर्ष के जुलाई, नवंबर और दिसंबर महीनों में कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। जुलाई में 9, 11, 12, 13, 14, 15 और 17 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं। 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है, इसके बाद विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार आदि मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे। वहीं, नवंबर में 17, 18, 22, 23, 24, 25 और 26 तारीख को भी शुभ मुहूर्त बनेंगे। दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 9, 10, 13 और 14 तारीख को शुभ मुहूर्त रहेंगे।

## *अय्यप्पा मंदिर में 23वें वार्षिक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन*

*भोपाल। शहर के शिवाजी नगर स्थित अय्यप्पा मंदिर का 32वां वार्षिक प्रतिष्ठा महोत्सव चल रहा है, जो 12 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान मंदिर में विशेष पूजा-आराधना की जा रही है। केरल आदि स्थानों से आए पंडित पूजा व हवन आदि कराएं जाएंगे। अय्यप्पा मंदिर समिति के अध्यक्ष आरजी पिल्लई ने बताया कि भगवान अयप्पा, शिव और मोहिनी के पुत्र हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे हैं। मंदिर में इस दौरान विशेष पूजा अर्चना, दीपदान व नौ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत का आयोजन भी किया जाएगा। पूजा आराधना के चलते 10 जुलाई को मंदिर के पंडित ब्रह्मश्री बीई ईश्वरन नंबूदिरी द्वारा हवन पूजन व अन्य अनुष्ठान कराए जाएंगे। समापन दिवस पर नाथ आश्रम में जाकर वृद्धजनों को भोजन वितरित भी किया जाएगा।*

## विश्व कप जीतने पर भोलेनाथ का भव्य अभिषेक



**भोपाल।** सेवा संकल्प युवा संगठन के द्वारा भारतीय क्रिकेट टीम के टी-20 विश्व कप जीतने के उपलक्ष में शीतलदास की बगिया में स्थित भगवान भोलेनाथ का 21 किलो दूध से रुद्राभिषेक किया। युवाओ ने हाथों में तिरंगा थामा और भारत माता का जय घोष किया। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि भारत ने 11 साल बाद यह विश्व कप जीता है इससे पूरे देश में हर भारतीय में उत्साह और उमंग है। मैच से पूर्व संगठन के द्वारा भोलेनाथ से भारत के विश्व कप जीतने की प्रार्थना की गई। जो भोलेनाथ ने पूर्ण कर दी। आज के संगठन युवाओं ने पुरोहित के द्वारा भोलेनाथ का अभिषेक किया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक चेतन भार्गव, विवेक साहू, यश जैन, हर्ष राय, सुमित मालवीय एवं मंदिर में मौजूद आम श्रद्धालुओं ने भी अभिषेक कर जयकारे लगाए।

### विभिन्न समाजों के जन प्रतिनिधियों और सांसद की मौजूदगी में महापौर ने किया नागरिकों से आव्हान

# 'एक पेड़ मां के नाम' में सभी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराएं, अधिक पौधे लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शहर के सभी नागरिक अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराएं। साथ ही शहर के खुले स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं। महापौर मालती राय ने सांसद आलोक शर्मा की उपस्थिति में यह आव्हान विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों की बैठक में किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण हेतु नागरिकों को प्रेरित करने के दृष्टिगत रविवार को हिन्दी भवन में महापौर मालती राय व सांसद आलोक शर्मा की उपस्थिति में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की बैठक आहूत की गई। उन्होंने कहा कि भोपाल शहर में इस अभियान के तहत एक लाख से अधिक पौधे लगाए जाना है। पर्यावरण संरक्षण हेतु सबको सक्रिय तौर पर अपनी-अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। आगामी 6 जुलाई को वृहद पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम शहर में आयोजित किया जाएगा। शहर के नागरिक पर्यावरण को बचाने हेतु अपनी सक्रिय सहभागिता इस अभियान में दर्ज कराएं। पौधरोपण हेतु पौधे नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर भोपाल लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद आलोक शर्मा ने भी प्रधानमंत्री मोदी के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने व अन्य नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आव्हान किया।

### पर्यावरण की रक्षा हमारा दायित्व



**पौधरोपण के लिए भोपाल के 350 स्थान चयनित**

भोपाल में करीब 350 स्थल पौधरोपण के लिए चयनित किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से कलियासोत डैम आदमपुर खंती, शाहपुरा पहाड़ी मोरवन, कीरत नगर, केम्पा पौधरोपण मुगालिया कोट, समरधा जंगल रेंज व कलारा बैरसिया भी शामिल हैं। कुल 480 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधे लगाने का लक्ष्य है। एक पेड़ मां के नाम एवं हरित महोत्सव अभियान को भोपाल में एक वृक्ष भोपाल के नाम से भी प्रचारित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत व्यापक पौध रोपण होगा। राजधानी हरे भरे पौधों से सजेगी। भोपाल में 6 जुलाई को व्यापक पौध रोपण के अंतर्गत एक दिन में 12 लाख पौधे लगेंगे।

### आगंतुकों को प्रसाद के रूप में दिए गए पौधे

## जमुनिया में तरुपुत्र महायज्ञ, आनंदोत्सव में रोपे पौधे







**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री शक्तिपीठ भोपाल, औबेदुल्लागंज के सहयोग से ग्राम जमुनिया में अनन्त गांगुले की जमीन पर युवा प्रकोष्ठ के प्रणेता स्व. आनंद विजयवर्गीय एवं मंगल विजयवर्गीय की स्मृति में 108 पौधे 7 फीट की ऊंचाई वाले फलदार छायादार पौधों का रोपण आनंदवन में तरु महायज्ञ के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर सेंधवा से आए पंडित मेवालाल एवं शांतिकुंज हरिद्वार के केदार प्रसाद दुवे ने विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ में पौधों का महत्व बताते हुए तरु महायज्ञ से पौधे रोपित किए गए। अंत में विजयवर्गीय की परिवार ओर से आनंदोत्सव आयोजित किया गया।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर पर किया कार्य

# सनातनी इनफ्लुएंसर ग्रुप ने चलाया स्वच्छता अभियान

100 से अधिक एक्टिव मेंमर हर रविवार स्वच्छता सेवा अभियान में सुनिश्चित करते हैं भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रविवार को सनातनी इनफ्लुएंसर ग्रुप ने मिनाल गेट नंबर 2 स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मंदिर स्वच्छता सेवा अभियान चलाया। ग्रुप द्वारा प्राचीन मंदिरों को चिन्हित करके, वहां स्वच्छता सेवा अभियान और मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार का कार्य किया जाता है। ग्रुप में 500 से अधिक मेंबर हैं।

100 से अधिक एक्टिव मेंबर हर रविवार स्वच्छता सेवा अभियान में भागीदारी करते हैं। युवा लड़कों के साथ-साथ इस ग्रुप में बहने और महिलाओं का योगदान है। स्वच्छता के बाद पौधरोपण, भजन संध्या और ब्लड डोनेशन का आयोजन किया जाता है। भगवान की भक्ति में लीन होकर सभी सदस्य भगवान से प्रार्थना करते हैं।

**ग्रुप में इंजीनियर, टीचर और सीए भी शामिल**

सनातन धर्म हमेशा सेवा रूप से समाज में कार्य करता रहे और इस ग्रुप द्वारा इंदौर, ग्वालियर और नागपुर में भी मंदिर स्वच्छता सेवा अभियान की तर्ज पर कार्यक्रम को प्रारंभ कर चुके हैं। ग्रुप में इंजीनियर, टीचर, चार्टर्ड अकाउंटेंट सहित कई नौकरीपेशा युवाओं के साथ छात्र भी शामिल है। इनमें शुभम सोनी, हनी शर्मा, पंडितजी बिट्टू शर्मा, शुभम गुप्ता, ईशा आर्य, अंशिकि गुप्ता, आकाश अहिरवार, रोहित लखेरा, पंकज, राहुल भाई, इशू, रोहित सहित युवा शामिल है।

## खबर संक्षेप

**रेलवे के ईसीसी सोसाइटी के इलेक्शन में जीते नितिन परमार**

**भोपाल।** रेलवे के ईसीसी सोसायटी के चुनाव में नितिन परमार की सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज की। चुनाव में वेसेरे मजदूर संघ के प्रत्याशी नितिन परमार ने सबसे ज्यादा 1158 वोट प्राप्त हुए। तो वहीं संघ के प्रत्याशी संजय कटारे 1112 मत,अशोक सिंह 1041 एवं आरके शर्मा ने 1037 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। इस जीत पर विजय जुलूस निकाल कर उन्होंने रेल कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। जोनल महामंत्री अशोक शर्मा ने संघ की जीत पर सभी प्रत्याशियों को बधाई दी ।

**सीएम और उच्च शिक्षा मंत्री ने डॉ. संतोष को प्रदान की डिग्री**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समरोह में संतोष कुमार



यादव को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री प्रदान की। दीक्षांत समारोह में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ डॉ संतोष कुमार की माताजी लीला यादव, पिता हरिहर सिंह, पत्नी अर्चना यादव भी शामिल हुई। बतादें कि डॉ संतोष कुमार ने मप्र के विभिन्न जिलों में जुलाई से जनवरी माह में होने वाले रहस्यमयी बुखार स्क्रब टाइफस पर रिसर्च किया। डॉ संतोष ने बताया इस बीमारी से वयस्क के साथ-साथ बच्चे भी ग्रसित होते हैं और मृत्युदर में काफ़ी इजाफा हो जाता है। इस बीमारी को स्क्रब टाइफस कहते हैं। स्क्रब टाइफस बीमारी ओरियेन्टा सुत्सुगैमुसी नामक जीवाणु से होती हैं। यह जीवाणु ऊपर रहने वाले माइट (घुन) के संक्रमित लार्वा से होता है।

# नाचते-गाते, ढोल-ढमाकों के साथ अमरनाथ यात्रियों का एक और जत्था रवाना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल का एक ओर जत्था रविवार को रवाना होगा। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि 56 शिव भक्तों के साथ मंडल का चौथा जत्था मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुआ। इसके पहले सुबह 10 शिव भक्तों का जत्था राधेश्याम रैकवार के नेतृत्व में झेलम एक्सप्रेस से भी रवाना हुआ था। पहलगांव मार्ग से भक्तों के जत्थे का नेतृत्व कामना तिवारी द्वारा किया जाएगा। बालटाल मार्ग से जाने वाले जत्थे का नेतृत्व मुकेश रायकवार द्वारा किया जाएगा । मंडल सदस्यों द्वारा जत्थे की बिदाई तिलक लगाकर माला पहनाकर ढोल ढमाकों के साथ की गई।

### भारतीय संस्कृति को समझने छात्र शामिल

# गायत्री शक्ति पीठ पर संस्कृति विवि की परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार की प्रवेश परीक्षा रविवार को एमपी नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न हुई। देव संस्कृति विश्वविद्यालय, गुरुकुल परंपरा पर आधारित है, जो पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के मूल्यपरक शिक्षा एवं विद्या की विचारधारा से देश भर में भारतीय संस्कृति का विस्तार कर रहा है।

यह प्रवेश परीक्षा देश के विभिन्न राज्यों के निर्धारित केंद्रों पर देसंविवि के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पंड्या, कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। देव संस्कृति विश्वविद्यालय से आए सौरभ कुमार और रजत पाण्डेय ने बताया कि डिप्लोमा, परास्नातक के हिंदी, एमसीए, एमए, एमएससी



मानव चेतना एवं योग विज्ञान, एमएससी योगा थेरेपी, एमए मनोविज्ञान, एमए इतिहास, एमबीए और स्नातक के एनीमेशन, बीसीए, बीबीए, बीएससी आईटी, बीएससी योग विज्ञान, बीए इंग्लिश, बीए हिंदी, बीए इतिहास, बीए मनोविज्ञान, बीए संगीत, बीए संस्कृत, बीएससी गणित, विषयों की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में इंदौर, उज्जैन, सागर, सिंगरौली, गुना, शाजापुर, देवास, आदि जगहों के लगभग 90 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

महिला आयुर्वेद चिकित्सकों की शिशु रोगों पर कार्यशाला

# बच्चों में ऑटिज्म, शैय्या मूत्र कुपोषण व इम्यूनिटी पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

महिला आयुर्वेद डॉक्टर के संगठन वूमेन ऑफ़ विजडम के भोपाल चैप्टर द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में बच्चों में होने वाले रोगों जैसे ऑटिज्म, शैय्या मूत्र, कुपोषण जनित व इम्यूनिटी से संबंधित बीमारियों के साथ-साथ किशोर अवस्था में बढ़ते तनाव के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधित बीमारी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इसमें धनवंतरी आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लीनिक बड़वानी के डायरेक्टर डॉसुहास यादव ने बच्चों के लिए आयुर्वेद एवं पंचकर्म उपचार विषय पर चर्चा की। वहीं गांधी मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश टिक्कस ने शिशु रोगों के सर्वांगीण उपचार विषय पर अपने अनुभव साझा किए।

**चिकित्सकों को घोसलों का वितरण**



**100 से ज्यादा आयुर्वेद डॉक्टर्स शामिल**

कार्यशाला में 100 से ज्यादा आयुर्वेद डॉक्टर्स शामिल हुए। इस अवसर पर महिला आयुर्वेद डॉ मंगला रूकमंगड को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ बबीता शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में गौरैया संरक्षण का संकल्प भी लिया गया और इस अभियान से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता मेघना मिश्रा ने सभी डॉक्टर्स को गौरैया के लिए घोंसले भी वितरित किए। आयोजन समिति सदस्य डॉ स्मिता, डॉ मंजू, डॉक्टर रुचि, डॉ आकांक्षा, डॉ आशी, डॉ नीरू कुंदवानी, डॉ बिंदु, डॉ दीपिका, रंजना समेत आयुर्वेद महिला डॉक्टर शामिल हुए।

### बेटे ने दिवंगत पिता की कार्निया की दान

# गणेश झरबड़े की आंख से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

एम्स भोपाल के नेत्र विभाग को कार्नियल रिट्रीवल के लिए दो नेत्रदान प्राप्त हुए है, जिससे दो लोगों को आंखों की रोशनी मिल सकेगी। भोपाल के पास मंडीदीप निवासी आयुष झरबड़े ने उदारता और मानवता का परिचय देते हुए स्वेच्छा से अपने दिवंगत पिता गणेश झरबड़े के कार्निया दान किए, जिनकी आयु 42 वर्ष थी।

यह योगदान दो व्यक्तियों को दृष्टि प्रदान करेगा, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हम नेत्रदाताओं और उनके परिवारों के प्रति बहुत आभारी हैं। उनके निःस्वार्थ दान ने सामाजिक योगदान और करुणा का एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। ये दान दृष्टिहीन लोगों के लिए आशा और प्रकाश की किरण हैं।

**पढ़ने और देखने में मदद करता है कार्निया**

एम्स के नेत्र विभाग की प्रमुख डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि दरअसल, कार्निया आंख के ऊपर गुंबद के आकार की एक सतह होती है, जो आंख को पढ़ने या देखने में फोकस करने में मदद करती है। यदि कोई व्यक्ति मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करता है तो उस व्यक्ति की आंखों से कार्निया निकाल कर किसी ऐसे व्यक्ति की आंखों में लगा दिया जाता है, जिसका कार्निया खराब हो गया है और वो फिर से अपनी आंखों से इस दुनिया को देख पता है।

### अभिप्रेरक आदर्श संस्थान बनेगा एसवी पॉलीटेक्निक कॉलेजः परमार

संस्थान का निरीक्षण कर पर्यावरण एवं जल संरक्षण के दिए निर्देश

# कॉलेज की दीवारों पर वेदों, उपनिषदों में उल्लेखित ज्ञान विज्ञान के प्रतीकों का चित्रण और लेखन करें

### विद्यावन और विद्या संवाद केंद्र विकसित होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रविवार को उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने श्यामला हिल्स स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया।

मंत्री परमार ने कॉलेज परिसर में टैगोर हॉस्टल का निरीक्षण कर संस्थान परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संस्था परिसर में उपलब्ध भूमि पर विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं संस्थान के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण कर विद्यावन तैयार करने के लिए इसे व्यापक रूप में वर्षाकाल से शुरू करने को कहा। परमार ने कहा कि समीप स्थित खेल मैदान को पीली मिट्टी से समतल कर विकसित किया जाए।



**रेन वॉटर से भू जल बढ़ाने के प्रयास करें**

तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार ने संस्थान परिसर में जल संरक्षण की दृष्टि से व्यापक प्रबंध किए जाने के निर्देश भी दिए। कहा कि भूमि के ढलान वाले भाग पर खुदाई कर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग द्वारा परिसर के व्यर्थ बह जाने वाले जल को संरक्षित कर भू जल के स्तर को बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। पौधों और वृक्षों को जल आपूर्ति के लिए ड्रिप इरीगेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्यावन रूपी सघन वन में छात्रों के अध्ययन के लिए ग्लास हाउस भी बनाया जाए एवं संस्थान परिसर में सुरक्षा दीवार का निर्माण कराएं।

***पूर्व दिशा की ओर लगाई जाए त्रिवेणी***

*कहा कि बंजर भूमि में सघन पौधरोपण किया जाए। नीम, पीपल, करंज, मौलश्री, गूलर, इमली, महुआ इत्यादि पौधों को प्राथमिकता दी जाए, पौधे पर्यावरण के अनूकूल हों और पूर्व दिशा की ओर नीम, पीपल और बरगद की त्रिवेणी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि पक्षियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए मध्य में मौलश्री के पौधे लगाए जाएं और पहले से स्थित वृक्षों को यथास्थान रख उनकी भी देखरेख की जाए।*

***वाद-संवाद के लिए विद्या संवाद केंद्र विकसित करें***

*उन्होंने कहा कि दीवारों पर वेदों, उपनिषदों में उल्लेखित ज्ञान-विज्ञान, औषधि एवं इंजीनियरिंग पर आधारित घटनाओं एवं प्रतीकों का चित्रण और लेखन किया जाए। नैसर्गिक परिवेश में विद्यार्थियों के मध्य वाद-संवाद के लिए विद्या संवाद केंद्र विकसित करने के निर्देश भी दिए। परिसर में अव्यवस्थित पड़े पत्थरों को व्यवस्थित कर विद्या संवाद केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। कॉलेज कैंपस विद्यावन एवं विद्या संवाद केंद्र विकसित कर संस्थान को आदर्श रूप में स्थापित किया जाए, जिससे प्रदेश के सभी तकनीकी, शासकीय, अनुदान प्राप्त और निजी कॉलेजों में विद्या-वन विकसित होने के लिए, यह संस्थान मॉडल बने। इस अवसर पर आयुक्त तकनीकी शिक्षा मदन विभीषण नागरगोजे और कॉलेज के प्राचाय डॉ. केवी राव सहित विभिन्न अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।*

देश के कई जिले प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे

# देशभर में हल्की, भारी बारिश से राहत के बीच सामने आई आफत बाढ़-भूस्खलन ने ली कई की जान, कुछ राज्यों में बिगड़ी हालत

देशभर के ज्यादातर राज्यों में भारी बारिश हो रही है। कई जगह नदियां उफान पर पहुंचने वाली हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में अगले चार से पांच दिनों के बीच बहुत भारी बरसात होने जा रही है। ऐसे में लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। उत्तर भारत में राजधानी दिल्ली, यूपी समेत कई राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## असम में बाढ़ से हालात बिगड़े, ब्रह्मपुत्र नदी ने खतरे के निशान को किया पार

### अहमदाबाद में गड्ढे में बदली सड़क



गुजरात में बारिश ने कहर बरपा रखा है। कई इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई, जिससे अहमदाबाद और सूरत सहित कुछ शहरों में जलभराव से सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। अहमदाबाद के शेला एरिया में एक सड़क धंस गई, जिससे वहां बड़ा गड्ढा बन गया।बारिश से सूरत में कई जगह सड़कों पर तीन फीट तक पानी भर गया।

### मथुरा में कॉलोनी में पानी की टंकी गिरी, मलबे में दबकर दो की मौत

मथुरा में रविवार को एक आवासीय कॉलोनी में मौजूद टंकी अचानक से ढह गई। टंकी के मलबे में कई लोग दब गए। हादसे की खबर मिलते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। कॉलोनी में कोहराम मच गया। आनन-फानन में पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने का काम शुरू करवाया। हादसे में दो लोगों की मौत हुई है।



आईएमडी ने किया अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/गुवाहाटी

असम में पिछले कुछ दिनों से सुधर रहे बाढ़ के हालात एक बार फिर बिगड़ गए हैं। डिब्रुगढ़ में ब्रह्मपुत्र नदी खतरे के निशान को पार गई है। वहीं राज्य में बाढ़ प्रभावितों की संख्या में इजाफा हुआ है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने एक बुलेटिन में कहा कि बाढ़ के कारण राज्य के सात जिलों में 1,33,945 लोग प्रभावित हुए हैं।

### किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं

यहां के 5 जिलों में प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1,07,385 रह गई थी। असम में बाढ़ के कारण फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। साथ ही इस साल बाढ़, तूफान और भूस्खलन की चपेट में आ जाने से 42 लोगों की मौत हुई है।

### कछार जिला बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित

राज्य का कछार जिला बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां बाढ़ से 67,030 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद करीमगंज जिले में 27,235 लोग व धेमाजी में 25,947 लोग प्राकृतिक आपदा से संकट का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण कामरूप, करीमगंज, धेमाजी, डिब्रूगढ़, कछार, तिनसुकिया और लखीमपुर जिले जलमग्न हैं।

### 66 राहत शिविरों में लोगों ने ली शरण

राज्य के 8,484 लोगों ने 66 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि पांच अन्य राहत वितरण केंद्र भी चालू हैं। धेमाजी जिले में लगभग 100 लोगों को नाव के जरिए बचाया गया है। एएसडीएमए बुलेटिन में कहा गया है कि विभिन्न भागों में सड़कें, पुल, तटबंध और पुलिया जैसे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

### अरुणाचल प्रदेश में रेड अलर्ट




देशभर के मौसम की तो अधिकांश राज्यों में रिमझिम बारिश हो रही है, जिसके चलते मौसम सुहाना हुआ है। मौसम विभाग ने दिल्ली के अलावा 22 अन्य राज्यों में भी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अरुणाचल प्रदेश में भारी से अति भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब-उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में भी मानसून के चलते अच्छी बारिश हो रही है।

### इन राज्यों में भी अलर्ट जारी

छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, बंगाल, सिक्किम, महाराष्ट्र, गोवा, हिमाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, असम, मेघालय, ओडिशा, पंजाब, में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

### गूगल मैप से नदी में पहुंच गई कार बाल-बाल बचे 2 युवक



कासरगोड। केरल के उत्तरी कासरगोड जिले में 'गूगल मैप्स' का उपयोग करके अस्पताल का रास्ता खोजना दो युवकों को महंगा पड़ गया। गूगल मैप में रास्ता देखने की वजह से उनकी कार को उफनती नदी में पहुंच गए। कार पानी की धारा में बहने लगी और बाद में नदी के किनारे एक पेड़ में फंस गई। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने उनकी जान बचाई। अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रस्सियों की मदद से दोनों को सुरक्षित निकाला।

### केरल में भारी बारिश, 5 जिलों के लिए यलो अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को उत्तरी केरल में व्यापक वर्षा के लिए यलो अलर्ट जारी किया। मौसम एजेंसी ने पांच जिलों के अलग-अलग इलाकों में भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है। 4 जुलाई तक केरल में कई जगहों पर बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

### उत्तर भारत में होगी बहुत भारी बारिश, 4-5 दिन भारी, कई नदियां उफान पर



देशभर के ज्यादातर राज्यों में भारी बारिश हो रही है। कई जगह नदियां ऊफान पर पहुंचने वाली हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में अगले चार से पांच दिनों के बीच बहुत भारी बरसात होने जा रही है। ऐसे में लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। उत्तर भारत में राजधानी दिल्ली, यूपी समेत कई राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में साउथवेस्ट मॉनसून के पश्चिमी राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब में अगले दो से तीन दिनों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, केरल, माहे, लक्षद्वीप, तटीय कर्नाटक, कोंकण, गोवा, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, रायलसीमा, तेलंगाना, साउथ इंटीरियर कर्नाटक में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश होगी।

### पंजाब, हरियाणा,चंडीगढ़ और राजस्थान 4 जुलाई तक 'लबालब' होंगे

पंजाब में तीन और चार जुलाई, दिल्ली में एक से तीन जुलाई, हरियाणा, चंडीगढ़ में चार जुलाई, हिमाचल प्रदेश में तीन और चार जुलाई, पूर्वी राजस्थान में दो से चार जुलाई, पश्चिमी मध्य प्रदेश में 30 जून और चार जुलाई, पूर्वी मध्य प्रदेश में 30 जून, तीन और चार जुलाई, विदर्भ और ओडिशा में 30 जून, गंगीय पश्चिम बंगाल में 30 जून और तीन जुलाई को बहुत भारी बारिश होगी। इसके अलावा, बिहार में तीन और चार जुलाई, छत्तीसगढ़ में 30 जून से चार जुलाई के बीच बहुत भारी बरसात की चेतावनी जारी की गई है।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में महिला को रोड पर घसीटा, निर्वस्त्र किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर भाजपा बनाम टीएमसी की लड़ाई शुरू हो गई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कूचबिहार जिले में पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की महिला पदाधिकारी रोसोनारा खातून को घर से खींचकर सड़क पर घसीटा गया और नंगा कर पीटा गया। घटना की शिकायत बंगाल भाजपा ने मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग ,अल्पसंख्यक आयोग से की है। टीएमसी ने भाजपा पर संकीर्ण राजनीति करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




### एक ही परिवार के 5 लोग भुशी डैम में बहे

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे के लोनावला में भुशी बांध के करीब एक तालाब में डूबने की घटना सामने आई है। भुशी डैम के करीब रेलवे वॉटर फॉल में 5 लोग डूब गए हैं। इस घटना में एक 40 वर्षीय महिला और 13 और 8 साल की दो लड़कियों की डूबने ने मौत हो गई है। बारिश के मौसम में यह परिवार यहां पानी का आनंद ले रहा था तभी वे झरने से फिसल गए और गहरे पानी में चले गए जिससे उनकी मौत हो गई है। इस झरने को रेलवे झरना कहा जाता है, यहीं से पानी भुशी बांध में जाता है।दो बच्चे अभी और लापता हैं। लापता बच्चों की उम्र 6 से 9 साल के बीच है।



### हाइड्रोसील की सर्जरी की जगह कर दी नसबंदी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के एक शख्स की निजी हास्पिटल के डॉक्टरों ने हाइड्रोशील की सर्जरी की जगह नसबंदी कर दी। डॉक्टरों की अंधेरगर्दी देख परिजन गुस्से से भड़क गए। हास्पिटल में डॉक्टरों के खिलाफ हंगामा करते हुए पूरे मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है। रिकवाहा गांव के मातादीन पिछले कुछ सालों से फाइलेरिया बीमारी की चपेट में थे। परिजनों ने बताया कि हाइड्रोसील की सर्जरी कराने के लिए मातादीन झांसी में एक निजी हास्पिटल गया था।



अन्वया कन्वेंशन सेंटर, तेलंगाना में नायडू की 75वीं वर्षगांठ पर बोले पीएम

# सत्ता सुख पाने के लिए नहीं, जनता की सेवा के माध्यम से समाधान का एक बड़ा जरिया

## पीएम मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू पर 3 पुस्तकों का विमोचन किया

एजेंसी ▶▶ गाचीबोवली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की जीवन यात्रा पर तीन पुस्तकों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विमोचन किया। अन्वया कन्वेंशन सेंटर, गाचीबोवली तेलंगाना में नायडू की 75वीं वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

पीएम ने नायडू को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीवनी और दो अन्य पुस्तकें लोगों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्हें स्वयं उनसे साथ में काम करने के दौरान प्रेरणा मिली है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष, मंत्रिमंडल में सहयोगी और देश के उपराष्ट्रपति के तौर पर उनके साथ काम करने और सीखने के कई मौके मिले हैं।

नायडू से मिली देश को काम करने की प्रेरणा



### पुस्तकें पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवन पर आधारित

विमोचित पुस्तकों में पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी 'वेंकैया नायडू-लाइफ इन सर्विस', संकलित एक फोटो क्रॉनिकल 'सेलिब्रेटिंग भारत-एम. वेंकैया नायडू का भारत के 13वें उपराष्ट्रपति के रूप में मिशन और संदेश' और सचित्र जीवनी 'महानता-एम. वेंकैया नायडू का जीवन और यात्रा' शामिल है। इन्हें क्रमशः द हिंदू, हैदराबाद संस्करण के पूर्व रेजिडेंट एडिटर एस नागेश कुमार, उनके पूर्व सचिव आईवी सुब्बा राव, संजय किशोर ने लिखा एवं संकलित किया है।

### ये पुस्तकें लोगों को भी प्रेरित करेंगी

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि मुझे उनकी जीवनी के साथ-साथ दो और पुस्तकों का विमोचन करने का अवसर मिला है। मेरा मानना है कि ये पुस्तकें लोगों को प्रेरित करेंगी और उन्हें राष्ट्र सेवा की सही दिशा दिखाएंगी।

### पीएम मोदी ने नायडू के अनुभवों को भी किया साझा

पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए पीएम मोदी ने विभिन्न भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के दौरान उनके साझा अनुभवों को याद किया। मोदी ने याद करते हुए कहा कि मुझे वेंकैया नायडू के साथ बहुत लंबे समय तक काम करने का मौका मिला है। जब वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट सहयोगी थे, देश के उपराष्ट्रपति थे तो उनसे बहुत प्रेरणा मिली।

### अटलजी की सरकार में नायडू ने चरितार्थ किया



इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सत्ता सुख पाने के लिए नहीं है, बल्कि सेवा के माध्यम से समाधान करने के लिए है। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार और उनकी सरकार में भी उन्होंने इसे चरितार्थ करके दिखाया है। वह हमेशा किसानों, गरीबों और ग्रामीणों के लिए काम करना चाहते रहे हैं। उन्हें स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटीज मिशन और अमृत योजना जैसी कई पहल शुरू करने का श्रेय जाता है। आपातकाल को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस को इसे लगाए हुए 50 वर्ष होने जा रहे हैं। आपातकाल के दौरान एम वेंकैया नायडू 17 महीने जेल में रहे। वे सच्चे अर्थों में एक कार्यकर्ता की तरह इसके खिलाफ संघर्षरत रहे।

शरद पवार ने किया दावा

# कांग्रेस, यूबीटी, एनसीपीएसपी मिलकर ठोकेंगे विस में 'ताल'

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव अक्टूबर में संभावित



एजेंसी ▶▶ मुंबई

शरद चंद्र पवार वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपीएसपी) के प्रमुख ने साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगी। चुनाव इस साल अक्टूबर में होने वाले हैं।

शरद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करना महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की नैतिक जिम्मेदारी है, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे।कांग्रेस, शरद चंद्र पवार वाली एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाड़ी का हिस्सा हैं। ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने से पहले नवंबर 2019 से जून 2022 तक महा विकास अघाड़ी राज्य में सत्ता में था। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों के सामने विपक्ष एकजुट होकर रहेगा। राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसका निर्वहन करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

### महाभारत का भी किया जिक्र

उन्होंने कहा कि जैसे महाभारत में अर्जुन का निशाना मछली की आंख थी, हमारी नजरें महाराष्ट्र चुनाव पर टिकी हैं। कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पूर्व सीएम ने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे को लेकर फिलहाल कोई बात शुरू नहीं हुई है। हालांकि, जल्द ही इस पर चर्चा होगी। हालांकि इसके पहले महाराष्ट्र में एमवीए में कुछ फूट की भी खबरें सामने आई थीं।

### दलों के हितों की रक्षा हमारी जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में एनसीपी (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस पर विश्वास दिखाया है। शरद पवार ने कहा कि इन तीन पार्टियों की तरह वाम पार्टियां, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) भी गठबंधन का हिस्सा थीं, लेकिन हम उन्हें लोकसभा में सीट नहीं दे सके। इन दलों के हितों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए उनके साथ (राज्य विधानसभा चुनाव में) आगे बढ़ने का प्रयास किया जाएगा।

पीएम मोदी ने 'मन की बात' की 111 वी कड़ी में कहा

# 'चीयर4भारत' से करें पेरिस ओलंपिक के लिए प्रोत्साहित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगभग 4 महीने बाद रेडियो प्रोग्राम 111 वीं कड़ी 'मन की बात' की। उन्होंने लोकसभा चुनाव, हूल दिवस, रथयात्रा-अमरनाथ यात्रा, कुवैत रेडियो के हिंदी शो, लोकल प्रोडक्ट्स, पर्यावरण दिवस और योग दिवस पर बात की।

मोदी ने 26 जुलाई से होने वाले पेरिस ओलिंपिक में जाने वाली भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस बार ओलिंपिक में कुछ चीजें पहली बार देखने मिलेंगी। मोदी ने देशवासियों से आह्वान कर 'चीयर4भारत' हैशटैग से पेरिस ओलिंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें।

लोकसभा चुनाव, हूल दिवस, रथयात्रा-अमरनाथ यात्रा, लोकल प्रोडक्ट्स, पर्यावरण दिवस,योग दिवस पर बात की

चार माह बाद रेडियो प्रोग्राम में की अपील



### हूल दिवस वीर सिद्धो-कान्हू के साहस से जुड़ा एक बड़ा दिवस

हूल दिवस पर आदिवासियों के 'हूल दिवस' पर पीएम ने कहा कि यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के साहस से जुड़ा है इन्होंने विदेशी शासकों का विरोध किया था। साथ ही झारखंड के संथाल परगना से हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों से 1855 में विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठाए थे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' को गति दें देशवासी

*पीएम मोदी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया है, इस का नाम है- एक पेड़ मां के नाम। मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। पिछले एक दशक में भारत में सबके प्रयासों से वन क्षेत्र का विस्तार हुआ है। देशभर में 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए हैं। अब हमें ऐसे ही मां के नाम पर पेड़ लगाने के अभियान को गति देनी है।*

### हर साल योग दिवस में नए-नए रिकॉर्ड्स बन रहे

*इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को उत्साह के साथ मनाया है। पीएम ने कहा कि मैंने भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में योग कार्यक्रम में शामिल होकर योग किया। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हर साल योग दिवस में नए-नए रिकॉर्ड्स बन रहे हैं।*

'जय फिलस्तीन' पर बवाल बढ़ा

# ओवैसी का विरोध,बजरंग दल और विहिप ने किया प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सांसद के पार्लियामेंट में दिए एक बयान की कड़ी निंदा हो रही है। इस बीच विश्व हिंदू परिषद की इकाई बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जमकर विरोध किया।

प्रदर्शन में शामिल बजरंग दल कार्यकर्ता हाथों में अवैसी पर कटाक्ष करने वीली तस्वीरें लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दिल्ली में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सदस्यों ने संसद में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान 'जय फिलिस्तीन' नारे को लेकर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



**बाबा बर्फानी के दर्शन करने से होती हैं मनोकामनाएं पूरी**

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ तीसरा जत्था रवाना

*3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है गुफा मंदिर में बाबा का दरबार*



अमरनाथ तीर्थयात्रियों में उत्साह देखा जा रहा है। काफी संख्या में लोग रविवार को भी दर्शन के लिए निकले। सरकार की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था आज रविवार सुबह जम्मू से सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ।

6619 यात्रियों का तीसरा जत्था 319 वाहनों के दो सुरक्षा काफिले में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुए। 6619 यात्रियों में से 3,838 यात्री सुबह 4 बजे वाहनों में सवार होकर पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जबकि 2,781 यात्री सुबह 4.30 बजे वाहनों में सवार होकर बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए। दोनों काफिलों को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7000 से अधिक सेवादार स्वयंसेवक तीर्थयात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें जोड़ने का फैसला किया है। दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

### अब तक 14 हजार लोगों ने किए दर्शन

अधिकारियों ने बताया कि 52 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा के पहले दिन, करीब 14,000 तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। यह यात्रा अनतंनाग में पहलगाम और गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग से शुरू हुई।

### पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

इससे पहले पीएम मोदी आज रविवार को मन की बात के 111 वें एपिसोड में अमरनाथ यात्रा पर गए सभी श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं दी उन्होंने बाबा बर्फानी से सबके कल्याण के लिए प्रार्थना की और आशा की कि सभी सुरक्षित पूर्वक अपनी यात्रा सम्मन्न करें।

## सड़क हादसाः अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को ले जा रही वैन दुर्घटनाग्रस्त, कई श्रद्धालु घायल

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के चंदनवारी इलाके में रविवार को तीर्थयात्रियों से भरी एक वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कई श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना है। सभी अमरनाथ यात्रा पर जा रहे थे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया, अमरनाथ यात्रियों को ले जा रही एक वैन चंदनवारी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कुछ तीर्थयात्रियों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं हादसे के बाद बीएसएफ क्यूआरटी ने घायलों को इलाज के लिए तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। बीएसएफ जवानों की समय पर सक्रियता से तीर्थयात्रियों की जान बच गई। इस साल 52 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। यात्री 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम-गुफा तीर्थ मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल-गुफा तीर्थ मार्ग से यात्रा करते हैं।



### 52 दिन चलेगी अमरनाथ यात्रा

इस साल 52 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। यात्री 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम-गुफा तीर्थ मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल-गुफा तीर्थ मार्ग से यात्रा करते हैं। अब तक 13 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। समुद्र तल से 3,880 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा की कलाओं के साथ घटती-बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि बर्फ की यह संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है।

**खबर संक्षेप**

### 41 साल बाद प्रधानमंत्री का होगा वियना दौरा



**नई दिल्ली।** कूटनीति के लिहाज से जुलाई का दूसरा हफ्ता बेहद अहम रहने वाला है। इस दौरान 3 और 4 जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक होगी। वहीं 8 से 10 जुलाई तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो देशों की यात्रा पर होंगे। प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। खास बात यह होगी कि 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद वियना जाने वाले नरेंद्र मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस में व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वियना के लिए रवाना होंगे।

### इजराइल ने गाजा में किया हमला, 40 की मौत



**गाजा।** इजराइल और हमास के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों के दौरान इजराइली हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। कुल फिलिस्तीनी मौतों की संख्या अब 37,834 हो गई है। अक्टूबर 2023 से फिलिस्तीनी-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद से 86,858 लोग घायल हुए हैं। इजराइली बलों और फिलिस्तीनी सशस्त्र गुटों के बीच झड़पों के कारण बचाव दलों को कई बाधाओं का सामना करना पड़ा था।

### हिज्ब उत तहरीर पर शिकंजा : आरोपी गुप्त सेंटर संचालित कर रहे थे

# तमिलनाडु में दस जगहों पर एनआईए का छापा, 2 गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तमिलनाडु में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी हिज्ब उत तहरीर मामले में केस में हुई है। मालूम हो कि साल 2021 में एनआई ने मदुरै से हिज्ब उत तहरीर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।*

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार सुबह तमिलनाडु में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अब्दुल रहमान और मुजीबुर रहमान उर्फ मुजीबुर रहमान अल्थम साहिब के रूप में हुई है। दोनों तंजावुर जिले के रहने वाले हैं। एनआईए की जांच में पता चला है कि वे युवाओं को कट्टरपंथी विचारधाराओं में ढालने, लोकतंत्र और भारतीय संविधान, कानून और न्यायपालिका आदि को इस्लाम विरोधी के रूप में प्रचारित करने के लिए गुप्त सेंटर संचालित करने में शामिल थे। यह छापेमारी हिज्ब उत तहरीर मामले में की गई है। यह छापा अंतरराष्ट्रीय इस्लामी संगठन हुत के छह सदस्यों की मई में गिरफ्तारी के बाद किया गया है। बता दें कि सभी को चुनाव और लोकतंत्र के खिलाफ दुष्प्रचार जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया था।

यह मामला, शुरू में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 13(1)(बी) के कई आरोपों के तहत मदुरै शहर के थिदीर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। मुख्य संदिग्ध, मोहम्मद इकबाल ने कथित तौर पर अपने फेसबुक अकाउंट, थुंगा विझिगल रेंडू काजीमार स्ट्रीट में है का इस्तेमाल ऐसी सामग्री पोस्ट करने के लिए किया, जो एक विशेष समुदाय को बदनाम करती थी।

#### केरल के विभिन्न जिलों में नए सेल स्थापित

बावा बहरुदीन और जियावुद्दीन बाकवी कथित तौर पर सदस्यों की भर्ती के लिए बैठकें आयोजित कर रहा था और युवाओं को भारत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए इस्लामिक स्टेट की स्थापना की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने, कट्टरपंथी बनाने और प्रेरित करने के लिए गुप्त कक्षाएं भी चला रहा था। उसने कथित तौर पर फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए तमिलनाडु और केरल के विभिन्न जिलों में नए सेल स्थापित करने की साजिश भी रची थी ताकि एचयूटी की विचारधारा को फैलाया जा सके।



### एनआई का एक्शन! रियासी आतंकी हमले को लेकर राजौरी के कई स्थानों पर छापेमारी

**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को रियासी आतंकवादी हमले को लेकर जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। आतंकवादियों ने 9 जून 2024 की शाम को रियासी जिले के पौने इलाके में शिवखोरी से कटरा जा रहे यात्रियों की बस पर गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिससे बस पास की खाई में जा गिरी थी। इस आतंकी हमले के कारण एक बच्चा सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी।

#### गिरफ्तार आरोपी ने किए कई खुलासे

एनआईए ने आतंकी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए जांच के दौरान आतंकवादियों और ओजीडब्ल्यू के बीच लिंक को स्थापित करने के लिए कई सामानों को जब्त किया। रियासी एसपी के अनुसार आरोपी हाकीन दीन ने न केवल हमलावरों को पनाह दी, बल्कि उनकी गितिविधियों और कामों में खूब मदद की, जिससे यह घटना हुई। पूछताछ के दौरान हाकीन दीन ने खुलासा किया कि तीन आतंकवादी उसके घर पर रुके हुए थे। आतंकियों ने आरोपी को पैसे भी दिए थे।

#### रजौरी में 5 जगह हुई तलाशी

इस घटना के बाद एनआईए ने हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) से जुड़े पांच जगहों की तलाशी ली। गिरफ्तार आरोपी हाकम खान उर्फ हाकीन दीन के ओर से बताए गए स्थानों पर एनआईए की टीम तालाशी के लिए पहुंची थी। एनआईए की जांच के अनुसार हाकम ने उन्हें (आतंकवादियों) रहने के लिए सुरक्षित स्थान, भोजन और जरूरी चीजें उपलब्ध कराया था।

#### 'देश के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी'

*जम्मू-कश्मीर में जून में कई आतंकी हमले हुए के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करनी पड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान श्रीनगर में कहा था, सरकार हाल के आतंकी हमलों को लेकर गंभीर है। देश के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। शांति और मानवता के दुश्मन जम्मू-कश्मीर में विकास से खुश नहीं।*

### विदेश मंत्री जयशंकर ने कतर के पीएम से की मुलाकात



*दोहा। एक दिवसीय यात्रा पर रविवार को कतर की राजधानी दोहा पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वहां के नेताओं से भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने तथा आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने कतर की राजधानी पहुंचने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी से बातचीत की। अल थानी से मुलाकात के बाद जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और दोनों देशों की जनता के बीच संबंधों पर बातचीत की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर पर भी विचार-विमर्श किया। गाजा की स्थिति पर उनके दृष्टिकोण की सराहना करता हूं।*

कनाडा ने दी भारतीयों के लिए खुशखबरी

## एच-1बी वीजा धारकों के वर्क परमिट नियमों में दी ढील

एजेंसी ▶▶ ओटावा



कनाडा ने यूएस एच-1बी वीजा धारकों के लिए वर्क परमिट नियमों में ढील दी है। कनाडा सरकार के इस कदम को प्रमुख आईटी डेस्टिनेशन बनने के लक्ष्य की तरह देखा जा रहा है। कनाडा के वर्क परमिट नियमों में ढील से उसके शीर्ष आईटी गंतव्य के रूप में स्थिति अच्छी हो गई है।

भारतीयों के लिए भी इसे एक अच्छी खबर की तरह देखा जा रहा है। एच-1बी वीजा धारक भारतीयों को भी वर्क परमिट नियमों में छूट का फायदा मिलेगा। कनाडा के फैसले से उच्च कुशल पेशेवरों, विशेष रूप से आईटी-संबंधित व्यवसायों के लिए वहां जाना आसान होगा। इससे कनाडा की वैश्विक प्रतिभा पूल में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी जाहिर होती है।जानकारी के मुताबिक, 1.2% की जीडीपी वृद्धि दर के साथ कनाडा आईटी पेशेवरों के लिए कई मौके देता है।

#### भारतीयों की पसंद रहा है कनाडा

*कनाडा और भारत के संबंधों में हालिया वर्षों में गिरावट दिखी है। इसके बावजूद कनाडा भारतीयों के लिए पसंदीदा जगह रहा है। कनाडा में एक बड़े भारतीय समुदाय की उपस्थिति, करियर और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक गंतव्य के रूप में भारतीयों के लिए कनाडा के आकर्षण को और बढ़ाती है। भारत की महत्वपूर्ण भागीदारी को देखते हुए हर वर्ष 25 लाख से अधिक भारतीय विदेश जाते हैं, इन नीतिगत परिवर्तनों से कनाडा की स्थिति एक वैश्विक शक्ति के रूप में फिर से स्थापित हो सकती है। कनाडा में कुशल भारतीय अक्सर सांस्कृतिक और व्यावसायिक अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।*

ब्रिटेन में 4 जुलाई को होंगे चुनाव

## स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे सपत्नीक प्रधानमंत्री सुनक

एजेंसी ▶▶ लंदन

चुनाव का माहौल हो और नेता धार्मिक स्थलों पर जाकर आशीर्वाद न लें, ऐसा कैसे हो सकता है। भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ऋषि सुनक ने भी इसी परंपरा का पालन करते हुए लंदन के प्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर का दौरा किया। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के आखिरी सप्ताह के अंत में लंदन स्थित प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के लिए इस साल 4 जुलाई को चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में वहां के सभी राजनेता मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सभी राजनीतिक दल जमकर प्रचार कर रहे हैं। ऋषि सुनक ने मंदिर परिसर का दौरा, स्वयंसेवकों और समुदाय के नेताओं से बातचीत करने के बाद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान अपने धर्म से मिलने वाली प्रेरणा के बारे में बात की।



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति लंदन में प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

### कनाडाः यूनियन की हड़ताल से एयरलाइन की 407 उड़ानें रद्द

**ओटावा।** कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन वेस्टजेट ने कॉन्ट्रैक्ट विवाद पर बातचीत फेल होने के बाद रखरखाव कर्मचारी संघ ने हड़ताल शुरू कर दी। इस हड़ताल से एयरलाइन को 407 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं, जिससे 49,000 यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरक्राफ्ट मैकेनिक्स फ्रेटरनल एसोसिएशन ने बताया है कि एयरलाइन की बातचीत करने की अनिच्छा के कारण यूनियन के सदस्यों ने शुक्रवार शाम को हड़ताल शुरू कर दी। कनाडा दिवस अवकाश सप्ताहांत के दौरान हवाई यात्रा प्रभावित होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने हड़ताल को रोकने के लिए कोशिशें की थीं लेकिन सफल नहीं हो सकीं।

चंद्रयान-3 के बाद चांद पर अब कमाल करेगा चंद्रयान-4

# इसरो ने की भारतीयों को चांद पर ले जाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो एक बार फिर से अपने विज्ञान और तकनीक के अद्वितीय कारनामों से दुनिया को चौंकाने की तैयारी में है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि भारत 2040 तक इंसान को चांद पर भेजने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। यह मिशन चंद्रयान मिशनों की एक अहम कड़ी होगी, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।





#### चंद्रयान-4 लाएगा चंद्रमा से नमूने

*पिछले साल, इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतार कर इतिहास रच दिया था। यह उपलब्धि न केवल भारत के अंतरिक्ष मिशनों में मील का पत्थर साबित हुई, बल्कि दुनिया भर में इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और तकनीकी कौशल की सराहना भी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट का नाम 'शिव शक्ति' रखा, जो अब इसरो के आगामी चंद्र मिशनों का एक महत्वपूर्ण बिंदु बनेगा।*

#### पुष्पक की तीसरी बार सफल लैंडिंग से बढ़ा हौसला

इसरो ने बीते दिनों दोबारा इस्तेमाल में लाए जा सकने वाले प्रक्षेपण यान पुष्पक की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग कराई थी। इसने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलव्ही की लैंडिंग कराने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। पुष्पक को रनवे से 4.5 किलोमीटर दूर भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से छोड़ा गया। पुष्पक रनवे के पास पहुंचा और रनवे पर क्षैतिज लैंडिंग की।

#### 2040 तक चांद पर पहुंचेंगे भारतीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2040 तक चांद पर इंसान को भेजने के आह्वान पर एस सोमनाथ ने कहा, हमें चांद पर उतरने के लिए कई चीजों में निरंतरता बनाए रखनी होगी, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान और ट्रांस-लूनर मानव अंतरिक्ष उड़ान शामिल हैं। हमें चंद्रयान मिशनों को जारी रखना होगा क्योंकि चांद पर जाना और वापस आना भी हमारी पहुंच में हो। हमें एक ऐसे स्तर तक पहुंचना होगा जहां शायद हमारे लोग चांद पर जा सकें और वापस आ सकें।

# भारत के टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनने पर देश में दिनभर मना जश्न


सूरत


नई दिल्ली


अहमदाबाद

# भारतीय टीम पर बीसीसीआई मेहरबान 125 करोड़ रुपए देने का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 7 रनों से जीत दर्ज की।

इस जीत के बाद अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय टीम के बड़ा ऐलान किया है। जय शाह ने बताया है कि अब भारतीय टीम को बतौर प्राइज मनी 125 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के लिए भारतीय टीम को बधाई दी। साथ ही कहा कि उन्हें टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रदर्शन किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

## टी20 वर्ल्ड कप : प्राइज मनी

| राउंड | देश | प्राइज मनी |
|---|---|---|
| विजेता | भारत | 20.36 करोड़ |
| उपविजेता | दक्षिण अफ्रीका | 10.64 करोड़ |
| अंतिम 4 टीम | अफगानिस्तान, इंग्लैंड | 6.54 करोड़ |
| सुपर-8 | ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, वेस्टइंडीज, अमेरिका | 3.17 करोड़ |
| 9 से 12वें | टीम | 2.05 करोड़ |
| 13 से 20वें | टीम | 1.87 करोड़ |

## सूर्यकुमार बने 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक'



भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक' चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा 'भेड़ियों के झुंड' से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## खबर संक्षेप



### प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया

**बुकारेस्ट।** जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढ़त हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

### यह दिल को झकझोरने वाली हार : मारक्रम



**ब्रिजटाउन।** टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जतायी कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। मारक्रम ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की। यह हार चुभने वाली है लेकिन इससे आने वाले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम की भूख बढ़ेगी।'

### इंग्लैंड टीम से बेयरस्टो फोक्स और लीच बाहर



**लंदन।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से पहले अपनी टेस्ट टीम से जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स और जैक लीच को बाहर कर दिया। पहले दो टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम में इंग्लैंड ने तीन 'अनकैप्ड' खिलाड़ियों को शामिल किया है जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और डिलन पेनिंगटन शामिल हैं। लीच की जगह युवा स्पिनर शोएब बशीर को टीम में शामिल किया गया है। जेम्स एंडरसन को चुना गया है लेकिन यह 41 वर्षीय तेज गेंदबाज संन्यास लेने से पहले 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ही खेलेगा।

कोपा अमेरिका

## मेसी के बिना अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

लौरेंटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेसी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

### कनाडा क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

*ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।*

### यूरो 2024 : जर्मनी फाइनल से दो जीत दूर

*डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मन टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।*

## 5.3 करोड़ दर्शकों ने देखा भारत दक्षिण अफ्रीका का फाइनल मैच

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को दुनियाभर में देखा गया। टीम इंडिया की जीत पर क्रिकेट फैन्स से जमकर जश्न मनाया। मैच के दौरान जहां बारबाडोस का स्टेडियम पूरी तरह से भरा हुआ था, वहीं लोगों ने मैच का आनंद अपने टीवी और लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए भी देखा। मैच में कई सारे रिकॉर्ड बने, तो कई टूटे भी। इस दौरान दर्शकों ने भी खास रिकॉर्ड अपने नाम किया।

टी20 विश्व कप फाइनल मैच को ओटीटी स्ट्रीमिंग मंच पर 5.3 करोड़ लोगों ने देखा। हालांकि यह आंकड़ा पिछले साल नवंबर में हुए एकदिवसीय विश्वकप फाइनल मैच के रिकॉर्ड दर्शकों से कम रहा। पिछले साल 20 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 50 ओवरों के प्रारूप के फाइनल मैच को देखने वालों की अधिकतम संख्या 5.9 करोड़ थी। हालांकि मेजबान देश भारत हार गया था।

## राणा के आठ विकेट, दक्षिण अफ्रीका के फॉलोऑन के बाद दो विकेट पर 232 रन

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



स्पिनर स्नेह राणा के आठ विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत के फॉलोऑन देने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन शीर्ष क्रम बल्लेबाज सुने लुस के शतक से दूसरी पारी में वापसी करने करते हुए दो विकेट पर 232 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत से 105 रन से पीछे है।

इससे पहले स्नेह राणा ने 77 रन देकर आठ विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी महज 266 रन पर सिमट गई। लुस ने 203 गेंद की पारी में 18 चौके की मदद से 109 रन बनाए। उन्हें कप्तान लौरा वुलवार्ट (नाबाद 93 रन) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 190 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका का संघर्ष जारी है। राणा का यह प्रदर्शन भारत की नीतू डेविड (53 रन पर आठ विकेट) और ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर (66 रन पर आठ विकेट) के बाद महिला टेस्ट की एक पारी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। भारत ने पहली पारी में 337 रन की विशाल बढ़त के बाद दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन दिया।

## दक्षिण अफ्रीका के प्रशंसकों ने भारत के साथ अपनी टीम की सराहना की



एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका करीबी अंतर से टी20 विश्व कप खिताब जीतने से चूक गया लेकिन उसके प्रशंसकों ने पहली बार किसी विश्व कप के फाइनल में पहुंचने पर टीम को बधाई देने के साथ चैम्पियन भारतीय टीम की भी सराहना की। दक्षिण अफ्रीका के इकलौते राष्ट्रीय भारतीय रेडियो स्टेशन, लोटस एफएम पर पूर्व खेल प्रस्तोता, विमला फ्रैंक ने कहा, 'हमने प्रोटियाज के फाइनल में पहुंचने के लिए बहुत लंबे समय तक इंतजार किया और हम सभी वास्तव में उम्मीद कर रहे थे कि वे खिताब लेकर आएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ इसका मतलब यह नहीं है कि हम इस अभियान का इसका हिस्सा नहीं हैं।

फाइनल में पहुंचकर इन खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए जो किया वह बहुत मायने रखता है। हमें उन पर गर्व है। मैं भारतीय मूल की हूं लेकिन पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की समर्थक हूं। मैं भारतीय टीम की सफलता से खुश हूं।'

## कौशल को निखारने पर सिंधू का फोकस

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं लेकिन उन्हें महसूस होता है कि ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें और अधिक 'चतुर ' होने की जरूरत है। रियो और टोक्यो में पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का लक्ष्य तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का है। सिंधू ने भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय ओलंपिक संघ और भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित बातचीत के दौरान कहा, 'यह चुनौतीपूर्ण है। यह आसान नहीं है, पर असंभव भी नहीं है।'



## पंड्या बोले- जो मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते उन्होंने इतना कुछ कहा



एजेंसी ▶▶| बारबाडोस

भारत को टी20 विश्व कप के फाइनल में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का अनुभव आईपीएल 2024 में अच्छा नहीं रहा था। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर उनकी नाकामी के बाद प्रशंसकों ने उन्हें निशाने पर लिया था। यहां तक कि मैदान पर उनकी जमकर हूटिंग भी की गई थी। टी20 विश्व कप फाइनल में हार्दिक ने अपने प्रदर्शन से आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। हार्दिक ने आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन नहीं बनाने दिए।

हार्दिक ने कहा, मैं गरिमा में विश्वास करता हूं। जो लोग मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते, उन्होंने इतना कुछ कहा। लोगों ने बोला लेकिन कोई बात नहीं। मेरा हमेशा मानना है कि शब्दों से जवाब नहीं देना चाहिए, हालात जवाब दे देते हैं। खराब समय हमेशा नहीं रहता। गरिमा बनाए रखना जरूरी है, चाहे आप जीतें या हारें। प्रशंसकों और सभी को शालीनता से रहना सीखना होगा। हमें बेहतर आचरण रखना चाहिए। मुझे यकीन है कि अब वे ही लोग खुश होंगे। ईमानदारी से कहूं तो मुझे मजा आ रहा था। बहुत कम लोगों को ऐसे जिंदगी बदलने वाले मौके मिलते हैं। यह दांव उलटा भी पड़ सकता था लेकिन मैं आधा भरा गिलास देखता हूं, आधा खाली नहीं। मैं दबाव नहीं ले रहा था और अपने कौशल पर भरोसा था। यह पल हमारी किस्मत में लिखा था।

### युवाओं को सपने पूरे करने की दिशा में मिलेगी प्रेरणा


# चैंपियन बनने पर क्रिकेट जगत ने दी टीम इंडिया को बधाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पहले टी20 विश्व चैंपियन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर समेत मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा कि इससे बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढाने की प्रेरणा मिलेगी। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहला टी20 विश्व कप जीता था।


महान क्रिकेटर तेंदुलकर 2007 वनडे विश्व कप की टीम का हिस्सा थे जो वेस्टइंडीज में हुए इस टूर्नामेंट से पहले दौर में बाहर हो गई थी। तेंदुलकर ने कहा, 'वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। 2007 वनडे विश्व कप में पहले दौर में हारने से अब 2024 में टी20 विश्व कप जीतने तक। मैं अपने दोस्त राहुल द्रविड़ के लिए बहुत खुश हूं जो 2011 विश्व कप में नहीं थे लेकिन इस टी20 विश्व कप जीत में उसका अहम योगदान है।'

### सोशल मीडिया पर बधाईयों का तांता



'विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। शांतिचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रखकर शानदार प्रदर्शन किया। देश में और दुनिया भर में सभी भारतीयों की ओर से विश्व कप घर लाने की बधाई। जन्मदिन के शानदार उपहार के लिए धन्यवाद।'

- एमएस धोनी



'देश को चौथा सितारा मिल गया है (1983, 2007, 2011 विश्व कप के बाद)। टीम इंडिया की जर्सी पर लगने वाला हर स्टार देश के बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने की प्रेरणा देगा। भारत को चौथा स्टार मिल गया। हमारा दूसरा टी20 विश्व कप।'

सचिन तेंदुलकर




'लंबे समय बाद शानदार जीत। पहले मैं कहता था कि भारतीय टीम 90 पर आउट हो जा रही है, शतक नहीं बना पा रही क्योंकि सेमीफाइनल, फाइनल में हार रही थी। अब शतक बनाया है और शानदार शतक।'

- सुनील गावस्कर



'टीम इंडिया को टी20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अपराजेय टीम। पांच ओवर बाकी रहते जो हालात थे, उसके बाद इस तरह का शानदार प्रदर्शन। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।'

- वीवीएस लक्ष्मण



'आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिये बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तान। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।'

- युवराज सिंह



रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर , हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।'

- सौरव गांगुली

# मिशन भोपाल 2047 के तहत शहर को बनाना है इंटेलेक्चुअल सिटी: शशिधर

## भोपाल इंटरनेशनल सेंटर के संस्थापक ने मिशन भोपाल 2047 के विजन के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल इंटरनेशनल सेंटर द्वारा रविवार को एक निजी रेस्त्रां में संस्था के संस्थापक शशिधर कपूर ने मीडिया से मिशन भोपाल 2047 पर बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसी भी सिटी के प्लान को तैयार करने से पहले सभी बातों पर बारीकियों से ध्यान देने की जरूरत है। शशिधर कपूर ने बताया कि विजन प्लान से पहले आना चाहिए, पहली मर्तबा ऐसा हुआ है कि शहर के नागरिकों ने सरकार से पूर्व अपना विजन प्रस्तुत किया है। संस्था की सह संस्थापक प्रीति त्रिपाठी ने कहा कि भोपाल खूबसूरती की निशानी है और इसको ऐसे ही बरकरार रखना चाहिए। जिससे पर्यावरण को किसी भी तरह का नुकसान न हो इस बात पर ध्यान देना जरूरी है। इस मौके पर जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) पीके बिस्वास भी मौजूद थे। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय महोत्सव एवं परिसंवाद महोत्सव को झलकियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।




### 1 नवंबर को फाइनल नागरिक विजन पत्र किया जाएगा प्रस्तुत

*शशिधर कपूर ने बताया कि 'नागरिक विजन-मिशन भोपाल 2047' को लेकर अभी मात्र एक ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। अगले कुछ महीनों तक चर्चा एवं वार्ता के बाद 1 नवंबर को भोपाल स्थापना दिवस पर फाइनल नागरिक विजन पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। भोपाल में पहली स्मार्ट सिटी बीएचईएल रही, भोपाल पहले से ही स्मार्ट है शशिधर ने बताया कि किसी भी शहर को विकसित करने के लिए उसकी पहचान को नहीं खोना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर हमारे पास सड़क देखने को मिल रही है। भोपाल में स्मार्ट सिटी बहुत साल पहले बनकर तैयार हो गई थी उसका नाम है बीएचईएल। मिनी स्मार्ट सिटी के नाम पर जीटीवी कांप्लेक्स तैयार हुआ। भोपाल में पहले से स्मार्ट सिटी है, हमें किसी से सिखना नहीं बल्कि लोगों को सिखाना है। इतने सालों में स्मार्ट सिटी में लोगों को क्या देखने को मिल रहा है। इसको लोगों को स्वयं से विचार करना होगा।*

### विजन-मिशन 2047 का विवरण

*शशिधर कपूर ने प्रारूप नागरिक विजन-मिशन भोपाल 2047 के बारे में विवरण देते हुए बताया कि जो भी अच्छी एवं विशेष पहलू है उन्हें कैसे बचाया जाए, संरक्षित किया जाए। प्लान से पहले-किस पहलू को हर हाल में बचाना है, प्लान के बाद क्या नहीं बनाने देना है। मिशन को जमीनी स्तर पर तैयार किया होता है। शहर और नागरिकों की विशेष पहचान के आधार पर उससे बचने के लिए मिशन बनता है। मिशन का सर्वाधिक महत्व हाशिए के लोगों के लिए हैं। दूरदराज एवं दुर्गम स्थानों के लिए मिशन का सर्वाधिक महत्व है।*

### मिशन 2047 में इन बातों पर दिया जाएगा ध्यान

#### आधारभूत आवश्यकताओं से लेकर जरूरतों तक का जिक्र

- भोपाल की विशेष त्रिवेणी संस्कृति को संजोना
- त्रिवेणी साहित्य को बरकरार रखना (हिन्दी, उर्दू एवं जनजातीय साहित्य)
- हेरिटेज को बचाना (केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेरिटेज हाईटेक सिटी की बात की थी
- क्वीन बेगम के शहर की पहचान बनाए रखना (बेगमों एवं रानी का शहर)
- भोपाल के वेटलैंड्स को बचाना (शहर के पर्यावरण को बचाना)
- भोपाल में माकूल वेस्ट मैनेजमेंट
- भोपाल को एक सृजनात्मक शहर बनाना (एक तरह से भारत भवन की परंपरा में अन्य पक्ष जोड़ते हुए आगे बढ़ाना
- भोपाल को मध्य भारत का एक 'हेल्थ हब बनाना'

## खबर संक्षेप



### हिंदी भवन में 'प्रोजेक्टर' का लोकार्पण, इतिहास की दी गई जानकारी

**भोपाल।** हिंदी भवन में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी अब प्रोजेक्टर के माध्यम से भी प्रस्तुत की जा सकेगी। लंबे समय से इसकी कमी महसूस की जा रही थी। रविवार को यह कमी पूरी हो गई। प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एनडी गार्गव के सौजन्य से महादेवी वर्मा कक्ष में नया स्थापित प्रोजेक्टर का विधिवत लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के बाद पहला पावर पाइंट प्रेजेंटेशन भी डॉ. गार्गव ने ही प्रस्तुत किया। उन्होंने 'महात्मा गांधीः एक विचार' शीर्षक की प्रस्तुति दी। विषय पर विचार रखते हुए डॉ. गार्गव ने महात्मा गांधी द्वारा किए गए चंपारण सत्याग्रह की सचित्र जानकारी दी। महात्मा गांधी का चंपारण सत्याग्रह ने 15 अगस्त की नींव रखी उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी का चंपारण सत्याग्रह ही वह आंदोलन था। जिसने '15 अगस्त' की नींव रखी। यही वह आंदोलन था जहां से एक मानव के महामानव बनने की यात्रा शुरु होती है।

### मनोज जैन मधुर को 'माहेश्वर तिवारी स्मृति नवगीत-सृजन सम्मान'



**भोपाल।** मुरादाबाद की साहित्यिक संस्था 'अक्षरा' की ओर से 22 जुलाई को कीर्तिशेष नवगीतकार माहेश्वर तिवारी की जन्म जयंती समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। जिसमें भोपाल के प्रसिद्ध नवगीतकार मनोज जैन मधुर को 'माहेश्वर तिवारी स्मृति नवगीत-सृजन सम्मान' तथा मुरादाबाद के वरिष्ठ उस्ताद शायर जमीर दरवेश साहब को 'माहेश्वर तिवारी स्मृति गजल-सृजन सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में कीर्तिशेष नवगीतकार माहेश्वर तिवारी की पत्नी बाल सुंदरी तिवारी, पुत्र समीर तिवारी एवं संस्था 'अक्षरा' के संयोजक योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' ने बताया कि यह कार्यक्रम 22 जुलाई को माहेश्वर तिवारी के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता रहा है, किन्तु इस वर्ष गत 16 अप्रैल को उनके निधन के पश्चात उनकी जन्म जयंती के रूप में मनाया जाएगा।

### तकनीकी उत्साही लोगों को मिली सफलता

**भोपाल।** कौशल को अवसरों से जोड़ने के लिए समर्पित मसाई ने देश में 4000 से अधिक छात्रों को उनके सपने साकार करने में मदद की है। प्रदेश के उज्जैन के पास घाटिया में बड़े होते हुए, वैवभ मसाई का प्रारंभिक जीवन चुनौतियों से भरा था। इसके बावजूद, कम्प्यूटर साइंस के प्रति वैभव का जुनून अडिग रहा किया। उन्होंने काम और पढ़ाई को संतुलित किया, एक डिप्लोमा अर्जित किया, जबकि गणित शिक्षक और ड्राइवर के रूप में काम किया। वैभव के अनूठे पे-आफ्टर-प्लेसमेंट मॉडल के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिसने अपने सपनों का करियर बनाने के लिए वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान की।

## राज्य संग्रहालय में मनाया जन परिषद का 35वां वार्षिक समारोह

# लोगों को जोड़ने की कला जन परिषद के परिवार में है: शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य संग्रहालय में रविवार को जन परिषद ने अपना 35वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर एवं वरिष्ठ पूर्व आईपीएस अधिकारी ऋषि शुक्ला ने जन परिषद के संदर्भ में कहा कि लोगों को जोड़ने और लंबे समय तक जोड़े रखने की जो कला जन परिषद परिवार में है, वह निश्चित रूप से अत्याधिक बिरला गुण है और शायद यही उनकी सफलता का कारण भी।

वरिष्ठ रंगकर्मी एवं फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा ने जन परिषद के संदर्भ में विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि बैतूल जैसे छोटे से शहर से पल्लवित होकर, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक का सफर, सक्रियता और संकल्प का परिणाम है। स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष और पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने दिया। संचालन रामजी श्रीवास्तव ने प्रतिवेदन वाचन अजय श्रीवास्तव नीलू ने एवं आभार प्रदर्शन महेंद्र जोशी ने किया।



### सोशल क्राउन की सही हकदार है जन परिषद: आशिता

*इस अवसर पर मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी आशिता कोचर ने कहा कि सीमित साधनों के बावजूद, संस्थाओं की कार्यप्रणाली और उपलब्धियों के आधार पर यदि कोई अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता हो, तो मेरी मान्यता है कि जन परिषद निश्चित रूप से सामाजिक क्राउन की हकदार होगी। समारोह में कुछ उपलब्धि प्राप्त व्यक्तित्वों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व आईएएस अधिकारी अजात शत्रु श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस अधिकारीगण एस के मिश्रा, जीपी श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, पूर्व एपीसीसीएफ अखिलेश अर्गल और गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।*



## 'संभावना' गतिविधि में घसियाबाजा नृत्य की प्रस्तुति

जनजातीय संग्रहालय में यादगार प्रस्तुतियां

# घसियाबाजा नृत्य में लौहाटी दिखे डपला, गुदुम वाद्य यंत्र ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रविवार को दोपहर 2 बजे से लालबहादुर घासी एवं साथी द्वारा घसियाबाजा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में प्रति रविवार आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होगा। जिन्हें देख श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई। जिसे देखना वहां आए लोगों के लिए उत्साहपूर्वक रहा।





*विवाह एवं तीज त्यौहारों पर किया जाता है आमंत्रित*

यह नृत्य प्रस्तुतियां संग्रहालय परिसर में आयोजित की गई। गतिविधि में लालबहादुर घासी एवं साथी द्वारा घसियाबाजा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सरगुजा जिले के सुदूर ग्रामीण अंचल में रहने वाले विशेष कर घासी जाति का यह परम्परागत नृत्य एवं जीविका का साधन है। इसमें लौहाटी, शहनाई, टिमकी एवं डपला, गुदुम आदि वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाता है। विवाह एवं तीज त्यौहारों पर इन्हें आमंत्रित किया जाता है। सरगुजा की जनजातियों के लिए इस वाद्य का उतना ही महत्व है, जितना की शहरों की बैण्ड पार्टी का महत्व होता है।

## तुलसी साहित्य अकादमी में पावस गोष्ठी

# 'बदरिया बरसो वीरन के देश'...ने खींचा ध्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी भोपाल की 'बदरिया बरसो वीरन के देश' पर केन्द्रित पावस काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। सृजन श्रृंखला 40 में आयोजित इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सेवानिवृत्ति संयुक्त संचालक शिक्षा डॉ. राजेश तिवारी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. विमल शर्मा कुलपति रहे, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार समीक्षक व्यंग्यकार गोपाल सोनी और सारस्वत अतिथि सेवानिवृत कर्नल डॉ. गिरिजेश सक्सेना रहे। इस गोष्ठी में कल 35 रचनाकारों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का पाठ किया। मंचस्थ अतिथियां द्वारा माता सरस्वती के पूजन वंदन के बाद दुर्गा रानी श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती का पाठ किया। सर्वप्रथम कमलेश नूर ने अपनी गजल प्रस्तुत की, जिसमें 'पेड़ जब कोई लगा सकते नहीं हो तुम यहां। पेड़ मत काटो कोई भी कम से कम इतना करो।

## नाटक 'पति गए री काठियावाड़' का दिलचस्प मंचन

# 'समाज में पुरुषों की मानसिकता खुद को बड़ा साबित करने की रहती है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहीद भवन में चल रहे हृदय मंच नाट्य समारोह के अंतिम दिन रविवार को नाटक 'पति गए री काठियावाड़' नाटक का मंचन किया गया। नाटक का नाट्य रूपांतरण सुधीर कुलकर्णी ने किया और निर्देशन अजीत चौधरी ने किया। नाटक मराठवाड़ा की लोककथा पर बनाया गया है, जो कि कॉमेडी से भरपूर है, जिसके कई दृश्यों पर लोगों को हंसने का मौका मिला। 1 घंटे 30 मिनट के इस नाटक में 9 लोगों ने अभिनय किया। नाटक के जरिए सामाजिक सोच पर प्रहार किया गया है। पुरुषों की मानसिकता खुद को बड़ा साबित करने की रहती है, जिसके कारण वह पत्नी की हमेशा परीक्षा लेने के प्लान बनाता है। नाटक के जरिए ऐसी महिला को दिखाया गया है जोकि जिद की पक्की है और ईमानदार भी है।



### पति की शर्त पर पत्नी बना देती है शीशमहल



पत्नी की निष्ठा के साथ काम करने से पति हार जाता है शर्त नाटक में सूबेदार सरजेराव लंबे समय के बाद काठियावाड़ जाता है। उनकी पत्नी बहुत ज्यादा पतिव्रता है, वह चाहती है कि उसका पति वापस जाने से पहले उसे कोई काम दे जाए, ताकि उसे करते हुए उसका दिल लगा रहे और पति की याद भी नहीं आए। सूबेदार उसे एक शीशमहल बनवाने तथा उन्हें उनका वारिस देने की बात कहता हैं। पत्नी पूरी निष्ठा के साथ काम करती है और पति शर्त हार जाता है। अंत में पति पूछता है कि आखिर तूने यह सब कैसे करके दिखाया। जिस पर पत्नी बताती है कि शर्त तय होने से पहले ही वह गर्भवती हो चुकी थी और शीशमहल निर्माण के लिए मैंने घर में रखे हुए सामान का इस्तेमाल किया और खुद ही उसे बनाया।

# सूफी लोग समाज को नया दृष्टिकोण देते है: केजी सुरेश

डॉ. नुसरत मेहदी की पुस्तक 'द्वैत से अद्वैत की ओर' का लोकार्पण



**भोपाल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् भोपाल इकाई एवं माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान मे भारतीय दर्शन अद्वैत वेदान्त की तथ्यपरक समीक्षा एवं शोध पर आधारित डॉ. नुसरत मेहदी की पुस्तक 'द्वैत से अद्वैत की ओर' का लोकार्पण रविवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के एमपी नगर स्थित पुराने भवन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केजी सुरेश ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सूफी लोग समाज को नया दृष्टिकोण देते हैं। सूफियो एक शाखा और उनका अध्यात्म के प्रति रुझान निश्चित रूप से प्रेरित करता है। और यह रुझान अद्वैत से, भारतीय चिंतन से प्रभावित है। यह इस पुस्तक में प्रतिपादित किया गया है।

## येसुदास और वाडकर के गीतों की शाम

# माना हो तुम बेहद हंसी... गा कर समीर ने जीता श्रोताओं का दिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुर सिंगार सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा रविवार को रवींद्र भवन में येसुदास और सुरेश वाडकर के गीतों पर आधारित 'सांझ ढले..., जब दीप जले...' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुंबई के समीर विजय कुमार, पुणे की रसिका रानू ने सरस्वती वंदना के साथ की। इसके बाद पुणे के धवल चांदवडकर ने सुरमयी शाम इस तरह आए..., समीर विजय कुमार ने माना हो तुम बेहद हंसी... गाने से लोगों का दिल जीता। इस दौरान भोपाल की आर्या पुरोहित ने समीर के साथ खुशियों ही खुशियां हो दामन में जिनके... गा कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

## पलाश रेसीडेंसी में मैंगो फूड फेस्ट का समापन

# मेहमानों ने चखा कई तरह के आमों का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पलाश रेसीडेंसीन दिन से चल रहे मैंगो फूड फेस्ट के अंतिम दिन जहां एक ओर मेहमानों को आम से बने स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए, वहीं मेहमानों ने फेस्ट में आयोजित आम बाजार में प्रदर्शित विभिन्न वैरायटी के आम जैसे बादामी, चौसा, लंगड़ा, केसर, आम्रपाली, सफेदा, तोतापरी, दशहरी आम का स्वाद भी देसी अंदाज में खाट पर बैठकर चखा, खासकर बच्चों ने आम की हर वैरायटी के आम का मज़ा लिया। रेसीडेंसी मैनेजर विपिन कटारे ने बताया कि रविवार को इस फेस्ट का समापन हो गया।



### लकी ड्रॉ से निकाले गए बंपर प्राइज के विजेता

*निगम के महाप्रबंधक सैयद आरिफ नकवी ने बताया कि इस तीन दिवसीय फेस्ट में आए मेहमानों ने बंपर प्राइज सहित अन्य उपहार जीते, जो लकी ड्रॉ द्वारा निकाले गए। इसमें फेस्ट के फर्स्ट- डे बंपर प्राइज के विजेता कुलदीप गौर, सेकंड- डे के विजेता रजत खरे रहे। वहीं फेस्ट के अंतिम दिन लकी ड्रॉ के माध्यम से बंपर प्राइज के विजेता बनाए गए। यहां बता दें कि बंपर प्राइज के अंतर्गत विजताओं को पर्यटन निगम के प्रदेश में स्थित किसी भी होटल या रिसॉर्ट में 2 रात 3 दिन का फ्री स्टे का कूपन दिया गया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930